
श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

# दैनिक यशोभूमि

नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

मुंबई, मंगलवार, 20 मई 2025 । ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, अष्टमी



3 कृषि ऋण वितरित करते समय सिबिल स्कोर न पूछें बैंक : सीएम

5 शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 271 अंक टूटा

11 मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त बीएचओ को दिया नियुक्ति पत्र

12 किसानों को सस्ती दर पर सरलता से मिले ऋण : योगी




*फक्त सभासदांकरिता *नियम व अटी लागू

लोकमान्य अक्षय योजना

*10% व्याजदर प्रति वर्ष

१३ महिन्यांच्या ठेवीसह वाढवा आपली संपत्ती!

कालावधी १३ महिने

किमान गुंतवणूक १०,०००/-

ज्येष्ठ नागरिकांसाठी ०.५०% अधिक व्याजदर

स्थापना 1995

लोकमान्य मल्टिपर्पज को-ऑप. सोसायटी लि. (मल्टी-स्टेट)

प्रधान कार्यालय - पुणे, महाराष्ट्र

महाराष्ट्र • कर्नाटक • गोवा • दिल्ली

Reg. No. M.S.C.S./C.R./140/2002

संस्थापक - अध्यक्ष : श्री. किरण ठाकुर, सल्लागार संपादक, तरुण भारत, बेळगाव.

Call 1800 212 4050 | lokmanyasociety.org



१०वीं और १२वीं के लिए स्पेशल बैच

AI के युग में, आत्मविश्वास से आगे बढ़ें!!

MS-CIT

अंतरराष्ट्रीय स्तर का परिपूर्ण कंप्यूटर कोर्स

आज ही MS-CIT केंद्र से संपर्क करें

mscit.mkcl.org


# 'संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता'

## संसदीय समिति की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर उठे सवाल

**यशोभूमि/एजेंसी, नई दिल्ली। संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है।**



### पाक के संपर्क में थे आतंकी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर सोमवार को एक संसदीय समिति को जानकारी दी। विदेश सचिव ने समिति को जानकारी दी है कि इस हमले में शामिल आतंकियों ने पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड्स से लगातार संपर्क किया था। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकी न केवल खुलेआम घूम रहे हैं, बल्कि भारत के खिलाफ हिंसा भड़काने और आतंकवाद फैलाने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिसरी ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

### बहुत जल्दी पहुंचने का कोई मतलब नहीं

पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा। कुछ टीमें पहले ही रवाना हो रही हैं और इसलिए उन्हें कल अपनी बैठक करनी होगी। लेकिन हमारा प्रतिनिधिमंडल थोड़ा देर से रवाना हो रहा है क्योंकि अमेरिका में मेमोरियल डे वीकेंड है और अमेरिका में संसद का सत्र दो जून तक नहीं है। इसलिए वहां बहुत जल्दी पहुंचने का कोई मतलब नहीं है। इसलिए हम देर से पहुंच रहे हैं और देर से जा रहे हैं। हम 24 मई को रवाना होंगे। हम पहले गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और फिर अंत में अमेरिका जा रहे हैं।

# 'कोई धर्मशाला नहीं है भारत'

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।

# रत्नागिरि : नदी में गिरी कार, पांच लोगों की मौत

यशोभूमि/भाषा

**रत्नागिरि।** रत्नागिरि जिले में सोमवार को सुबह एक कार के सूखी नदी में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब पांच बजकर 45 मिनट पर खेड़ के पास हुई। वाहन पहले डिवाइडर से टकराया और फिर सूखी जगबुडी नदी में गिर गया। उन्होंने बताया कि कार पालघर जिले के नालासोपारा से देवरुख शहर की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में तीन महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मिताली विवेक मोरे (43), मेघा पराडकर (22), सौरभ पराडकर (22), निहार मोरे (19) और श्रेयस सावंत (23) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि खेड़ थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि नदी सूखी होने के कारण वाहन चट्टानों से टकरा गया, जिससे उसमें सवार कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## दो अन्य लोग हुए घायल



# कार-ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत

यशोभूमि/भाषा

**गढ़चिरौली।** गढ़चिरौली जिले में एक राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसपर सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यहां एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर को चारमोशी राजमार्ग पर हुई। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित चारमोशी से आष्टी जा रहे थे, तभी 'यू-टर्न' लेते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि मृतक राजेंद्र नैताम (45), विनोद काटवे (45), सुनील वैरागड़े (55) और अनिल सातपुते (55) सभी गढ़चिरौली के निवासी थे।

# 'आपको शर्म आनी चाहिए'

## विजय शाह को कोर्ट की फटकार

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है।

## जांच के लिए एसआईटी गठित



### पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मंगलवार सुबह 10 बजे तक आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को कहा है। इस दल में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी। यह दल मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज एफआईआर की जांच करेगा। पीठ ने कहा कि एसआईटी की ओर से पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**पलामू।** झारखंड के कई हिस्सों मे सोमवार को तेज बारिश, आंधी और वज्रपात हुआ। मौसम विभाग पहले ही राज्य के 8 जिलों के लिए अलर्ट जारी कर चुका था, लेकिन इसके बावजूद गढ़वा जिले से दुखद हादसे की खबर आई।

गढ़वा जिले में बुधवार को तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हुए हैं। यह घटना उस समय हुई जब लोग अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त थे और अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 22 मई तक झारखंड के कई जिलों में मौसम खराब बना रहेगा।

# 'सिंदूर' का सौदा होता रहा, लेकिन प्रधानमंत्री रहे चुप

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक बार फिर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर केंद्र सरकार और विदेश मंत्री से सवाल किया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद बताया कि हमने हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीति के रणनीतिकारों द्वारा भी लड़े जाते हैं। सेनाएं बहादुरी से सीमाओं पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में बहुत अहम भूमिका उन रणनीतिकारों की भी होती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं।

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



# नदी में डूबने से तीन किशोरों की मौत

यशोभूमि/भाषा

**निवाड़ी।** मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिले में सोमवार को 15 से 17 साल के तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर लुहरगुवा इलाके में वरगी नदी में दोपहर के वक्त हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रोहित (17), रितिक (15) और यशपाल (15) के रूप में हुई है। लुहरगुवा पुलिस चौकी के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक श्यामलाल अहिरवार ने बताया, तीनों रविवार को यहां एक शादी में शामिल होने आए थे। वे नहाने के लिए नदी में गए और डूब गए। ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। रोहित और यशपाल लुहरगुवा इलाके में रहते थे, जबकि रितिक टीकमगढ़ का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



# पंजाब, हरियाणा व उप्र से अब तक 12 जासूस गिरफ्तार

यशोभूमि/भाषा

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पिछले दो सप्ताह में एक यूट्यूबर समेत कम से कम 12 लोगों को पकड़ा गया है। जांच में ये सामने आया है कि वे उत्तर भारत में सक्रिय पड़ोसी देश से जुड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। इनमें से छह को पंजाब से और चार को पड़ोसी राज्य हरियाणा से पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में हरियाणा की यूट्यूबर समेत दो महिलाएं नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के कथित तौर पर संपर्क में थीं।


शेष पृष्ठ 5 पर...


## उत्तर भारत में सक्रिय है जासूसी नेटवर्क



### साझा कर रहे थे गोपनीय विवरण

पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ संवेदनशील सैन्य जानकारी साझा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, 15 मई 2025 को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित गोपनीय विवरण पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ साझा कर रहे थे।


तेजी से आगे बढ़ाएं अपने मार्केट के रिटर्न को

एलआईसी इंडेक्स प्लस

UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873



ऑनलाइन भी उपलब्ध

मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

संक्षिप्त समाचार

## कल ठाणे के कुछ हिस्सों में जलापूर्ति नहीं

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**ठाणे।** ठाणे मनपा की स्वयं की जलापूर्ति योजना के अंतर्गत पिसे टेमघर जल शुद्धिकरण केंद्र में उच्च दाब उप-स्टेशन पर मानसून पूर्व रखरखाव और मरम्मत, नियंत्रण कक्ष की मरम्मत, ट्रांसफार्मर तेल निस्पंदन आदि जैसे आवश्यक कार्य किए जाएंगे, इसलिए बुधवार, 21 मई को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। परिणामस्वरूप मनपा क्षेत्र के अंतर्गत घोड़बंदर रोड, वर्तक नगर, रितु पार्क, जेल, गांधी नगर, रुस्तमजी, सिद्धांचल, समता नगर, इंटरनिटी, जॉनसन और कलवा के कुछ हिस्सों में जलापूर्ति 12 घंटे के लिए पूरी तरह से बंद रहेगी, इसलिए, मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि जलापूर्ति बहाल होने के बाद अगले 1 से 2 दिनों तक जलापूर्ति कम दबाव में रहेगी। मनपा ने नागरिकों से इस दौरान आवश्यक जल का भंडारण कर तथा उसका मितव्ययता से उपयोग कर सहयोग करने की अपील की है।

## ट्रैफिक पुलिस पर हमला करने वाले गिरफ्तार

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भिवंडी।** भिवंडी में हमेशा लगने वाली यातायात जाम जहां सभी के लिए सरदर्द बनी हुई है, वहीं इस जाम को खुलवाकर यातायात सुचारु कर रहे एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी काशीनाथ ईश्वर राठौड़ और वार्डन पर हमला करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के नाम मुशर्रफ जुबेर अंसारी (25), साहिल मोहम्मद कमर बिश्ती (31) और जैद जुबेर अंसारी (20) हैं, जो सांताक्रूज पूर्व, मुंबई के रहने वाले हैं।

## गड्ढे में गिरने से नाबालिग की मौत

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**नवी मुंबई।** घनसोली के तलवली, नोसिल नाका के समीप एक गड्ढे में गिरने से नाबालिग लड़के की मौत होने की घटना घटित हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़का पानी से भरे गड्ढे में गेंद लाने गया, गड्ढे की गहराई का अंदाजा न होने के कारण लड़के की गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। उक्त घटना से पूरे परिसर में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय रहिवासियों ने गड्ढे को तुरंत बंद करने की मांग की है।

## अज्ञात व्यक्तियों ने छीना मोबाइल

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**नवी मुंबई।** अयान विनोद कुमार यादव (16) सुबह 9:51 बजे म्हापे सर्कल के पास पैदल जा रहा था कि दो लोगों ने उससे टाइम पूछा। टाइम देखने के लिए अयान मोबाइल को देख रहा था कि अचानक दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने उसके हाथ से मोबाइल छीन कर भाग गए। अयान उक्त घटना की शिकायत तुर्भे पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## आज से विकलांगता पंजीकरण अभियान

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**पालघर।** जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार, 20 मई से विकलांगता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है, जो 22 मई तक चलेगा। इस अभियान में प्रशासन द्वारा गांव-गांव जाकर पंजीकरण प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने अपील की है कि दिव्यांगजन इस विशेष अभियान का लाभ अवश्य उठाएं। दिव्यांगों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की गई है और कहा गया कि स्वावलंबन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करके दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडी आईडी कार्ड) प्राप्त किया जा सकता है।

## फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**पालघर।** बोईसर- तारापुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ उत्पादन प्रक्रिया के दौरान जहरीली गैस रिसाव से श्रमिकों के जीवन को खतरे में डालने का मामला बोईसर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि शनिवार की देर रात तारापुर औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट संख्या डी-2/3 पर स्थित कैमलिन फाइन साइंस लिमिटेड की केमिकल फैक्ट्री में डाइमिथाइल सल्फेट नामक रसायन लीक हो गया था, जिससे प्रभावित 11 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# कोविड के लिए मनपा सज्ज

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** मुंबई में एक बार फिर कोविड-19 के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मुंबई मनपा ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया है। वर्तमान में उपचार प्राप्त कर रहे

### नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

कोविड रोगियों में हल्के लक्षण हैं और वे सर्दी या खांसी के साथ ठीक हो रहे हैं, लेकिन अन्य देशों में मामलों में वृद्धि को देखते हुए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है, इसलिए, मनपा ने नागरिकों से सतर्क रहने,



घबराने की जरूरत नहीं तथा किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार लेने की अपील की है।

जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 के बीच मुंबई में कोविड मरीजों की संख्या काफी कम थी, हालांकि मई से कुछ मरीजों का पता चला है। मुंबई मनपा ने नागरिकों से सतर्क रहने और नहीं घबराने की अपील की है। यद्यपि केईएम अस्पताल में दो कोविड-19 रोगियों की मृत्यु हो गई, लेकिन यह स्पष्ट किया गया है कि उनकी मृत्यु कोविड के कारण नहीं, बल्कि अन्य गंभीर बीमारियों के कारण हुई। यह मरीज मुंबई से बाहर का था। कोविड -19 के लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे ही हैं, जिनमें खांसी, बुखार, गले में खराश, थकान, शरीर में दर्द और कभी-कभी गंध और स्वाद की क्षमता का खत्म हो जाना शामिल है। गंभीर मामलों में सांस लेना मुश्किल हो जाता है, इसलिए गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### अस्पतालों में बेड किए गए आरक्षित

वर्तमान में मनपा के अस्पतालों में विशेष बिस्तर और कमरे आरक्षित किये गये हैं। सेवन हिल्स अस्पताल में 20 गहन चिकित्सा इकाई बिस्तर, 20 महिलाओं और बच्चों के लिए बिस्तर तथा 60 सामान्य बिस्तर हैं, इसके अलावा कस्तूरबा अस्पताल में 2 गहन देखभाल बिस्तर और 10 बिस्तरों वाला वार्ड भी है। आवश्यकता पड़ने पर इन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### नागरिक क्या करें

**यदि आपको कोविड जैसे लक्षण अनुभव होते हैं, तो नागरिकों को तुरंत मनपा अस्पताल जाना चाहिए। अपनी मर्जी से दवाइयां न लें। डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। मनपा ने अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना, हाथ धोना, दूसरों से दूरी बनाए रखना, उचित आहार और आराम लेना जैसे उपायों का पालन करना आवश्यक है।**

# अमृत भारत योजना: मुंबई के पांच रेलवे स्टेशनों का हुआ कायाकल्प

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** अमृत भारत योजना के तहत देश भर में 1300 स्टेशनों का तेजी से विकास किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में घोषणा की कि पिछले दो वर्षों में कुल स्टेशनों में से 104 का कायाकल्प किया जा चुका है। आवश्यक सेवाओं, नए स्वरूप और आकर्षक प्रवेश द्वारों ने रेलवे स्टेशनों को नया रूप प्रदान किया है। सोमवार, 19 मई को मध्य रेलवे ने चिंचपोकली, वडाला रोड, परेल और माटुंगा स्टेशनों के

### 22 मई को प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

नए उन्नत स्वरूप को देखने के लिए निरीक्षण दौरे का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल निला ने जानकारी दी कि 22 मई को प्रधानमंत्री मुंबई में मध्य रेलवे के पुनर्विकसित किए गए 5 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में रेल मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2022 में शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के तहत देश भर में 1,300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास कर एकीकृत परिवहन केंद्रों में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

**चिंचपोकली**

यहां प्रतिदिन 36, 696 यात्री सफर करते हैं। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण में 11.81 करोड़ रुपए की लागत आई है। स्टेशन पर एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय का नवीनीकरण, नया फर्श लगाने के अलावा पेयजल बूथ और बैठने की व्यवस्था की गई है। दीवारों पर वर्टिकल गार्डन बना कर सुशोभीकरण किया गया है। पैदल यात्री पुल का सौंदर्यीकरण कर रोशनी का उत्तम प्रबंध किया गया।



**परेल**

प्रतिदिन इस स्टेशन से 47,738 यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन के नूतनीकरण की लागत 19.41 करोड़ रुपए आई है। यहां बुकिंग कार्यालय के साथ नया स्टेशन भवन का निर्माण और इसी के ऊपर बाइक पार्किंग की उत्तम व्यवस्था की गई है। नए शौचालय का निर्माण किया गया है।

**माटुंगा स्टेशन**

37,927 यात्री प्रतिदिन यहां से सफर करते हैं। स्टेशन के नूतनीकरण में 17.28 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्लेटफॉर्म पर फर्श का काम, नया शौचालय, एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय का नवीनीकरण, दिव्यांगजनों के दिशा-निर्देशों के अनुसार फर्श में सुधार किए गए हैं। आकर्षक सेल्फी पॉइंट के अलावा वर्टिकल गार्डन का निर्माण किया गया है।

**वडाला रोड**

इस स्टेशन से प्रतिदिन 1,32,680 यात्री सफर करते हैं। स्टेशन के पुनर्विकास में 23.02 करोड़ रुपए का खर्च आया है। क्लेडिंग रूफ के माध्यम से छत को सुशोभित किया गया है। पैदल यात्री पुल का नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण के अलावा नया शौचालय, उत्तम प्रकाश की व्यवस्था, बुकिंग कार्यालय और प्रवेश द्वार संख्या 1 और 2 का नवीनीकरण के अलावा स्टेशन पर अपडेटेड सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**शहाड**

स्टेशन के कायाकल्प में कुल लागत 8.39 करोड़ रुपए आई है। यहां बुकिंग कार्यालय का नवीनीकरण, आरपीएफ कर्मचारियों के लिए कमरे, बुकिंग कार्यालय के सामने नया फर्श, बाइक पार्किंग की व्यवस्था, प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, उद्यान और अन्य भूनिर्माण के कार्य की गए हैं।

### उपलब्ध कराई गई हैं यात्री अनुकूल सुविधाएं

**अमृत भारत योजना के तहत मध्य रेलवे के 80 स्टेशनों में से 12 प्रमुख स्टेशनों का उद्घाटन 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इन 12 स्टेशनों में मुंबई के 5 स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर 138 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक यात्री-अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।**

# 'साहिर स्मृति संध्या' का आयोजन संपन्न



यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** साहिर के बाद साहिर से कोई बड़ा शायर पैदा नहीं हुआ। जिंदगी और समाज के तकाजों को जिस गहराई के साथ महसूस कर उन्होंने अपनी रचनाओं में पिरोया है, वैसी मिसाल दुर्लभ है। 'रसराज' द्वारा आयोजित 'साहिर स्मृति संध्या' में ये विचार वरिष्ठ उर्दू शायर और गीतकार हसन कमाल ने व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के संयोजक और संचालक कवि रासबिहारी पांडे, विजय अकेला, सत्यदेव त्रिपाठी, शाहिद लतीफ ने

### साहिर के बाद साहिर से बड़ा शायर नहीं हुआ: हसन कमाल

अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में दीपक खेर, अनुष्का निकम और रश्मि श्री ने साहिर के फिल्मी गीत प्रस्तुत किए।

पं. विष्णु शर्मा, ओबेद आजमी, नीता वाजपेयी, मधुबाला शुक्ला और प्रज्ञा पद्मजा ने साहिर की नज्में पढ़ीं। कार्यक्रम के दौरान साहिर के निवास स्थान परछाइयां (जुहू) को स्मारक घोषित करने और यहां साहिर संग्रहालय स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को ज्ञापन देने पर भी चर्चा हुई।

## रोजगार मेले का आयोजन संपन्न

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**कल्याण।** कल्याण पूर्व में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए, लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम युवकों को रोजगार तलाशने का मौका मिला। पूर्व विधायक एवं कल्याण राकांपा के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ (अप्पा) शिंदे ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह उपक्रम आयोजित किया गया है ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके, जिसमें कई नामी और बड़ी कम्पनियों को शामिल किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 5 वीं से एम.काम, एमबीए और इंजीनियरिंग तक के छात्रों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

# महावितरण के गडकरी उप-विभाग को मिला प्रथम स्थान

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**ठाणे।** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दस अलग-अलग विषयों पर 100 दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम की घोषणा की थी। राजस्व विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्यालयों के परिणाम

### सर्वश्रेष्ठ कार्यालयों के परिणाम घोषित किए गए

घोषित किए गए। इसमें कोंकण क्षेत्र से महावितरण के भांडुप मंडल के ठाणे गडकरी उपविभाग ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कल्याण उप विभाग ने दूसरा तथा लोटे उप विभाग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने 100 दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम शुरू किया था। यह पहल राज्य के सभी 358 तहसीलों के 10,000 सरकारी कार्यालयों में लागू की गई। सभी सरकारी विभागों के प्रत्येक राजस्व प्रभाग में शीर्ष तीन तालुका कार्यालयों की घोषणा की गई, और कोंकण प्रभाग से महावितरण के गडकरी उप विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महावितरण के कोंकण प्रभाग के क्षेत्रीय निदेशक दिलीप जगदाले,



भांडुप सर्कल के मुख्य अभियंता संजय पाटिल ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महावितरण के गडकरी उप विभाग के अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता धोंडीबा गायकवाड़, उनके अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य कार्यालयों को भी बधाई दी।

## नाबालिग लड़की का अपहरण

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भिवंडी।** भिवंडी पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में नाबालिग लड़कियों के अपहरण की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। इससे माता-पिता के मन में चिंता का माहौल है। शनिवार को एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कामतघर हनुमान नगर इलाके की एक चाल में रहने वाले मजदूर कमलेश गुप्ता काम पर गए थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनकी नाबालिग 14 वर्षीय बेटी रिया घर से निकल गई। इस मामले में काफी तलाश करने के बाद भी जब लड़की नहीं मिली, तो पिता कमलेश गुप्ता की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी रिया को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक विजय कोली कर रहे हैं।

# छात्रों के लिए ऑफलाइन सेवा शुरू करने की मांग

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**वसई।** पालघर जिले के आदिवासी और ग्रामीण इलाकों के

### गांवों में रहने वाले कई छात्रों के पास इंटरनेट सुविधा नहीं

छात्रों को 11वीं कक्षा में प्रवेश के दौरान इंटरनेट की कमी के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा संचालनालय द्वारा 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रणाली लागू की गई है, लेकिन जिले के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी पर्याप्त इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए पालघर के सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सवरा ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से मांग की है कि छात्रों की सुविधा



के लिए ऑफलाइन सेवा भी शुरू की जाए। सांसद डॉ. सवरा ने बताया कि जिले के दूरदराज और आर्थिक रूप से पिछड़े गांवों में रहने वाले कई छात्रों के पास न तो इंटरनेट है और न ही स्मार्टफोन, ऐसे में वे ऑनलाइन फॉर्म भरने में असमर्थ हैं, जिससे उन्हें 11वीं में प्रवेश नहीं मिल पा रहा। यदि जल्द ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो हजारों छात्र-छात्राओं का पूरा शैक्षणिक वर्ष खतरे में पड़ सकता है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए सांसद सवरा ने सरकार से मांग की है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से ऑफलाइन प्रवेश सेवा शुरू की जाए, ताकि हर विद्यार्थी को शिक्षा का समान अवसर मिल सके।

# हमारा अस्तित्व ही गौमाता के कारण है: राज्यसभा के उपसभापति

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भाईंदर।** राज्यसभा के उपसभापति घनश्याम तिवाड़ी ने 18 मई को भाईंदर शहर के दौरे के दौरान गोशाला में जाकर गौसेवा की। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय से सम्बंधित लोगों की भ्रांतियां दूर करने के साथ-साथ इसके महत्व को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संसद का एक संयुक्त सदस्यीय दल महाराष्ट्र दौरे पर है। भाईंदर शहर में सीकर नागरिक परिषद और राजस्थानी जनजागरण सेवा संस्था द्वारा माहेश्वरी भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर घनश्याम तिवाड़ी



का सम्मान किया गया। सत्कार के पूर्व सांसद ने श्री बालाजी गौशाला में जाकर गौ सेवा की और उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व ही गौमाता के कारण है। गौमाता की सेवा करने से हमें सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्त होती है। हर सनातनी को गौमाता को संरक्षित करने और उसकी सेवा करने की दिशा में सतत कार्य करते रहना चाहिए। आज आधुनिक विज्ञान ने भी गौ माता के महत्व को माना है।

# मनपा: झोपड़पट्टियों के पुनर्विकास का मार्ग प्रशस्त

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** शहर में बृहन्मुम्बई महानगरपालिका (मनपा) के 64 भूखंडों पर बनी झुग्गियों का पुनर्विकास का रास्ता साफ़ हो गया है। इससे 64 रुकी हुई योजनाओं

### डेवलपर्स से मंगवाई गई ईओआई

के लगभग 51,582 झुग्गीवासियों को राहत मिलेगी। इन झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए योग्य और अनुभवी डेवलपर्स से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की गई है। यह प्रक्रिया डीसीपीआर 2034 के अंतर्गत विनियमन 33(10) के अनुसार क्रियान्वित की जाएगी।

मुंबई शहर और उसके पश्चिमी तथा पूर्वी उपनगरों के विभिन्न भागों में मनपा द्वारा आरक्षित 64 भूखंडों पर लगभग 51,582 झोपड़ियां हैं। अब राज्य सरकार ने मनपा को इन झुग्गियों के पुनर्वास का आदेश दिया है, तदनुसार मनपा ने इस भूखंड पर झुग्गीवासियों की योजनाओं की जांच और एक डेवलपर की नियुक्ति शुरू कर दी है। इस भूखंड पर झुग्गीवासियों की योजना के विकासकर्ताओं को



झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) द्वारा दिनांक 13/2 को नोटिस जारी कर समाप्त (रद्द) कर दिया गया है। इसके कारण, मनपा अब संयुक्त भागीदारी के आधार पर इन 64 योजनाओं में झुग्गीवासियों का पुनर्विकास करेगी। राज्य सरकार ने ऐसी मंजूरी दे दी है।

# इकट्ठा किए गए कचरे को उठाने की मांग

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**कल्याण।** कल्याण पूर्व क्षेत्र बना कचरों का ढेर जिधर देखो वहीं पर सड़क किनारे कचरा पड़ा हुआ है। मनपा द्वारा साफ सफाई के बड़े-बड़े किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### कचरों के ढेर से आ रही दुर्गंध

इन फैले कचरों के ढेर से आ रही दुर्गंध से स्थानीय निवासी व स्कूली बच्चे परेशान हैं। पिसवली में एक डेंटल क्लीनिक के सामने नाले की सफाई कर कचरे को वहीं छोड़ दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता गायत्री प्रसाद दुबे ने बताया कि एक सप्ताह से ऊपर हो गया, लेकिन अभी तक कचरे का ढेर नहीं हटाया गया, मनपा के संबंधित सफाई कर्मी से



भी संपर्क किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कल्याण पूर्व के पूना लिंक रोड पर विजयनगर के पास सड़क के किनारे कचरे का अंबार लगा हुआ है। इन कचरों की वजह से दुर्गंध फैल रही है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। बताया जाता है कि नियमित रूप से कचरे का प्रबंधन नहीं किए जाने से कल्याण पूर्व में कई जगहों पर कचरों का ढेर लगा हुआ है। कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका घन कचरा उपायुक्त अतुल पाटिल ने बताया कि वार्ड 4 जे में नालों की सफाई करने से कचरा इक्कठा हुआ है, जिसको साफ करने का कार्य चल रहा है, कहीं और दिक्कत है तो उसका भी जल्द से जल्द हो जाएगा।

# मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाली गई

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**उल्हासनगर।** शिवसेना (शिंदे गुट) द्वारा सोमवार को पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का विरोध करने, शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और सीमा पर सेवा कर रहे जवानों को समर्थन देने के लिए उल्हासनगर में विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। यह रैली उल्हासनगर 5 कैलाश कॉलोनी से निकाली गई और एक नंबर पुलिस स्टेशन मार्ग होते हुए बिर्ला गेट नीलकंठेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई। इस रैली में शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, युवासेना कल्याण लोकसभा सचिव हरजिंदर सिंह भुल्लर विक्की, उप जिला प्रमुख अरुण आशान, दिलीप गायकवाड़, महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, रमेश चव्हाण, तिरुपति रेड्डी, महिला शहर संगठक श्रीमती मनीषा भानुशाली, उत्तर भारतीय शहर संगठक के. डी. तिवारी, पूर्व

बता दें कि शनिवार को भाजपा शहर अध्यक्ष राजेश वधारिया के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी,



नगरसेवक कलवंत सिंह सोहता व शिवसेना के पदाधिकारी, देशभक्त नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिसमें भाजपा नेता प्रकाश माखीजा, विधायक कुमार आयलानी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## नरेश म्हस्के ने मीरा रोड स्टेशन का किया दौरा

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**भाईंदर।** सांसद नरेश म्हस्के ने मीरा रोड और भाईंदर स्टेशन का निरीक्षण दौरा कर रेलवे के संबंधित अधिकारियों को तीनों स्टेशनों पर चल रहे लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद नरेश म्हस्के ने शहर के सभी स्टेशन परिसरों की स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा हेतु किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यात्रियों के साथ ट्रेन में भाईंदर से मीरा रोड तक सफर कर उनकी समस्याओं को जाना, स्थानीय यात्रियों से खुली चर्चा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उत्तर प्रदेश और राजस्थान जाने वाली लम्बी दूरी की ट्रेनों को उनकी सहूलियत हेतु मीरा रोड एवं भाईंदर स्टेशन पर रुकने की मांग की। चर्चा के दरमियान सांसद ने उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

# महारेरा में अब 50 हजार एजेंट पंजीकृत

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** महारेरा के साथ पंजीकृत आवास परियोजनाओं की संख्या हाल ही में 50,000 का आंकड़ा पार करने के बाद रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एजेंटों की संख्या भी महाराष्ट्र में 50,000 का आंकड़ा

### 125 से 150 महत्वपूर्ण शहर हैं शामिल

पार कर गई है। इसमें न केवल प्रदेश बल्कि दिल्ली, गुड़गांव, प्रयागराज, हैदराबाद, बेंगलुरु, कांचीपुरम, नैनीताल, गोवा, अहमदाबाद, पटना, जम्मू, इंदौर जैसे करीब 125 से 150 महत्वपूर्ण शहर भी शामिल हैं। वर्तमान में, महारेरा में 50,673 एजेंट पंजीकृत हैं। इनमें से 31,980 एजेंट सक्रिय हैं और 18,693 एजेंटों का पंजीकरण विभिन्न कारणों से महारेरा द्वारा



रद्द कर दिया गया है।

हमेशा की तरह, कोंकण, जिसमें मुंबई महानगरीय क्षेत्र भी शामिल है, में एजेंटों की संख्या सबसे अधिक 21,050 है। इसके बाद पुणे क्षेत्र में 8205, नागपुर क्षेत्र में 1504, उत्तर महाराष्ट्र में 490, संभाजीनगर क्षेत्र में 343 और अमरावती क्षेत्र में 237 एजेंट पंजीकृत हैं। उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखते हुए, महारेरा ने एजेंटों के लिए प्रशिक्षण और प्रमाणन अनिवार्य कर दिया है। 18,693 में से कुछ को यह प्रमाण पत्र नहीं मिला है और कुछ ने अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है, इसलिए, उनका पंजीकरण रद्द कर दिया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## वडेट्टीवार ने की प्रोटोकॉल के उल्लंघन की आलोचना

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई की राज्य की हालिया यात्रा के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रोटोकॉल के उल्लंघन की आलोचना की है। महाराष्ट्र सरकार के शीर्ष अधिकारी नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश गवई की पहली यात्रा के दौरान रविवार को मुंबई में आयोजित एक समारोह में शामिल नहीं हुए थे। वडेट्टीवार ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि महाराष्ट्र का एक बेटा अपनी जिद और दृढ़ता के बल पर देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद तक पहुंचता है और अपने ही राज्य में सरकार द्वारा अपमानित होता है।

## 100 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**यशोभूमि/भाषा**

**ठाणे।** ठाणे जिले में कथित तौर पर बिना अनुमति के आयोजित मानव श्रृंखला विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले 100 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शनिवार को मुंब्रा क्षेत्र में छह स्थानों पर हुए विरोध प्रदर्शनों के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत लगाए गए निषेधाज्ञा के बावजूद 16 मई की दोपहर को विरोध प्रदर्शन हुए। अधिकारी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया, यातायात बाधित किया और वैध निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया।

## गूगल सर्च की मदद से मिली लापता महिला

**यशोभूमि/भाषा**

**पालघर।** ठाणे जिले से पांच महीने पहले लापता हुई मानसिक रूप से बीमार महिला को एक संगठन ने गूगल सर्च की मदद से उसके परिवार से मिला दिया। उत्तर प्रदेश की मूल निवासी फुलदेवी संत लाल (50) दिसंबर 2024 में शाहपुर में अपने रिश्तेदार के घर से लापता हो गई थी और पुलिस को पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में बेसहारा हालत में मिली थी। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि महिला को जीवन आनंद संस्था द्वारा संचालित समर्थ आश्रम में भर्ती कराया गया था, जो वंचित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए काम करने वाला एक गैर सरकारी संगठन है।

# कृषि ऋण वितरित करते समय सिबिल स्कोर न पूछें बैंक : सीएम

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को बैंकों को निर्देश दिया कि वे 'सिबिल स्कोर' पर जोर दिए बिना किसानों को कृषि ऋण वितरित करें। सिबिल स्कोर, क्रेडिट सूचना ब्यूरो का एक ऋण पात्रता तंत्र है, जिसका उपयोग वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण आवेदनों

**देवेंद्र फडणवीस ने बैंकों को दिया निर्देश**

का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसमें कर्ज चुकाने की क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

फडणवीस ने कहा, ''यदि किसानों को कृषि ऋण नहीं मिलता है, तो इसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और किसान आत्महत्याएं बढ़ती हैं। हमने बैंकों को बार-बार निर्देश दिया है कि वे सिबिल (स्कोर) न मांगें, फिर भी वे ऐसा करना जारी रखे हैं। इसे आज की बैठक में ही हल किया जाना चाहिए। अतीत में, ऐसे बैंकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है जिसे बैंकों को जिम्मेदारी से संभालना चाहिए।'' सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित 167वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक के दौरान फडणवीस ने चेतावनी दी, ''भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कृषि ऋण के संबंध में स्पष्ट किया है कि यदि कोई बैंक शाखा



सिबिल पर जोर देती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीयकृत बैंकों को इस वर्ष के ऋण वितरण लक्ष्यों को पूरा करने और कृषि ऋण कवरेज का विस्तार करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महाराष्ट्र के लिए 44.76 लाख करोड़ रुपये की ऋण योजना को मंजूरी दी गई। देश में महाराष्ट्र की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान राज्य की रीढ़ हैं और कृषि अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऋण देने वाली संस्थाओं को इस परिवर्तन में योगदान देना चाहिए। फडणवीस ने यह भी निर्देश दिया कि इन योजनाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बैंकों और अधिकारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए, जबकि जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते हैं, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बाद की बैठकों में नामित किया जाना चाहिए।



### कृषि की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं

**फडणवीस ने कहा, ''कृषि की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, राष्ट्रीयकृत बैंकों को कृषि ऋण वितरण बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मौसम विभाग द्वारा अच्छी बारिश की भविष्यवाणी के साथ, इस वर्ष फसल अच्छी होने की उम्मीद है। ऐसे में, बैंकों को किसानों को अधिक से अधिक सहायता देनी चाहिए। अच्छी बारिश से कृषि विकास को बढ़ावा मिलता है, जिससे बैंकों और किसानों दोनों को फायदा होता है।'' उन्होंने कहा कि राज्य कृषि के लिए एक निवेश नीति लागू कर रहा है और बैंकों को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए 5,000 करोड़ रुपये का वार्षिक निवेश लक्ष्य रखा गया है। किसानों को अधिक ऋण देने से बैंकों को लाभ होगा क्योंकि कृषि को अब न केवल एक सहायक क्षेत्र के रूप में बल्कि एक व्यावसायिक उद्यम के रूप में देखा जाता है।**

# मुंबई की सड़कों को लावारिस वाहनों के लिए न बनने दें 'कब्रिस्तान' : कोर्ट

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि जगह की कमी से जूझ रही मुंबई की सड़कों को लावारिस वाहनों के लिए 'कब्रिस्तान' न बनने दें। उच्च न्यायालय ने सभी थानों को स्पष्ट आदेश दिया कि वे ऐसे वाहनों के निपटान के लिए यातायात पुलिस के निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

**पुलिस को कार्रवाई करने का उच्च न्यायालय का आदेश**

न्यायमूर्ति जीएस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने कहा कि ऐसे वाहनों को केवल 'डंपिंग यार्ड' में डाल देना पर्याप्त नहीं होगा तथा इनके निपटान के लिए निरंतर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह आदेश आठ मई को जारी किया गया। पीठ ने कहा, 'मुंबई जैसे शहर में, जहां सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर जगह की भारी कमी है एवं स्थान सीमित है, ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों को रखकर अतिक्रमण नहीं किया जा सकता।' अदालत 'मैराथन मैक्सिमा को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी' की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने हाउसिंग सोसाइटी के गेट के बाहर निकटवर्ती थाने द्वारा जब्त किए गए वाहनों को रखे जाने से बाधा उत्पन्न होने के बारे में चिंता थी।

यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने एक हलफनामे में कहा कि पिछले महीने शहर भर के सभी थानों को एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें सलाह दी गई थी कि जब्त किए गए या लावारिस हालत में छोड़ दिए गए सभी वाहनों को 'डंपिंग यार्ड' में ले जाया जाए। पीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह ऐसे वाहनों को रखने के लिए प्रत्येक नगर निगम वार्ड में सुविधाजनक स्थानों की पहचान करे।

अदालत ने कहा, 'केवल वाहनों को 'डंपिंग' स्थल पर डाल देना पर्याप्त नहीं होगा। यदि इन वाहनों की आवश्यकता नहीं रह जाती है, तो इन वाहनों के निपटान के लिए निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है, जिसके लिए उचित सलाह जारी करने की आवश्यकता है।' पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो जुलाई के लिए निर्धारित करते हुए यातायात विभाग से कहा कि याचिका में जो मुद्दे उठाये गये हैं, उनके दीर्घकालिक समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में वह अदालत को बताए।



# महाराष्ट्र विधानभवन के प्रवेश द्वार पर लगी आग

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई स्थित महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर के एक प्रवेश द्वार पर लगी 'स्कैनिंग मशीन' में सोमवार को आग लग गई। यह घटना अपराह्न तीन बजे हुई और इसमें कोई घायल नहीं हुआ। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने पांच मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियां और अन्य वाहन मौके पर भेजे गए थे।

**घटना में कोई हताहत नहीं**

विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि विधान भवन परिसर में एक केबिन में मामूली आग लग गई तथा प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि इसका संभावित कारण 'स्कैनिंग' मशीन में 'शॉर्ट सर्किट' होना है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और चिंता की कोई बात नहीं है। नार्वेकर ने पत्रकारों से कहा, ''ऐसा प्रतीत होता है कि विधान भवन के प्रवेश द्वार पर लगी 'स्कैनिंग' मशीन में 'शॉर्ट सर्किट' हो गया था, जिसके कारण आग लग गई



होगी। स्थिति नियंत्रण में है और डरने की कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि यह घटना आकस्मिक थी और इससे प्रतिष्ठित इमारत के भीतर किसी तरह की सुरक्षा संबंधी चिंता का संकेत नहीं मिलता। उन्होंने कहा, 'भवन की स्थापना में कोई तकनीकी समस्या नहीं है।''

नार्वेकर ने आगे कहा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरती जाएंगी। उन्होंने कहा, ''घटना के मद्देनजर अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जाएगी।'

## रैलियां राजनीतिक कार्यक्रम नहीं : शेलार

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** राज्य मंत्री आशीष शेलार ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अमित ठाकरे की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि रैलियां महज राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों के साहस को श्रद्धांजलि हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में ठाकरे ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में हुई सैन्य कार्रवाई के बाद जीत के माहौल पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, राष्ट्रीय सुरक्षा पर कठोर लेकिन जरूरी फैसले देश के लिए महत्वपूर्ण हैं और मैं इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। बता दें कि अमित ठाकरे ने ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाने के लिए भाजपा की तिरंगा यात्राओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युद्ध समाप्त न होने और अस्थायी युद्धविराम लागू होने पर विजय रैलियां निकालना अनुचित है।

# वायुसेना का कर्मचारी बनकर घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**पुणे।** पुणे में भारतीय वायुसेना का कर्मचारी बनकर घूम रहा एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी सोमवार को दक्षिणी कमान सैन्य खुफिया और पुलिस ने संयुक्त रूप से दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौरव कुमार को रविवार रात उसकी संदिग्ध गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के आधार पर पकड़ा गया।



दक्षिणी कमान सैन्य खुफिया और खड़की पुलिस थाने की संयुक्त टीम ने गहन जांच और निगरानी के बाद रात करीब 8.40 बजे खराडी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने दो भारतीय वायुसेना की टी-शर्ट, एक जोड़ी लड़ाकू पैंट और जूते, दो भारतीय वायुसेना के बैज और एक ट्रैकसूट का ऊपरी हिस्सा समेत कई सामान जब्त किए हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 168 (सैनिक, नाविक या वायुसैनिक का रूप धारण करना) के तहत खड़की थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। छद्मवेश धारण करने के पीछे के मकसद और किसी भी संभावित सुरक्षा निहितार्थ का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

## बच्ची को बचाते समय व्यक्ति की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** नाले में गिरी 8 वर्षीय बच्ची को बचाते समय 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना रविवार दोपहर घाटकोपर के रमाबाई नगर इलाके में हुई। जांच अधिकारी ने कहा कि लड़की गेंद निकालने के लिए नाले में उतरी और फंस गई। दिहाड़ी मजदूर शहजाद शेख उसे बचाने के लिए कूद गया। शेख लड़की को पकड़ने में कामयाब रहा और उसे दूसरे आदमी को सौंप दिया, लेकिन वह गाद और कचरे में फंस गया और डूब गया। उन्होंने कहा कि पुलिस व दमकल की मदद से उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्टॉकयार्ड में घुसकर किया कर्मचारी पर हमला

**यशोभूमि/भाषा**

**ठाणे।** नवी मुंबई में एक स्टॉकयार्ड में कथित तौर पर घुसने और सुविधा के एक कर्मचारी पर हमला करने के लिए तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना 16 मई को पनवेल के कोन गांव के एक स्टॉकयार्ड में हुई। शिकायत के अनुसार, कोन गांव के पूर्व सरपंच दीपक हेके, कुणाल गायकवाड़ और जितेश कांबले बिना अनुमति के जबरन परिसर में घुस गए और प्रभारी राजूभाई पटेल को एक अनिर्दिष्ट दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। पटेल ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मराठी पढ़ने में असमर्थता का हवाला देते हुए दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, तो तीनों ने कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मारे और मुक्का मारा और उन्हें धमकी दी।


**ज्ञान सागर के शिल्पकार !**

**शैक्षणिक संस्था/क्लासेस चालकों के लिए विशेष ऑफर**



दैनिक यशोभूमि नया तेवर, नया कलेवर



**छूट की दर**

**१५ मई २०२५ से ३० जून २०२५ तक बुकिंग करनेवालों के लिए लागू.**

| संस्करण/उप-संस्करण | पूर्ण पृष्ठ (१६०० स्क्वे. सें.मी.) | अर्ध पृष्ठ (८०० स्क्वे. सें.मी.) | चौथाई पृष्ठ (४०० स्क्वे. सें.मी.) | २४० स्क्वे. सें.मी. | स्क्वे. सें.मी. |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | २५००० | १५००० | ८००० | ६००० | ३० |
| ठाणे | २५००० | १५००० | ८००० | ६००० | ३० |
| पालघर | २०००० | १२००० | ७००० | ६००० | ३० |
| रायगड/ नवी मुंबई | २५००० | १५००० | ८००० | ६००० | ३० |
| मुंबई /कोकण विभाग | ८०००० | ५०००० | ३०००० | २१००० | १०० |

सूचना : ★ यह दर अंदर के पृष्ठों के लिए है. ★उपरोक्त विज्ञापन की राशि पर ५% जीएसटी कर अलग से देना पड़ेगा.
★ मुख्य अंक जैकेट – ७५% अतिरिक्त ★ मुख्य अंक प्रथम पृष्ठ – ५०% अतिरिक्त (विज्ञापन आकार २४० से ८०० वर्ग सें.मी. तक)
★ मुख्य अंक अंतिम पृष्ठ / पृष्ठ क्र. ३ –२०% अतिरिक्त ★ स्पेशल पेज / पोजीशन – १०% अतिरिक्त
★ मुख्य अंक के प्रथम पृष्ठ के लिए पूर्ण पृष्ठ विज्ञापन का आकार १४४० स्क्वे. सें.मी. होगा. ★ यह दर, अंतिम दर है.

Customer Service 18002081019 E-mail:customercare@sapp.in

विज्ञापन के लिए - संपर्क -

योगेश सोलंकी (मुंबई) : 9967965777
संतोष देशपांडे (ठाणे) : 9821568461
राजेश खेडेकर (नवी मुंबई/रायगड) : 9920641841
संतोष चुरी (पालघर) : 9226222738


# राज्यपाल ने की श्री नारायण मंदिर समिति के कार्यों की प्रशंसा

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गरीबों और समाज के वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए श्री नारायण मंदिर समिति के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि देश को ऐसे और अधिक संस्थानों की आवश्यकता है जो गरीबों के लिए काम करें। राज्यपाल मुंबई के चेंबूर में स्थित श्री नारायण एजुकेशन कॉम्प्लेक्स में शैक्षणिक और धर्मार्थ ट्रस्ट श्री नारायण मंदिर समिति की 61वीं वर्षगांठ पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि यदि श्री नारायण गुरु न होते तो केरल में सनातन धर्म जीवित नहीं रह पाता। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म मुश्किल में पड़ा, केरल ने राष्ट्र की मदद की। कलाडी के आदि शंकराचार्य के कार्यों को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नारायण गुरु ने अपना जीवन समाज में सुधार लाने और सभी मनुष्यों के लिए समानता स्थापित करने के लिए समर्पित कर दिया। सांसद संजय दीना पाटिल ने कहा कि श्री नारायण मंदिर समिति से उनका जुड़ाव अब तीसरी पीढ़ी में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि उनके दिवंगत पिता दीना पाटिल भी इस संस्था से निकटता से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाओं को श्री नारायण मंदिर समिति द्वारा गरीबों के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल ने समिति की स्मारिका का विमोचन किया और श्री नारायण गुरु के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री नारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष एम आई दामोदरन, अध्यक्ष एन मोहनदास, राज्यपाल के उप सचिव एस. राममूर्ति, समिति के उपाध्यक्ष एस. चंद्रबाबू, महासचिव ओ के प्रसाद आदि उपस्थित थे।



# 11वीं में प्रवेश के लिए 20 लाख से अधिक सीटें

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** 11वीं की प्रवेश प्रक्रिया बुधवार, 21 मई से शुरू होगी। छात्र और अभिभावक कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए चिंतित हैं। मुंबई संभाग में कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों की तुलना में कक्षा 11 की सीटें 1,40,074 अधिक हैं। मुंबई शहर और उपनगरों में 1,265 जूनियर कॉलेजों में कुल 4,61,640 सीटें हैं और 3,21,566 छात्र 10वीं कक्षा की परीक्षा पास हुए हैं। इसलिए, प्रवेश क्षमता छात्रों की संख्या से अधिक है।

**कल से प्रवेश प्रकिया शुरू**

इससे छात्रों की प्रवेश संबंधी चिंता नहीं है। इस वर्ष से 11वीं की प्रवेश प्रक्रिया पूरे राज्य में ऑनलाइन लागू की जाएगी। इसके अनुसार राज्य में 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए कुल 20 लाख 43 हजार 254 सीटें उपलब्ध हैं। इस वर्ष मुंबई डिवीजन के लिए 4 लाख 61 हजार 640 सीटें हैं, जिसमें मुंबई शहर, इसके पूर्वी और पश्चिमी उपनगर, ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिले शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक 2 लाख 72 हजार 930 सीटें वाणिज्य संकाय के लिए उपलब्ध हैं।

इसके बाद विज्ञान संकाय के लिए 1 लाख 60 हजार 715 सीटें और कला संकाय के लिए 22 हजार 955 सीटें हैं।

इस साल मुंबई संभाग से 3 लाख 21 हजार 566 विद्यार्थी 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। ऐसे में प्रवेश के लिए कुल 1 लाख 40 हजार 74 अतिरिक्त सीटें होंगी।

### आईटीआई, पॉलिटेक्निक भी विकल्प

**कई छात्र 11वीं कक्षा में प्रवेश के बाद, 10वीं कक्षा के बाद आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विकल्प चुनते हैं। वर्तमान में राज्य में लगभग डेढ़ लाख आईटीआई सीटें तथा एक लाख से अधिक पॉलिटेक्निक सीटें हैं। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए ऐसा लगता है कि मुंबई संभाग से कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।**

### जूनियर कॉलेजों के सामने चुनौतियां

**कक्षा 11वीं में प्रवेश लेते समय छात्र हमेशा प्रतिष्ठित कॉलेजों की ओर रुख करते हैं। इसलिए, छात्रों को 11वीं कक्षा के अंतिम दौर तक प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसलिए, कई छात्र अपने घर के नजदीक स्थित जूनियर कॉलेजों की उपेक्षा करते देखे जाते हैं, भले ही उनके मार्क्स कम हों। इस वर्ष जूनियर कॉलेजों में सीटें खाली रहने की संभावना है क्योंकि वहां छात्रों की तुलना में सीटें अधिक हैं। इसलिए जूनियर कॉलेजों को इन सीटों को भरने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।**

# आज भी है मृतकों के परिजनों को न्याय का इंतजार

**यशोभूमि/भाषा**

**पुणे।** पुणे में ठीक एक साल पहले तेज रफ्तार एक लग्जरी कार पोर्श द्वारा दोपहिया वाहन को टक्कर मारे जाने के कारण दो तकनीकी विशेषज्ञों की मौत होने की घटना राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही थी और इस हादसे ने मृतकों के परिजन की दुनिया उलट दी थी। लग्जरी कार को कथित रूप से शराब के नशे में धुत होकर एक नाबालिग द्वारा चलाए जाने और फिर आरोपी को बचाने के लिए किए गए 'अवैध कार्यों' के सामने आने के बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया था। इस घटना को एक साल बीत चुका है लेकिन मृतकों अनीश अवधिया और उनकी मित्र अश्विनी कोस्टा के परिजन को अभी तक न्याय नहीं मिल सका है। वहीं दूसरी ओर नाबालिग के पिता, दो चिकित्सक और कुछ अन्य लोग सलाखों के पीछे हैं। लड़के की मां अंतरिम जमानत पर बाहर है। पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई 2024 की सुबह कथित तौर पर नशे की हालत में 17 वर्षीय लड़के द्वारा चलाई जा रही पोर्श कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार अवधिया और कोस्टा की मौत हो गई थी। लड़के को हिरासत में ले लिया गया था लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्य एल. एन. दानवडे ने उसे जमानत दे दी। नाबालिग से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहने सहित जमानत की नरम शर्तों की पूरे देश में आलोचना हुई थी।

**पुणे पोर्श दुर्घटना की बरसी**









## संक्षिप्त समाचार

### सभी को आवास मिले, सरकार कर रही प्रयास

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** सरकार आवास नीति के माध्यम से सभी के लिए आवास की अवधारणा को लागू करने का प्रयास कर रही है। यह नीति व्यापक होगी और इसमें समाज के विभिन्न वर्गों जैसे वरिष्ठ नागरिक, कामकाजी महिलाएं, छात्र और औद्योगिक श्रमिक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित आवास नीति की एक व्यापक योजना मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्तुत की जानी चाहिए। सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के समक्ष आवास नीति पर एक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गृह निर्माण राज्यमंत्री डॉ. पंकज भोयर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे, गृह निर्माण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वल्सा नायर सिंह, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता उपस्थित थे।

### बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के जालना जिले में सोमवार को बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह की एक घटना में लातूर जिले में 17 पालतू पशुओं की जान चली गई। मराठवाड़ा क्षेत्र में प्री-मानसून बारिश के साथ-साथ आसमान से बिजली गिरने की घटनाएं हो रही हैं। मृतकों की पहचान सचिन बावस्कर (30) और गणेश जाधव के रूप में हुई है, जो कौथा कोली गांव के निवासी थे। मराठवाड़ा में इस महीने छह दिनों में 32.8 मिमी बारिश हुई है, जो अपेक्षित बारिश का 256 प्रतिशत है। एक अधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक 32.9 मिमी बारिश छत्रपति संभाजीनगर में हुई।

### 36 विदेशी सरीसृपों के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे एक यात्री से 36 विदेशी सरीसृप जब्त किए और उसे गिरफ्तार कर लिया। इनमें 28 जीवित, दो मृत नारंगी दाढ़ी वाले ड्रेगन और छह सफेद इगुआना शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि स्कैनिंग के दौरान यात्री के बैग में असामान्य हलचल देखने के बाद अधिकारियों ने रविवार रात को यात्री को रोक लिया।

# और मजबूत होगी महाराष्ट्र की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर ने सोमवार को अधिकारियों को स्वास्थ्य नीति

### अधिकारियों को नीति तैयार करने के दिए निर्देश

तैयार करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और स्वास्थ्य सेवा वितरण और प्रशासन को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न निर्देश जारी किए। मंत्री ने अधिकारियों को महिला एवं बाल कल्याण विभाग के




सरकारी प्रस्ताव का पालन करने का निर्देश दिया, जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कर्मचारियों को संबंधित कार्यों में शामिल किया गया है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ साल से अधिक की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों के प्रशासनिक स्थानांतरण परामर्श के बाद किए जाने चाहिए, इसके बाद स्वैच्छिक स्थानांतरण किए जाने चाहिए। एस-23 वेतनमान वाले अधिकारियों के स्थानांतरण प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर होंगे। मंत्री ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के अंतर-जिला स्थानांतरण 31 मई तक पूरे किए जाने हैं, जिसमें जिला वरीयता को प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने आगे निर्देश दिया कि 150 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को एजेंडे में शामिल करके नर्सिंग ट्यूटर्स को नर्सिंग अधीक्षक के पद पर पदोन्नत करने की सुविधा के लिए सेवा नियमों में संशोधन किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध कर्मचारियों को सरकारी सेवा में शामिल करने और उनके मानदेय में वृद्धि करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। प्रथम श्रेणी के चिकित्सा अधिकारियों की कमी को दूर करने के लिए मंत्री ने निर्देश दिया कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) के माध्यम से भर्ती में तेजी लाई जाए।

### प्रस्तावित विधेयक मानसून सत्र में होगा पेश

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बॉम्बे नर्सिंग होम अधिनियम और संबंधित कानून में संशोधन का मसौदा तैयार करने के लिए कानूनी फर्मों की नियुक्ति की जानी है, प्रस्तावित विधेयक आगामी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। मंत्री ने चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ के कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि में वृद्धि को भी मंजूरी दी और आशा कार्यकर्ताओं के लिए जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्ड के लिए 5 रुपये से 20 रुपये तक का मुआवजा बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर और मुंबई में चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित करने का आह्वान किया और स्वास्थ्य विभाग के लिए 150 दिवसीय कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। ग्रामीण स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान भी शुरू करने की योजना है।

### 17 कैंसर डे केयर सेंटर होंगे स्थापित

वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की सहायता के लिए, मंत्री ने आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों के लिए विशेष सुविधाओं के प्रावधान का निर्देश दिया। इन सुविधाओं के लिए प्रस्ताव, वित्तीय वर्ष 2025 के लिए अनुपूरक बजट मांगों के साथ, शीघ्र प्रस्तुत किए जाने हैं। व्यापक स्वास्थ्य सेवा अभियान के हिस्से के रूप में, केंद्रीय बजट में घोषित 17 कैंसर डे केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। टीबी मुक्त पंचायतों और तंबाकू मुक्त स्कूलों के लिए अभियान भी शुरू किए जाने हैं। राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान की तर्ज पर एक नई प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए 44 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांग 31 मई तक वित्त विभाग को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# 'किसानों को सभी सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध'

**यशोभूमि/भाषा**

**नासिक।** नासिक में राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के नेतृत्व में जिला स्तरीय खरीफ सीजन सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खरीफ सीजन के दौरान किसानों की समस्याओं

### कृषि मंत्री ने की किसानों के साथ बैठक

और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, किसान प्रतिनिधि और अन्य लोग शामिल हुए। मंत्री माणिकराव कोकाटे ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार खरीफ सीजन के लिए किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को समय पर बीज, उर्वरक और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कोकाटे ने कहा, ''हमारे किसान भाइयों को खाद, बीज और अन्य आवश्यक चीजों की कोई कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के अधिकारी पूरी तरह तैयार हैं और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है। हम किसानों को हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। सरकार का लक्ष्य न केवल उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि किसानों की आय को दोगुना करना भी है।'' कोकाटे ने



आगे कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मैं किसानों से अपील करूंगा कि वे किसी भी समस्या के लिए स्थानीय कृषि अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान हो सके। सरकार ने खरीफ सीजन के लिए विशेष योजनाएं तैयार की हैं, जिनका लाभ किसानों को जल्द मिलेगा।

### सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है-कोकाटे

**बैठक में उपस्थित किसान प्रतिनिधियों ने जल संकट, फसल बीमा और बाजार मूल्य जैसे मुद्दों को उठाया। जिसके बाद मंत्री माणिकराव कोकाटे ने इन सभी बिंदुओं पर विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आपको बता दें, नासिक महाराष्ट्र का एक प्रमुख कृषि केंद्र है, जो अंगूर, प्याज, टमाटर, और अन्य फसलों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। नासिक में खरीफ सीजन की सफलता काफी हद तक मानसून पर निर्भर करती है और हाल के वर्षों में अनियमित बारिश और जल संकट ने किसानों के लिए चुनौतियां बढ़ाई हैं।**

# सरकार ने तोड़ी संसदीय परंपराएं : पृथ्वीराज चव्हाण

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने सरकार की ओर से भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे संसदीय परंपराओं और शिष्टाचार का अपमान करार देते हुए कहा कि सरकार ने

### सरकारी शिष्टमंडल के चयन को लेकर साधा निशाना

पहले विपक्षी दलों से नाम मांगे और फिर उनकी सिफारिशों की अनदेखी कर मनमाना रवैया अपनाया। चव्हाण ने कहा, ''देखिए इस डेलिगेशन का उद्देश्य क्या था? उद्देश्य यह था कि देश के सभी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर एक हैं और सभी मिलकर विदेशों में जाकर सारी दुनिया के सामने आपकी बात रखेंगे। अगर यह उद्देश्य सफल नहीं होता तो मैं समझता हूं की गलती किसकी है, यह तो सोचना पड़ेगा। देखिए दो परंपराएं हैं। संसदीय शिष्टमंडल की अलग परंपरा होती है लेकिन ये संसदीय शिष्टमंडल नहीं है, ये सरकारी शिष्टमंडल है।



सरकारी डेलिगेशन है, क्योंकि इसमें कई सारे लोग सांसद नहीं है। कुछ पूर्व सरकारी अधिकारी हैं। सरकार का फैसला सही है। लेकिन यह संसद की डेलिगेशन नहीं है ऐसे में पार्लियामेंट्री डेलिगेशन के नियम लागू नहीं होने चाहिए।

### 155 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा

**यशोभूमि/भाषा**

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने 155 करोड़ रुपये की एक बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया है, जिसमें कारोबारियों के एक गिरोह ने लोगों की असली पहचान का गलत इस्तेमाल कर फर्जी कंपनियां बनाईं और हवाला के जरिए काले धन का लेन-देन किया। इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि धोखाधड़ी का दायरा और बड़ा हो सकता है, क्योंकि आरोपियों ने 50-60 फर्जी कंपनियां बनाई थीं, जिनके माध्यम से संदिग्ध लेन-देन किए गए। आरोपियों ने विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की पहचान का दुरुपयोग किया, जिससे उनका नाम बिना जानकारी के इस्तेमाल हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों ने आपराधिक गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की वास्तविक पहचान का इस्तेमाल किया।

# नवी मुंबई : उल्वे में गला रेतकर महिला की हत्या

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**नवी मुंबई।** उल्वे सेक्टर-5 में रविवार रात एक विवाहित महिला की अज्ञात हमलावर ने सड़क पर हत्या कर दी। घटना के बाद हत्यारा फरार हो गया। हत्या की शिकार महिला का नाम अलवीना किशोर सिंह उर्फ अलवीना आदमली खान (27) है। अलवीना अपने पति किशोर

### अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामाला दर्ज

सिंह राजपूत के साथ उल्वे सेक्टर-5 स्थित विजय लक्ष्मी टॉवर में रहती थीं। अलवीना और उनके पति किशोर सिंह दोनों उसी इलाके में मेडिकल की दुकान चलाते थे।

रविवार दोपहर को अलवीना मुंबई में अपने रिश्तेदारों के पास गयी। वहां से वह रात करीब 11:45 बजे उल्वे स्थित अपने घर लौट रही थीं। अलवीना सेक्टर 5 में मुख्य सड़क से अपने घर की ओर जा रही थी, तभी उसका पीछा कर रहे एक अज्ञात हमलावर ने रेडियंस स्प्लेंडर बिल्डिंग के सामने उसे पकड़ लिया और धारदार चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल होकर जब वह गिर पड़ी तो हत्यारा घटनास्थल से भाग गया। जब क्षेत्र के कुछ नागरिकों ने इस घटना को देखा तो वे घटनास्थल पर




पहुंचे। हालांकि, हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी शीघ्र ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उल्वे पुलिस मौके पर पहुंची और अलवीना के शव को कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अलविना की हत्या करने वाले आरोपी ने पहचान उजागर न हो इसके लिए अपने चेहरे पर रूमाल बांध रखा था, जिसके आधार पर उल्वे पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह भी कहा कि उन्होंने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# कोंकण, मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश की चेतावनी

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** राज्य में सोमवार से विभिन्न स्थानों पर बारिश हो रही है। इस बीच, कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में बारिश के लिए दो और ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं। मराठवाड़ा और विदर्भ में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, कई जिलों में भारी से मध्यम बारिश, बिजली चमकने, गरजने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। वर्तमान में मौसम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल है। सोमवार ,19 मई को मानसून अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और श्रीलंका के अधिकांश हिस्सों तक पहुंच गया। मानसून मालदीव और कोमोरिन सहित दक्षिण अरब सागर के कुछ और भागों के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों में भी आगे बढ़ा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 2 से 3 दिनों में मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन के शेष हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों को कवर करेगा।

### दो ऑरेंज अलर्ट जारी



# नवी मुंबई का संपत्ति कर बिल ऑनलाइन उपलब्ध

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक 826 करोड़ रुपये संपत्ति कर एकत्र किया है और मनपा ने वर्ष 2025-26 में संपत्ति कर संग्रह के लिए 1,200 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। इसलिए, इस वर्ष पहली बार मनपा ने 2025-2026 से वार्षिक संपत्ति कर भुगतान वितरित करना शुरू कर दिया है। संपत्ति कर का भुगतान वर्ष में केवल एक बार किया जाएगा। साथ ही, इस नए वित्तीय वर्ष में संपत्ति करदाताओं के लिए विशेष प्रोत्साहन (अर्ली बर्ड स्कीम) की घोषणा की गई है। इसके साथ ही नये वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इसके अलावा, संपत्ति कर बिल वितरित करने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नियुक्त किया गया है। नवी मुंबई मनपा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर बिल अब ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए हैं।


## मुंबई इमारत मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड

क्षेत्रीय इकाई

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)

दूर. सं. - ०२२-२३५३१३२९, ई-मेल - eed3mhada@gmail.com

म्हाडा MHADA

संदर्भ सं. इइ/डी-३/एमबीआर एवं आर बी/ई-टेंडर/२०२५-२०२६

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता डी-३ प्रभाग, एम. बी. आर. एवं आर. बोर्ड, ८९-९५ रजनी महल, ताड़देव रोड, मुंबई - ४०० ०३४ द्वारा ठेकेदारों के संबंधित उपयुक्त वर्ग में पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेल/बीपीटी/एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों से 'बी-१' (प्रतिशत दर) प्रारूप में डिजीटल हस्ताक्षरित एवं शर्तरहित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जा रही है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | निविदा के लिए रखी गयी राशि | निविदा राशि की १% ई. एम. डी. | अनुमानित कीमत की २% सुरक्षा जमा रु. में | ठेकेदार का पंजीकरण वर्ग | जीएसटी सहित निविदा मूल्य रु. में | कार्य समापन की समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १. | इमारत सं. १२-१२ए, १२बी, ४डी बाबुलनाथ रोड के लिए मरम्मत कार्य. (बोर्ड निधि कार्य) | १७,२२,२३९/- | १७२२२.०० | ३५०००.०० (५०% शुरुआती एवं ५०% बिल द्वारा) | वर्ग -५-ए एवं ऊपर | ५९०.०० | १८ महीने (मानसून सहित) |

| क्रम सं. | चरण का विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| १. | प्रकाशन दिनांक | २३.०५.२०२५ को सु. १०.०० बजे |
| २. | दस्तावेज बिक्री की शुरुआत | २३.०५.२०२५ को सु. १०.०५ बजे |
| ३. | दस्तावेज बिक्री की समाप्ति | ०६.०६.२०२५ को शाम ०५.३० बजे |
| ४. | बोली प्रस्तुति की शुरुआत | २३.०५.२०२५ को सु. १०.०५ बजे |
| ५. | बोली प्रस्तुति की समाप्ति | ०६.०६.२०२५ को शाम ०५.३० बजे |
| ६. | तकनीकी बोली खुलेगी | ०९.०६.२०२५ को सु. ११.०० बजे के बाद |
| ७. | दर बोली खुलने का दिनांक | केवल पात्र बोलीदाताओं को सूचित किया जायेगा. |

१. संपूर्ण बोली प्रक्रिया दो बोली प्रणाली में ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी. इस निविदा सूचना के बारे में सभी अधिसूचना एवं विस्तृत नियम व शर्तें इसके पश्चात वेबसाइट https://mahatenders.gov.in, म्हाडा वेबसाइट https://mhada.maharashtra.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जायेगा.
२. बोली दस्तावेज दिनांक **२३.०५.२०२५ को सु. १०.०५ बजे से दिनांक ०६.०६.२०२५ को शाम ०५.३० बजे तक** वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर लोड किया जाये.
३. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बयाना राशि जमा (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन करना आवश्यक है.
४. कार्यकारी मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष शपथयुक्त पेज नं. २७ पर दिये गये निर्धारित प्रारूप अनुसार रु. ५००/- के स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों की पूर्णता, शुद्धता एवं सत्यता के बारे में हलफनामा (शपथ-पत्र) की मूल प्रति से स्कैन की हुई प्रस्तुत करें.
५. तकनीकी बोली दिनांक **०९.०६.२०२५** को **सु. ११.०० बजे के बाद** कार्यकारी अभियंता डी-३ प्रभाग, एम. बी. आर. एवं आर. बोर्ड, ८९-९५ रजनी महल, ताड़देव रोड, मुंबई - ४०० ०३४ के कार्यालय में वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर खोली जायेगी और दर बोली तकनीकी दस्तावेज के पात्र निविदाकार के खुलने के बाद खोली जायेगी.
६. ई-निविदाकार को तकनीकी बोली खुलने के समय सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज (वे, जो बोली तैयार करते समय अपलोड किये गये थे) प्रस्तुत करें या एल१ बोली स्वीकृति प्राधिकारी को उसे प्रस्तुत करने हेतु मूल्यांकन रिपोर्ट की तैयारी के पहले उसके लिए प्राधिकारी जब पूछता है, प्रस्तुत करें.
७. ई-निविदाकार पीडीएफ प्रारूप में जानकारी एवं स्कैन की हुई प्रतियां प्रस्तुत करें.
८. सभी ठेकेदार/बोलीदाता को (म्हाडा एवं पीडब्ल्यूडी के साथ पंजीकृत ठेकेदारों सहित) तकनीकी बोली में निविदा के लिए रखी गयी अनुमानित कीमत की २०% राशि का सॉल्वेंसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
९. कार्यकारी अभियंता डी-३ प्रभाग, एम. बी. आर. एवं आर. बोर्ड, ८९-९५ रजनी महल, ताड़देव रोड, मुंबई - ४०० ०३४ के पास बिना कोई कारण बताये कोई या सभी निविदाओं को स्वीकारने या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
१०. निम्नतर बोलीदाता द्वारा अनुमानित लागत से कम कोट किये गये दर के मामले में और एल१ बोलीदाता ८ दिनों के अंदर अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमा प्रस्तुत करने में असफल होता है, तब यदि एल२, एल१ के प्रतिशत राशि से कम में सहमत है ; तब २रे निम्नतर बोलीदाता का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जायेगा. अधिक विवरण के लिए कृपया निविदा सूचना का विवरण देखें.
११. यदि उक्त कार्य के लिए निविदाकार द्वारा कोट की गयी दर १०% से ज्यादा कम है, तो दुबारा (पुन:बुलावा) पुन: आमंत्रित की जायेगी और तीसरी बार में यदि निविदा संबंधित ठेकेदार के लिए भुगतान की जानेवाली निष्पादन सुरक्षा १०% से ज्यादा कम दर पर है, तो कार्य के अंतिम भुगतान के दो वर्ष बाद वापस किया जाना चाहिए.
१२. बोली की ऑनलाइन प्रस्तुति एवं निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के दिशा-निर्देश वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं, हेल्प सपोर्ट : १८००-२३३-७३१५ ई-मेल - eproc.support@mahatenders.gov.in

**निविदा की पूछताछ के लिए कृपया महाराष्ट्र पोर्टल पर संपर्क करें.**

**दूर. : १८०० ३०७० २२३२/०१२०-४००१-००२/०१२०-४२००-४६२/०१२०-४००१-००५/०१२०-६२७७ ७८७**

महाप्रबंधक

हस्ता/-
आर. वी. शिंदे
कार्यकारी अभियंता डी-३ प्रभाग
एमबीआर एवं आरबी

CPRO/A/405

Follow us: @mhadaofficial

म्हाडा : गृहनिर्माण क्षेत्र में देश की अग्रणीय संस्था है.


# स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय ने नए पाठ्यक्रम तैयार किए हैं जो गुणवत्ता, अनुसंधान और उद्योग उन्मुखीकरण में समन्वय करते हैं। इससे छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे नवीन पाठ्यक्रमों को छात्रों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उद्योगों की बदलती जरूरतों और प्रौद्योगिकी में प्रगति को देखते हुए इन पाठ्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है। मुंबई विश्वविद्यालय ने छात्रों को विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं, उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से प्रतिस्पर्धी माहौल में अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. डीवाई. सी. इ./एस.आई. सी./१७०८ दिनांक : १९.०५.२०२५

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (इमारत अनुरक्षण) |
| उप-विभाग | उप शहर अभियंता (स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर सेल) |
| विषय | १. परिमंडल-३ में पालिका स्कूल इमारतों में दिन-प्रतिदिन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रस्तावित तुरंत/अप्रत्याशित कार्य. (निविदा दस्तावेज आईडी : 2025_MCGM_1180743) २. परिमंडल-४ में पालिका स्कूल इमारतों में दिन-प्रतिदिन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रस्तावित तुरंत/अप्रत्याशित कार्य. (निविदा दस्तावेज आईडी : 2025_MCGM_1180833) ३. आर/सी वार्ड में एकसर पालिका स्कूल बोरीवली की मरम्मत एवं उन्नयन कार्य. (निविदा दस्तावेज आईडी : 2025_MCGM_1180865) |
| निविदा बिक्री | दि. : २०.०५.२०२५ समय : ११.०० बजे (सुबह) से दि. : २८.०५.२०२५ समय : १२.०० बजे (दोपहर) |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्काधिकारी नाम दूर. (कार्यालय) ई-मेल पता | १. श्री एच. के. चौधरी, सहायक अभियंता (एसआईसी) परि.-३ (अनु. १ के लिए) दूरध्वनि-०२२-२४३८१८३५ विस्ता. २२३ मोबा. नं. ९२२३५४०३१६, ई-मेल : aecivil101.sic@mcgm.gov.in २. श्री एस. एम. पाटील, सहायक अभियंता (एसआईसी) परि.-४ (अनु. २ के लिए) दूरध्वनि-०२२-२४३८१८३५ विस्ता. २२३ मोबा. नं. ९८२०११३४५७, ई-मेल : aesic04.ce@mcgm.gov.in ३. श्री पी. एम. बंद, सहायक अभियंता (एसआईसी) परि.-७ (अनु. ३ के लिए) दूरध्वनि-०२२-२४३८१८३५ विस्ता. २२३ मोबा. नं. ९८१९२४२८९५, ई-मेल : aesic.ws01@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
श्री अविनाश ए. विश्वासराव
उप शहर अभियंता
(स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर सेल)

पीआरओ/४४९/विज्ञा./२०२५-२६

जहां-जहां पानी जमा होता है, वहां-वहां मच्छरों की उत्पत्ति होती है.


# रेप के बाद ढाई साल की मासूम की मौत

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मालाड पश्चिम के मालवणी इलाके में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां मां के सामने उसके 19 वर्षीय कुकर्मी प्रेमी ने ढाई साल की मासूम बेटी के साथ बलात्कार को अंजाम दिया। इस

### मां और उसका प्रेमी गिरफ्तार

पूरे प्रकरण में बच्ची की मौत हो गई है। मालवणी पुलिस ने मां और प्रेमी को पोक्सो ऐक्ट के तहत गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुटी है। जोन 11 के डीसीपी आनंद भोईटे के अनुसार मालवणी पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि एक ढाई साल की बच्ची की मृत्यु संदिग्ध अवस्था में हुई है। पुलिस टीम जब अस्पताल पहुंची तब डॉक्टर ने खुलासा किया कि बच्ची की मृत्यु दम घुटन के कारण हुई है। साथ ही डॉक्टर ने यह भी बताया कि



बच्ची के साथ बलात्कार किया गया है। मामले में अधिक जांच के बाद पुलिस ने मृत लड़की की मां और उसके प्रेमी को पॉस्को एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।


## पश्चिम रेलवे

**विविध कार्य**

सीनि. डीईएन (सेंट्रल) मुंबई सेंट्रल द्वारा **अनु. क्र. : १. ई-निविदा सूचना सं. : बीसीटी/२५-२६/५४ दि. १५.०५.२०२५** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थल : (१)** सूरत- सिक लाइन शेड, फ्लोरिंग एवं संबद्ध इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सुधार. **(२)** जोरावसान-सूरत : २ साल के लिए एडीईएन/सूरत के अधिकार-क्षेत्र अंतर्गत ड्रेनेज सिस्टम की साफ-सफाई एवं मेंटेन रखना. **कार्य की लगभग कीमत :** रु. ४,७२,८२,८०१.७५. **ईएमडी :** रु. ३,८६,४००/-. **अ. क्र. : २. ई-निविदा सूचना सं. : बीसीटी/२५-२६/५५ दि. १५.०५.२०२५. कार्य एवं स्थल : (१)** उधना-उकाई सोनगड - सीटीआर (एस-पी)-८.९६९ टीकेएम (एस व टी पोर्शन सहित संयुक्त निविदा). **(२)** उधना-उकाई सोनगड सेक्शन - एडीईएन-व्यारा सेक्शन अंतर्गत एलसी नं. ६, ३८, ३९, ४०, ४४, ५०, ५२, ५४, ५६ और उकाई सोनगड यार्ड कटिंग (किमी ७४/२१-२३) के तहत विविध लोकेशन आयूबीज में मानसून पानी को बाहर निकालने हेतु कीचड़ डीजल पम्प प्रदान करना. **(३)** जोरावसान-सूरत सेक्शन- एडीईएन-सूरत सेक्शन अंतर्गत एलसी नं. ११६, १२०, १२१, १२२, १२७, १३१, १३२, १३४, १३६ आदि और पुल सं. ३६५ व ३९८ के तहत विविध लोकेशन आरयूबीज में मानसून पानी को बाहर निकालने हेतु कीचड़ डीजल पम्प प्रदान करना. **कार्य की लगभग कीमत :** रु. ४,६४,२५८,७५९.१२. **ईएमडी :** रु. ३,८२,२००/-. उपरोक्त दोनों **निविदा के प्रस्तुति का दिनांक एवं समय :** १३.०६.२०२५ को १५.०० बजे तक. **खुलने का दिनांक एवं समय :** १३.०६.२०२५ को १५.३० बजे. अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवलोकन करें.

**0158**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly


# अंग्रेजी के निर्णयों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद महत्वपूर्ण

**यशोभूमि/भाषा**

ठाणे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय ओका ने कहा है कि शीर्ष अदालत ने मूल रूप से अंग्रेजी में दिए गए अपने निर्णयों के प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद की महत्वपूर्ण पहल शुरू की है,

### टीएमसी लॉ कॉलेज के स्नातक समारोह में शामिल हुए न्यायमूर्ति

जिसका उद्देश्य नागरिकों के लिए न्याय को और अधिक सुलभ बनाना है। ठाणे में विद्या प्रसारक मंडल के टीएमसी लॉ कॉलेज के स्नातक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाषण देते हुए न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हजारों न्यायिक निर्णयों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। टीएमसी लॉ कॉलेज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, ''पिछले 30 वर्षों से महाराष्ट्र में जिला अदालत तक में मराठी में काम किया जा रहा है।'' न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकी ने कानूनी अध्ययन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, 'आज उपलब्ध सुविधाओं के साथ, कानून का अध्ययन करना, शोध करना, इसका अर्थ समझना और कम समय में कई निर्णयों को समझना बहुत आसान हो गया है। छात्रों को इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।' इस अवसर पर बोलते हुए विद्या प्रसारक मंडल के अध्यक्ष डॉ. विजय बेडेकर ने मराठी में कानूनी संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं

**यशोभूमि/एपी**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में तीन महीने से मनुष्यों में बर्ड फ्लू संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है और विशेषज्ञ इसका कारण जानने की कोशिश कर रहे हैं। क्या सरकारी बजट में कटौती के कारण मामलों का पता लगाने की कोशिश कमजोर हो गई है? अतीत में बर्ड फ्लू के कई मामले प्रवासी कृषि मजदूरों में सामने आए हैं। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या ये मजदूर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के निर्वासन अभियान के बीच जांच कराने के लिए आगे आने से डर रहे हैं? या क्या संक्रमण में कमी का कारण स्वाभाविक है? 'ब्राउन यूनिवर्सिटी' में महामारी केंद्र की निदेशक जेनिफर नुजो ने कहा, 'हमें नहीं पता कि मामले क्यों नहीं सामने आए? मुझे लगता है कि हमें यह मान लेना चाहिए कि खेतिहर मजदूर संक्रमित हो रहे हैं, लेकिन इसका पता नहीं चल पा रहा।'

### आरसीबी ने ब्लेसिंग को टीम में किया शामिल

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर क्रमशः शिवम शुक्ला और ब्लेसिंग मुजरबानी को चुना है। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके नाइटराइडर्स ने शेष मुकाबलों के लिए रोवमैन पावेल की जगह शुक्ला को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर पावेल को अपने टॉन्सिल की सर्जरी करानी है। लेग स्पिनर शुक्ला घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हैं और 30 लाख रुपये में नाइट राइडर्स से जुड़ेंगे। इस बीच आरसीबी ने लुंगी एनगिडी की जगह मुजरबानी को चुना है।

### बलूचिस्तान प्रांत में बमबारी, 4 की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बाजार के निकट बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सोमवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। विस्फोट बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार मार्केट के पास हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और व्यापक पैमाने पर दहशत फैल गई। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, विस्फोट के बाद कई दुकानें ढह गईं और कई प्रतिष्ठानों में आग लग गई। किला अब्दुल्ला के उपायुक्त रियाज खान ने बताया कि विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।

### संयुक्त 12वें स्थान पर हिताषी बक्शी

**यशोभूमि/भाषा**

**हिल्वरसम (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अंतिम दौर में 71 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के डच लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहीं। शुरुआती दो दौर में 71 और 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर चार अंडर 212 रहा। अन्य भारतीयों में युवा हिताषी बक्शी (71, 73 और 69) संयुक्त रूप से 12वें जबकि अवनी प्रशांत (77, 70 और 67) संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स ने दो शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना तीसरा खिताब जीता। इससे पहले त्वेसा मलिक (74 और 75) कट से चूक गई थी जबकि प्रणवी उर्स ने चिकित्सा कारणों से पहले दौर के बाद हटने का फैसला किया।

### सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में लगाई गई फ्लडलाइट

**यशोभूमि/भाषा**

**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने रंगपो के माइनिंग में सिक्किम क्रिकेट ग्राउंड में फ्लडलाइट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिश्वनाथ सोमद्दर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री तमांग ने कहा, 'यह सुविधा सिक्किम सरकार के सहयोग से विकसित की गई है जिसकी बुनियादी ढांचे के विकास और जन कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता ने इस पहल को संभव बनाया है।' कहा कि यह राज्य में क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय है। तमांग ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि सुविधाओं में यह सुधार हमारे उभरते हुए क्रिकेटरों में और अधिक ऊर्जा भरेगा।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी रही गिरावट, सेंसेक्स 271 अंक टूटा

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 271 अंक और टूट गया। मूडीज रेटिंग्स के अमेरिका की साख घटाये जाने के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट

### शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया

के साथ 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 366.02 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 74.35 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,945.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। क्षेत्रवार देखा जाए तो रियल्टी, औषधि ओर वाहन शेयरों में तेजी रही, जबकि आईटी शेयर नुकसान में रहे। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने आईटी, पूंजीगत सामान और तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली की। इससे कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बाजार नुकसान में रहा।' उन्होंने कहा कि मूडीज के सप्ताहांत अमेरिका की साख घटाये जाने से भी निवेशकों के बीच कुछ अनिश्चितताएं बढ़ीं।

लेमन मार्केट्स डेस्क विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, 'भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। कमजोर वैश्विक संकेतों, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और बढ़ती अस्थिरता के कारण बाजार में गिरावट आई।' उन्होंने कहा कि मूडीज ने अमेरिका पर 36,000 अरब डॉलर के कर्ज का हवाला देते हुए उसकी रेटिंग को घटाकर 'एए1' कर दिया है। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.27 प्रतिशत के लाभ में रहा।



### अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.14 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 8,831.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स 200.15 अंक नुकसान में रहा था, जबकि निफ्टी में 42.30 अंक की गिरावट रही थी।

# चेन्नई और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज होगा मुकाबला

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग में आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के

### रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का है आखिरी मैच

पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं। विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। अगर मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने बल्लेबाजी में कुछ शानदार शुरुआत की जैसे कि रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ जब उन्होंने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए, लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। मौजूदा सत्र में रॉयल्स के साथ बार-बार यह कहानी दोहराई गई। टीम सम्मान के लिए खेल सकती है और जीत के साथ अपने अभियान का अंत कर सकती है।



### टीमें हैं इस प्रकार

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ और वंश बेदी।
**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह। **समय: मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

# शुभमन गिल एक 'सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं :आशीष कपूर

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच आशीष कपूर का मानना है कि शुभमन गिल एक 'सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं, लेकिन यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगर उन्हें भारतीय टीम की कमान सौंपी जाती है तो वह टेस्ट प्रारूप में अपनी टी20 कप्तानी की सफलता को दोहरा पाएंगे या नहीं। मौजूदा सत्र

### मैच की श्रृंखला की शुरुआत करने को तैयार है भारत

में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाने वाले गिल को रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। रविवार रात मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कपूर ने कहा, 'अगर आप शुभमन को बल्लेबाज या मूल रूप से क्रिकेटर के तौर पर देखते हैं, वह सोच-समझकार काम करने वाला है या नहीं, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में काफी सोच-समझकर काम करता है।' उन्होंने कहा, 'मैंने उसे अंडर-16 के दिनों से देखा है। असल में मैंने उसके साथ एनसीए में दो शिविर किए हैं। उस समय भी उसने अपनी उम्र के कई अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपने दिमाग का बहुत अधिक उपयोग किया। और यह एक कप्तान के लिए एक महत्वपूर्ण गुण है - उसे ना केवल अपने लिए बल्कि दस अन्य खिलाड़ियों के लिए भी सोचना है और मैच जीतने की योजना बनाना है।' भारत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की शुरुआत करने को तैयार है और इस सप्ताह नए टेस्ट कप्तान की घोषणा होने की उम्मीद है।

### सुदर्शन ने खेली थी नाबाद 108 रन की पारी

कपूर ने कहा, 'अगर आप उस समय किसी से पूछते – यहां तक कि खुद धोनी से भी – कि वह अपनी कप्तानी के बारे में क्या सोचते हैं, तो कोई जवाब नहीं मिलता। किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले आपको एक खिलाड़ी को काफी समय तक देखना होता है। शुभमन ने अभी शुरुआत भी नहीं की है इसलिए यह कहना बहुत मुश्किल है।' कपूर ने पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलने के लिए साई सुदर्शन की भी प्रशंसा की। सुदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 108 रन की पारी खेली और आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।



### खैबर पख्तूनख्वा में तूफान से तीन की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर, नौशेरा और चारसद्दा जिलों में आए भीषण तूफान में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और विभिन्न घटनाओं में 11 अन्य लोग घायल हो गए। पेशावर और उसके आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भयंकर तूफान आया, जिसके परिणामस्वरूप तीन लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घंटाघर सब्जी मंडी में तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए।

पेशावर के उपायुक्त सरमद सलीम अकरम ने अतिरिक्त उपायुक्त राव हाशिम अजीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उपायुक्त ने आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज कराएं।

# पंजाब, हरियाणा व उप्र से अब तक 12 जासूस गिरफ्तार

पृष्ठ 1 का शेष... भारत ने 13 मई को जासूसी में कथित रूप से शामिल होने के कारण पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर दे रहे थे।



उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन की जांच और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का फॉरेंसिक विश्लेषण भी किया जा रहा है। पंजाब और हरियाणा से की गई गिरफ्तारियों के अलावा, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक कथित एजेंट को रविवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर से विशेष कार्य बल द्वारा गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने चार मई को अमृतसर के अजनाला के रहने वाले फलकशेर मसीह और सूरज मसीह को सीमावर्ती जिले में सेना के छावनी क्षेत्रों व हवाई अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें आईएसआई को भेजने में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि दोनों आरोपी सेना की गतिविधियों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविरों और हवाई अड्डों, तस्वीरों और अन्य संवेदनशील आंकड़ों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने और पाकिस्तान में अपने आकाओं को भेजने में कथित तौर पर शामिल थे। दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी दानिश से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए पंजाब पुलिस ने 11 मई को एक महिला सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय गुजाला और यामीन मोहम्मद के रूप में हुई है, जो मलेरकोटला के रहने वाले हैं।

### भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नई पहल की घोषणा

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** एसोसिएशन फोर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने भारत में खेल स्टार्टअप के लिए नीति वकालत पहल की घोषणा की है जिसमें आईएमटी



गाजियाबाद उसका भागीदार होगा। एएसआईपी भारत के खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अहम कमियों को दूर करने के लिए अपने नीति वकालत के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए एएसआईपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह इस क्षेत्र में उद्यमिता, निवेश और 'स्केलेबिलिटी' का समर्थन करने के लिए एक व्यापक नीति ढांचा विकसित कर रहा है।

### बुजुर्ग डॉक्टर पर लगाया गया जुर्माना

**यशोभूमि/भाषा**

**सिंगापुर।** सिंगापुर के 85 वर्षीय एक डॉक्टर पर सोशल मीडिया पर 'इस्लाम के प्रति अत्यधिक अपमानजनक' टिप्पणी करने को लेकर सोमवार को 10,000 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना लगाया गया। खो क्वांग पो नामक डॉक्टर के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने फेसबुक पर 2016 में और 2021 में फिर से ऐसी टिप्पणियां कीं जो 'इस्लाम के प्रति अत्यधिक अपमानजनक' थीं। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि वह कई वर्षों से फेसबुक पर इस्लाम को बदनाम करने वाली सामग्री पोस्ट करता रहा है। अभियोजन पक्ष ने अदालत से खो पर 10,000 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना लगाने का आग्रह किया और कहा कि उसने जानबूझकर ये पोस्ट किए थे।


# 'मां जैसी' अभियान पर मुंबई-केंद्रित स्पिन का अनावरण

**मुंबई।** मुंबई की पालन-पोषण की भावना को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए, भारत की अग्रणी दूध और दूध उत्पाद प्रमुख मदर डेयरी ने अपने प्रतिष्ठित 'माँ जैसी' अभियान का एक विशेष रूपांतरण 'आई जैसी मुंबई' शीर्षक से शुरू किया है। हाल ही में शुरू किए गए मुंबई-केंद्रित अभियान में शहर की माँ जैसी भावना का जश्न

### मदर डेयरी की पहल

मनाया जाता है और इसका उद्देश्य मुंबईकरों के साथ और अधिक गहराई से जुड़ना है, जिसमें शक्ति और कोमलता का अनूठा मिश्रण है जो उन्हें और उनके शहर को वास्तव में अद्वितीय बनाता है।

ओगिल्वी द्वारा परिकल्पित, अभियान जीवन के उन क्षणों को दर्शाता है जहाँ मुंबईकर उन मातृ गुणों को दर्शाते हैं जो हम अपनी माताओं में देखते हैं - निस्वार्थता, लचीलापन, पोषण और प्रेम। यह न केवल उन माताओं के लिए एक शांत, लेकिन शक्तिशाली सलामी है, जिनसे हम पैदा हुए हैं, बल्कि शहर और उसके लोगों के लिए भी, जो अक्सर हमारे जीवन में माँ की तरह बन जाते हैं। पहल के बारे में बोलते हुए, मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने कहा कि मुंबई एक माँ के गुणों का प्रतीक है - लचीला, स्वागत करने वाला और चुपचाप उदार। मातृ देखभाल और अटूट विश्वास के पर्याय के रूप में, दूध की हर बूंद और पोषण के हर चम्मच में स्पष्ट - मदर डेयरी को मुंबई में प्यार और देखभाल की इस विरासत को आगे बढ़ाने पर गर्व है, एक ऐसा शहर जो देने की अपनी निरंतर भावना के लिए प्रसिद्ध है। आई जैसी मुंबई के माध्यम से, हमारा लक्ष्य इस जीवंत शहर के लोगों के साथ अपने बंधन को गहरा करना है, साथ ही मुंबई की उसी देखभाल, करुणा और समर्पण के साथ सेवा करने के अपने वादे को मजबूत करना है जो हमारे ब्रांड को परिभाषित करता है।




### भारत में कोविड-19 की स्थिति नियंत्रण में

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** भारत में स्वास्थ्य अधिकारी सिंगापुर और हांगकांग में कोविड मामलों में वृद्धि की खबरों पर नजर रख रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को दावा किया कि देश में कोरोना वायरस संबंधी मौजूदा स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक हुई। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, बैठक में निष्कर्ष निकला कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। 19 मई तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत में कोविड-19 के पुष्ट मामलों की मौजूदा संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम है।

सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए.

सार्वजनिक दर सूची सूचना

शहर एवं औद्योगिक विकास महामंडल के अग्निशमन विभाग के लिए नये कॉन्क्रेट कटर मशीन ०१ सं. की खरीद हेतु निम्न निर्दिष्ट उल्लेखित तकनीकी मापदंड अनुसार पूर्व अनुभवी एवं इच्छुक कंपनी/एजेंसी/ठेकेदार की ओर से दर सूची प्रस्तुत की जाये.

Specification of Concrete Cutter-
1) Petrol operated Concrete cutter
2) Displacement : 76.5 $cm^3$
3) Power output : 4.3kw/5.8HP
4) Cutting Depth : more than 15 cm
5) Weight : 7.6 Kg
6) Chain Length : 40 cm
7) Rollomatic Guide Bar
8) Water Connection with dosing tap

उपरोक्त वर्णित किये गये तकनीकी मापदंड अनुसार अपनी दर सूची बंद लिफाफा में सूचना प्रकाशित होने से ७ दिनों के अंदर मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सिडको भवन, ०७वां तल, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई के तहत कार्यालयीन समयों में प्रस्तुत की जाये या ई-मेल आईडी cfo@cidcoindia.com पर भेजा जाये.

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/०८१/२०२५-२६

# पीवी सिंधू और एचएस प्रणय की नजरें मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन पर

**यशोभूमि/भाषा**

**कुआलालंपुर।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों

### सिंधू अभियान की शुरुआत करेंगी निदाइरा के खिलाफ

ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं। दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं।

विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी, जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा।



### घरेलू विवाद में छह लोगों की हत्या

**यशोभूमि/भाषा**

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को घरेलू विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुई घातक झड़प में तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई। बचाव सेवा 'रेस्क्यू 1122' के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने बताया कि पेशावर जिले के खट्टाको ब्रिज क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद में यह झड़प हुई और दोनों परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं।

इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल बताई गई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।





## श्रीकृष्ण उवाच

**परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।**
**धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥**

यशोभूमि

# संपादकीय

## खाड़ी देशों के प्रति झुकाव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का खाड़ी देशों के प्रति झुकाव अब जगजाहिर हो चुका है। वैसे तो यह झुकाव खाड़ी देशों के साथ मध्य पूर्व एशिया के लिए सुखद है,लेकिन एक समय में यूरोप को महत्व देनेवाले ट्रंप का खाड़ी देशों की तरफ बढ़ते झुकाव ने कई सवाल खड़े किए हैं। मध्य पूर्व के देश इजराइल के साथ अमेरिका की मित्रता जगजाहिर है,जबकि ईरान और अमेरिका में छत्तीस का आंकड़ा दशकों से रहा है। अब जबकि पिछले हफ्ते ट्रंप ने खाड़ी के देशों से बड़े व्यापारिक सौदे किए,सीरिया पर लगे प्रतिबंध हटाए और एक अमेरिकी नागरिक की रिहाई के लिए हमास से बातचीत की तो पूरी दुनिया की निगाह इन पर गई। इतना ही नहीं ट्रंप ने यमन में हूती लड़ाकों पर सैन्य हमलों को भी खत्म कराया है। उधर चीन से टैरिफ के मुद्दे पर डील की और ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखी है। दरअसल ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का अनुसरण कर रहे हैं। जाहिर है 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को कार्यान्वयन में ट्रंप को व्यापार को प्राथमिकता देनी होगी। इसका संकेत ट्रंप ने खाड़ी देशों की यात्रा से अपने कार्यकाल की शुरुआत करके दे दिया है। दौरे के दौरान रियाद में ट्रंप ने अपने भाषण में साफ कहा कि वह मध्य पूर्व में 'अराजकता नहीं बल्कि व्यापार' चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वो इस इलाके को आतंकवाद नहीं बल्कि 'प्रौद्योगिकी का निर्यातक' बनता देखना चाहते हैं। साफ है कि ट्रंप की निगाह एक ऐसी दुनिया पर है जहां मुनाफे से शांति की राह निकलेगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने खाड़ी देशों की यात्रा के दौरान कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बाद में व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिका में 600 बिलियन डॉलर के निवेश का समझौता किया गया है। हालांकि ट्रंप द्वारा किए गए कई समझौतों के महत्व पर सवाल उठाए उठाए जा रहे हैं। सौदों को समझौते से ज्यादा दिखावा बताया गया। दरअसल अब अमेरिकी विदेश नीति ट्रंप के इर्द-गिर्द घूम रही है। पिछले सप्ताह ये बात स्पष्ट हो गई है। मिसाल के तौर पर सीरिया के नए राष्ट्रपति और पूर्व जिहादी अहमद अल-शरा से मिलने और सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के राष्ट्रपति के असाधारण फैसला के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम से पता चला कि अगर विदेश नीति की डोर सिर्फ एक व्यक्ति के हाथ में हो,तो क्या कुछ संभव है। यह एक निर्णायक और साहसिक कदम था और यह स्पष्ट रूप से राष्ट्रपति ट्रंप का व्यक्तिगत निर्णय था। दरअसल इसे तुर्की और सऊदी अरब की भारी पैरवी के बाद लिया गया था। इसे रियाद में ट्रंप को मिली कूटनीतिक खुशामद और निवेश सौदों के बदले में लिया गया कदम माना जाता है। इस फैसले ने न केवल क्षेत्र के कई लोगों को चौंकाया,बल्कि अमेरिकी सरकार के कई लोगों को भी हैरान कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात तो ये है कि व्हाइट हाउस में बिना किसी व्यापक आंतरिक चर्चा के ट्रंप ने सभी निर्णय लिए हैं। निर्णय लेने का यह सिलसिला कोई साधारण बात नहीं है,लेकिन ट्रंप चूंकि व्यापार की आड़ में सभी निर्णय ले रहे हैं तो अमेरिका में उनके निर्णयों पर सवाल नहीं उठाया जा रहा है। कुल मिलाकर ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में विशुद्ध व्यापारी हो गए हैं। अपनी पहली विदेश यात्रा से इसका संकेत दिया है। खाड़ी देशों के प्रति ट्रंप के झुकाव को इसी निहितार्थ से देखा जा सकता है।

## प्रसंगतः जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ी

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन हेतु आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों की सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ,लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला, वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जायेगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे,जो पहली बार उनके घर आये थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घंटे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहां से चले। उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अब तक तो वे चले गए होंगे फिर भी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा, तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है। दीन दुखियों और जरूरतमंदों की सेवा सबसे पहले की जानी चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**20 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.58 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 07.00 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.14 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.42 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 15.53 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.07 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.23 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.28 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.15 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 01.48 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.18 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 140 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 05.52 बजे तदनन्तर अष्टमी 04.56 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 19.32 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 02.50 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 05.52 बजे, बालव 17.29 बजे तदनन्तर कौलव 04.56 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872350 **जूलियन दिन** 2460815.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# बदहाली की ओर बढ़ता पाक



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत 'आगे कुआं, पीछे खाई' वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया,लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य,कूटनीतिक,व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है। इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुनः बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा,लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए? क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए? क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए? मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय,दुष्ट,विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है। उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा। पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी। इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था,उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला,ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आतंकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा,पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं,लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया। पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएएफ,चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है,अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है। पाकिस्तान का झूठ, फरेब,विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है। वास्तविकता यह है कि गाजा पट्टी से हमास आतंकी समूह का सफाया करने के लिए इजराइल को उस पर लगातार बम बरसाकर और वहां की बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी। हालांकि पाकिस्तान को तबाह करने के लिए भारत को इतनी मशक्कत तो नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि पाकिस्तान अपने चरित्र और कर्म के चलते बिखर रहा है, लेकिन भारत को पाकिस्तान की चालाकी और धूर्तता पर कड़ी नजर रखते हुए वैश्विक स्तर पर उसकी असलीयत को उजागर करते रहना पड़ेगा। ■ यशोभूमि

**वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है,अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है। पाकिस्तान का झूठ, फरेब,विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है।**





# रिश्तों को समझने में 'अंतर्निहित बदलाव'

उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ महीने में पतियों की हत्या करने और रिश्तों को ताक पर रखने के अनेक मामले सामने आए हैं और विशेषज्ञों का मानना है कि यह संबंधों को समझने में 'अंतर्निहित बदलाव' के कारण हो रहा है। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में महिलाओं के विवाहेतर संबंधों के कारण पति की हत्या, प्रेमी के साथ घर बसाने के लिए जानबूझकर तलाक और घर से भाग जाने की घटनाएं सामने आई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह चलन लोगों के रिश्तों को समझने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीके में 'अंतर्निहित बदलाव' बताता है। मार्च के महीने में मेरठ में एक सनसनीखेज वारदात में मुस्कान रस्तोगी नामक महिला ने अपने प्रेमी साहिल की मदद से अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या करके उसके शव के टुकड़े कर दिए और उन्हें एक ड्रम में भरकर छुट्टियां मनाने चली गई। मर्चेंट नेवी में अधिकारी रहे सौरभ राजपूत अपनी पत्नी मुस्कान का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन से आए थे। पुलिस के अनुसार, राजपूत को नशीला पदार्थ दिया गया, चाकू मारा गया, उनके शरीर के टुकड़े किये गये और एक ड्रम में डालकर ड्रम को सीमेंट से भर कर बंद कर दिया गया। मेरठ में ही 27 वर्षीय रविता ने अपने 19 वर्षीय प्रेमी अमरदीप की मदद से अपने पति अमित कश्यप की गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों ने स्वाभाविक मौत बताने के लिए उसके शव के पास एक जहरीला सांप रख दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच्चाई का पता लग गया। बिजनौर में हुई एक घटना में शिवानी नाम की एक महिला ने दावा किया था कि उसके पति को दिल का दौरा पड़ा, लेकिन पोस्टमार्टम में पता चला कि उसके पति का गला घोंटा गया था। औरैया में एक शादी सिर्फ 15 दिन चली और फिर महिला, उसके प्रेमी और एक व्यक्ति ने पति दिलीप यादव की हत्या कर दी। राज्य के संत कबीर नगर जिले में एक अजीबोगरीब घटना हुई। जिले के निवासी बबलू को जब पता चला कि उसकी पत्नी के विवाहेतर संबंध हैं तो उसने उसकी शादी उस आदमी से कराने का फैसला किया जिसे वह चाहती थी। बबलू ने मेरठ 'ब्लू ड्रम' हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने टकराव के बजाय शांति को प्राथमिकता दी। हाल ही में,हमने देखा है कि पत्नियों ने ऐसे मामलों को लेकर अपने-अपने पति की हत्या कर दी है। इसलिए मैंने अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवाने का फैसला किया ताकि हम दोनों सुकून से रह सकें। फर्रुखाबाद में भी इसी तरह की घटना में राहुल अपनी पत्नी वैष्णवी से सिर्फ इसलिए अलग हो गया ताकि वह उसकी दोबारा शादी में मदद कर सके। दोनों ने अभी तक तलाक नहीं लिया है, लेकिन वे नए सिरे से शुरुआत करने पर अड़े हुए हैं। अलीगढ़ में हाल ही में रिश्तों को शर्मसार करती हुई एक अजीबोगरीब घटना सामने आई जिसमें एक महिला अपने होने वाले दामाद के साथ घर छोड़ कर चली गई। महिला की बेटी का उस व्यक्ति से 10 दिन बाद विवाह होने वाला था। स्थानीय निवासी रमाकांत ने इस घटना पर कहा कि बेटी की शादी से पहले माताओं का भावुक होना आम बात है,लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं देखा कि कोई महिला उस आदमी के साथ भाग जाए जिससे उसकी बेटी की शादी होने वाली हो। महिला की बेटी ने कहा कि उसकी मां अपने होने वाले दामाद से खूब बातें करती थी, लेकिन वह उसके साथ चली जाएगी ऐसा कभी नहीं सोचा था। उसने कहा कि मेरी शादी 16 अप्रैल को होनी थी और मेरी मां कुछ दिन पहले ही उसके साथ भाग गईं। वह मेरी शादी के लिए रखे पैसे और गहने भी ले गयीं। पारिवारिक जटिलताओं के मामले में विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिक डॉक्टर सुप्रिया दास ने कहा कि ये सभी घटनाएं सतही तौर पर तो सनसनीखेज थीं मगर ये मानवीय जटिलता को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं व्यक्तिगत इच्छाओं और सामाजिक मानदंडों के बीच एक जटिल अंतर्संबंध को उजागर करती हैं। उन्होंने इन घटनाओं को विसंगतियों के रूप में खारिज करने से भी इनकार कर दिया और दावा किया कि ये लोगों के रिश्तों को समझने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीके में 'अंतर्निहित बदलावों' को दिखाती हैं। बदायूं में, चार बच्चों की 43 वर्षीय मां ममता ने एक साल के प्रेम संबंध के बाद अपनी बेटी के ससुर शैलेंद्र के साथ भागकर शादी कर ली। सिद्धार्थनगर में शादीशुदा गीता और विवाहित गोपाल ने अपने जीवनसाथियों और बच्चों को छोड़कर भागकर शादी कर ली। उनकी गुपचुप शादी का पता तब चला जब उनकी शादी की तस्वीरें फेसबुक पर सामने आईं। अमरोहा में 30 वर्षीय शबनम ने हिंदू धर्म अपनाया और एक मंदिर में 18 वर्षीय छात्र के साथ विवाह रचा लिया। उसकी पिछली दो शादियों से तीन बच्चे हैं। डॉक्टर सुप्रिया दास ने कहा कि विवाह की 'सांसारिक वास्तविकताएं' हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन शायद भावनात्मक संतुष्टि की कमी के लिए असहिष्णुता बढ़ रही है। लोग व्यक्तिगत खुशी को प्राथमिकता देने वाले विकल्पों की तलाश करने के लिए खुद को सशक्त या संभवतः उतावला हताश महसूस कर रहे हैं। भले ही इसका मतलब लंबे समय से चली आ रही सामाजिक परंपराओं को चुनौती देना क्यों न हो। ■ यशोभूमि



**हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में महिलाओं के विवाहेतर संबंधों के कारण पति की हत्या, प्रेमी के साथ घर बसाने के लिए जानबूझकर तलाक और घर से भाग जाने की घटनाएं सामने आई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह चलन लोगों के रिश्तों को समझने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीके में 'अंतर्निहित बदलाव' बताता है। मार्च के महीने में मेरठ में एक सनसनीखेज वारदात में मुस्कान रस्तोगी नामक महिला ने अपने प्रेमी साहिल की मदद से अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या करके उसके शव के टुकड़े कर दिए और उन्हें एक ड्रम में भरकर छुट्टियां मनाने चली गई।**

# मासिक कालाष्टमी व्रतः जानें पूजा विधि और महत्व

**मासिक कालाष्टमी,जिसे कालाष्टमी भी कहा जाता है, हिंदू धर्म में हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। यह दिन भगवान काल भैरव को समर्पित है,जो भगवान शिव के उग्र रूप माने जाते हैं। कालाष्टमी व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस व्रत को हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। मान्यता है कि भगवान काल भैरव अपने भक्तों को नकारात्मक ऊर्जा,काले जादू और बुरी शक्तियों से बचाते हैं। इस व्रत को करने से इन सब से बचाव होता है। काल भैरव को विघ्नहर्ता भी माना जाता है। इस व्रत को करने से जीवन में आ रही बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं और लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिलती है।**

भगवान भैरव शक्ति और पराक्रम के प्रतीक हैं। उनकी पूजा और व्रत करने से भक्तों में साहस, आत्मविश्वास



और निर्भीकता आती है।

काल भैरव को समय और मृत्यु का नियंत्रक माना जाता है। उनकी आराधना से मृत्यु का भय कम होता है और आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। भगवान भैरव शत्रुओं का नाश करने वाले भी माने जाते हैं। इस व्रत से शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने में मदद मिलती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, काल भैरव की पूजा करने से ग्रहों के अशुभ प्रभाव और दोष भी दूर होते हैं।

### कालाष्टमी 2025 डेट

वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 20 मई को सुबह 05 बजकर 51 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 21 मई को सुबह 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में मासिक कालाष्टमी का व्रत 20 मई को रखा जाएगा।

**कालाष्टमी व्रत की पूजा विधि**

इस दिन भक्त उपवास रखते हैं और भगवान काल भैरव की विशेष पूजा करते हैं। सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें। घर के पूजा स्थल को साफ करें और भगवान काल भैरव की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। उन्हें फूल, फल, मिठाई और अन्य पारंपरिक वस्तुएं अर्पित करें। दीपक जलाएं और काल भैरव की कथा पढ़ें या सुनें। काल भैरव के मंत्रों का जाप करें, जैसे 'ॐ कालभैरवाय नमः' या 'ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु बटुकाय ह्रीं'। भक्त इस दिन काले कुत्ते को भी भोजन कराते हैं, क्योंकि यह भगवान भैरव का वाहन माना जाता है।

## आपका राशिफल 20 मई

**मेष:** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। शुभांक-3-5-7

**वृषभ:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हों समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। शुभांक-2-5-8

**कर्क:** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अतःवाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। शुभांक-1-5-8

**सिंह:** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना है। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। शुभांक-2-5-7

**कन्या:** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-8

**तुला:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक:** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**धनु:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शुभांक-3-5-7

**मकर:** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी,लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। शुभांक-3-5-8

**कुंभ:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मीन:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-8

यशोभूमि आपकी चिट्ठी

## अवैध पार्किंग से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से सिडको प्रशासन का ध्यान बेलापुर में दिलाना चाहता हूँ। यहां रेलवे स्टेशन के बाहर अग्रोली और शहाबाज गांवों में आने-जाने के लिए बनाए गए फुटपाथों पर दोपहिया वाहन चालक अवैध पार्किंग करते हैं। जिससे विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक सिडको और मनपा पार्किंग स्थलों पर लगाए गए शुल्क से बचने के लिए रेलवे स्टेशन के बाहर खुले स्थानों पर अपने वाहनों को अवैध रूप से पार्क करते हैं। अतः सिडको प्रशासन से विनती है कि उक्त स्थानों को अवैध पार्किंग मुक्त करवाएं ताकि नागरिकों को राहत मिले। ■ विशाल मिश्रा ,बेलापुर नवी मुंबई



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रतापगढ़।** पट्टी थाना क्षेत्र के मकरा मनभवना गांव से रविवार देर रात बारात जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के बेलवार गांव जा रही थी। बाराती बोलेरो से अभी पट्टी रानीगंज रोड पर दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोई गांव के पास पहुंचे थे कि ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान बोलेरो अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो और कार का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में मकरा मनभवना गांव निवासी 40 वर्षीय पप्पू गौतम एवं कार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। दो अन्य घायलों का नाम पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही दिलीपपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

### मौसम में उतार-चढ़ाव से जनजीवन प्रभावित

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर।** जेठ की तपन अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। आसमान में हल्के बादल के बाद धूप और तेज लगने लगी है। पुरवा हवा के कारण उमस बढ़ गई है। तापमान में उतार-चढ़ाव होने के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दलहनी फसलों पर प्रभाव पड़ने का डर है। जनपद में जेठ माह का मौसम रोजाना बदल रहा है। तेज धूप व पुरवा हवा के कारण उमस बढ़ गई है। आसमान में हल्के बादल के बाद मौसम साफ हो गया, जिससे आसमान से आग बरसने लगी। धूप तेज होने से दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम में उतार-चढ़ाव होने के कारण सर्दी-जुकाम व बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ गई है। पशु-पक्षियों को पानी की समस्या हो गई है। तालाब में पानी भराने का आदेश कागजों तक सीमित है। मौसम में बदलाव होने के कारण सब्जी की खेती करने वाले किसानों को हर दूसरे दिन सिंचाई करनी पड़ रही है।

### पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली के दारानगर में सोमवार की भोर में बाइक के बिजली के पोल से टकरा जाने से व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के वक्त व्यक्ति सैनी मंडी में सब्जी खरीदने जा रहा था। सूचना के बाद पुलिस ने पंचनामे की औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी निवासी 54 वर्षीय रमाशंकर पांडेय पुत्र राजलाल सोमवार की भोर में करीब चार बजे बाइक से सैनी स्थित सब्जी मंडी में प्याज खरीदने जा रहे थे। वह दारानगर में सोसायटी के सामने पहुंचे थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में रमाशंकर पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सूखे पड़े हैं कई गांव के अमृत सरोवर

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अमृत सरोवरों में पानी भराने के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही से अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने की जगह अमृत सरोवर खुद पानी मांग रहे हैं। सांगीपुर ब्लॉक में लाखों खर्च से बने अमृत सरोवर बेमतलब साबित हो रहे हैं। इलाके के चाहिन, आमीशंकरपुर, दर्रा, नरवल सहित कई गांव के अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। इसके चलते पशु-पक्षी गर्मी में प्यास से तड़प रहे हैं। विमल कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ, सांगीपुर का कहना है कि अमृत सरोवरों में पानी भराने के लिए प्रधान और सचिवों को निर्देशित किया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गैपुरा चौकी के पास मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर रविवार की शाम करीब चार बजे एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महोखर गांव के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर पड़ी, जिससे चालक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 236 करोड़ से तैयार होगा चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने अब प्रदेश में चौथे

**18 महीनों में पूरा किया जाएगा निर्माण कार्य**

**45 एकड़ में होगा मुख्य परिसर का निर्माण**

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस बीच, सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शुमार गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम योगी के विजन के अनुसार नियोजन विभाग द्वारा इस विषय में एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा, जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा।



**गोरखपुर-वाराणसी हाइवे से जोड़ने की है तैयारी**

**कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा, जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोरखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है।**

# सुल्तानपुर : इकलौते बेटे ने की ईंट से हमला कर पिता की निर्मम हत्या

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात के केनौरा गांव में इकलौते बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपित ने बहन को भी ईंट मारकर घायल कर दिया। मृतक की पत्नी विमला की तहरीर

**बहन को भी ईंट मारकर कर दिया घायल**

**नशे की हालत में दिया घटना को अंजाम**

पर पुलिस आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। गांव में इस घटना के बाद से तनाव का माहौल है। केनौरा गांव निवासी हृदयलाल (55) रविवार की रात घर में मौजूद थे। उनकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर गई थीं। तभी उनका इकलौता बेटा श्रवण नशे की हालत में घर पहुंचा। पिता से विवाद कर ईंट से उन पर हमला कर दिया। पिता की गुहार सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची छोटी बेटी अमीषा (18) पर भी श्रवण ने ईंट से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद उसने पिता के सिर पर कई वार कर मरणासन्न कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से हृदयलाल और अमीषा को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हृदयलाल को मृत घोषित कर दिया। अमीषा का इलाज चल रहा है। लंभुआ क्षेत्राधिकारी ने सोमवार को बताया कि मृतक की पत्नी विमला की तहरीर पर आरोपित बेटे श्रवण के खिलाफ हत्या और हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, श्रवण पहले भी शराब के नशे में घर में हंगामा करता था और कुछ दिन पहले उसने अपनी मां को भी मारा था। गांव में इस घटना के बाद से तनाव का माहौल है।



**पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार**

केनौरा गांव निवासी हृदयलाल (55) रविवार की रात घर में मौजूद थे। उनकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर गई थीं। तभी उनका इकलौता बेटा श्रवण नशे की हालत में घर पहुंचा। पिता से विवाद कर ईंट से उन पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने पिता के सिर पर कई वार कर मरणासन्न कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से हृदयलाल और अमीषा को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हृदयलाल को मृत घोषित कर दिया। लंभुआ क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपित बेटे श्रवण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# वाराणसी : स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति का कमिश्नर ने लिया जायजा

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी।** राजातालाब गंजारी में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बारिश के चलते कार्य बाधित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन के अफसर सतर्क हैं। स्टेडियम पहुंचे कमिश्नर एस.

**बारिश में भी काम न रुकने का दिया निर्देश**

राजलिंगम ने कार्यदायी संस्था एल एंड टी, लोकनिर्माण, एनएचएआई, यूपीसीए के अफसरों से कहा कि बारिश के मौसम में जमा होने वाले वर्षा जल की निकासी की व्यवस्था पहले से ही कर लें। उन्होंने कहा कि यूपीसीए ने उचित वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की है, लेकिन अगर आपातकालीन स्थिति में अतिरिक्त जल निकासी की आवश्यकता हो तो उसे भी देखा जाना चाहिए। मंडलायुक्त ने आस-पास के तालाब की तलाश करने का निर्देश दिया, जहां अतिरिक्त वर्षा जल का निपटान किया जा सके। उन्होंने स्टेडियम को चलाने के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन के बारे में बिजली बोर्ड कार्यालय से भी चर्चा की। निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के बाद कमिश्नर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की भी जानकारी ली। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निर्माण के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही या देरी न हो। उन्होंने निर्माण में आ रही तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।



### बच्चों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी।** गर्मी की छुट्टियों के पूर्व सोमवार को नमामि गंगे ने भैरोनाथ स्थित वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बच्चों के बीच पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आधारित प्रश्नोत्तरी हुआ। इस दौरान नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बच्चों को पर्यावरण संबंधी जानकारी दी। बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, जल व वायु प्रदूषण के कारक, कारण व निवारण पर प्रकाश डाला। पेड़ों की कमी के कारण चिलचिलाती धूप, पृथ्वी का गर्म होना तथा शुद्ध वायु में कमी जैसी समस्या उत्पन्न होगी। जल व वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरा एवं अन्य समस्या उत्पन्न होगी। इसके दुष्परिणाम से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मावकाश की वजह से विद्यालय में पठन-पाठन नहीं होगा।

# जौनपुर : पुलिसकर्मी की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** शनिवार की आधी रात पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान तस्करों द्वारा पिकअप से रौंदने से हुई पुलिसकर्मी चंदौली जनपद के सकलडीहा थानाक्षेत्र

**सहयोगियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

के उकनी गांव निवासी दुर्गेश कुमार सिंह (35) की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृदुभाषी व व्यवहार कुशल दुर्गेश की पत्नी प्रियंका सिंह खुज्झी में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं। वह सिधौनी गांव में किराए के मकान में 6 वर्षीय बेटी नव्या व दो वर्षीय तान्या के साथ रहती हैं। घटना की जानकारी होते ही पिता दीनानाथ सिंह पुत्री तारा के साथ पहुंच गए। माता उर्मिला सहित परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को घर भेजवा दिया। दोपहर बाद शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शहीद को कंधा दिया। इससे पहले शहीद सिपाही को उनके सहयोगियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। देर शाम सिपाही का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार चंदौली स्थित घाट पर किया गया।

### दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो रूपाली सक्सेना की अदालत ने सोमवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपना फैसला सुनाया। नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी अफसर अली को कोर्ट ने सात साल की सजा और पन्द्रह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। यह पूरा मामला बदलापुर थाना क्षेत्र से जुड़े एक गांव का है। पांच जुलाई 2017 को गांव की एक नाबालिग लड़की डॉक्टर से दवा लेने के लिए क्लीनिक गई थी। दो घंटे तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। पीड़ित लड़की की मां ने गांव के ही अफसर अली पर बेटी पर अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि एक साल पहले भी आरोपित ने स्कूल जाते समय उनकी बेटी के साथ बदतमीजी की थी। शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी और रमेश चंद्र पाल के प्रस्तुत गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने मुख्य आरोपित अफसर अली को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई। वहीं अपहरण में सहयोग करने वाले शहनाज अली को 5 साल की जेल और 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# बिहार जा रहे अवैध शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** लालगंज पुलिस और एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की। टीम ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 300

**कार में छिपाकर कर रहे थे शराब की तस्करी**

बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी शराब की खेप हरियाणा के फरीदाबाद से लाकर बिहार पहुंचाने की फिराक में थे। तस्करी में प्रयुक्त दो लग्जरी कारें स्विफ्ट डिजायर और विन्टो भी सीज कर दी गई हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लालगंज क्षेत्र के चेरूईराम नेशनल हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान दो संदिग्ध कारों को रोका गया। तलाशी लेने पर स्विफ्ट डिजायर से 48 बोतल और विन्टो कार से 252 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (प्रत्येक बोतल 750 एमएल) बरामद हुईं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान दीपनारायण यादव (राजीवनगर, पटना), रोहन सिंह (राजीवनगर, पटना), गोलू कुमार (दिघ्या, पटना) और रोहन कुमार (कुंजी, पटना) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि शराब की यह खेप फरीदाबाद, हरियाणा से लाकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। तस्करों ने पुलिस को बताया कि वे अक्सर शराब को गाड़ियों के दरवाजों, सीटों के नीचे और ट्रंक में छिपाकर ले जाते हैं, ताकि चेकिंग में पकड़े न जाएं, लेकिन इस बार वे लालगंज पुलिस की मुस्तैदी से नहीं बच सके। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# मिर्जापुर : रेल लाइन पर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** सोमवार की सुबह जिगना रेलवे स्टेशन के पूरब चड़ेरू चौकठा गांव के सामने नई रेल लाइन पर एक युवक का शव मिलने से

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**

इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की। शव की पहचान प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के प्रयागपुर रमगढ़वा गांव निवासी 22 वर्षीय अनुज कुमार बिंद के रूप में हुई। परिजन के अनुसार अनुज मुंबई से यात्री ट्रेन द्वारा अपने घर लौट रहा था। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे अनुज ने अपने पिता रमाशंकर बिंद से मोबाइल पर बातचीत की और बताया कि वह कुछ ही देर में जिगना स्टेशन पहुंचने वाला है। इसके बाद अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया। परिवार वालों को अनहोनी की आशंका हुई और जब वे स्टेशन के पास पहुंचे, तो उन्हें अनुज का शव रेल पटरी पर मिला। घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं हैं। हादसा था या कुछ और, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

यशोभूमि / एजेंसी

**मऊ।** विद्युत उपकेन्द्र अरदौना से संचालित जगन्नाथपुर गांव में लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर विगत दो दिनों से जला है। ऐसे में बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद इसे न तो बदला जा सका है, न ही इसकी मरम्मत की जहमत उठाने को विभाग के जिम्मेदार तैयार हैं।

# ऑटो और स्कॉर्पियो की टक्कर में युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रतापगढ़।** शहर से सिटी कस्बा जाने वाली सड़क पर देहात कोतवाली क्षेत्र के टेउंगा गांव के पास रविवार की शाम बाइक सवार को बचाने में एक स्कॉर्पियो ने सवारियों से

**हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल**

भरे ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो में सवार जौनपुर निवासी एक युवक की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शहर से सवारियां लेकर लालगंज की ओर जा रहा ऑटो शाम करीब छह बजे टेउंगा पहुंचा था, तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो बाइक सवार को बचाने में असंतुलित हो गई। वह सवारियों से भरे ऑटो में सामने से टकरा गई। रफ्तार अधिक होने से ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। वे सड़क पर गिर गए और आवागमन ठप हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सिटी चौकी इंचार्ज अतुल तिवारी, मोहनगंज चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल लोगों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां गंभीर रूप से घायल जौनपुर मीरगंज बंधवा निवासी उमाशंकर के 22 वर्षीय बेटे अनुराग सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल लीलापुर के 48 वर्षीय वसीक, अंतू राजापुर के 50 वर्षीय विजय बहादुर सिंह, देहात कोतवाली बढ़नी के अजय कुमार की 30 वर्षीय पत्नी शोभा, टेउंगा के 25 वर्षीय रोहित प्रजापति, लालगंज भैभौरा के दिनेश सरोज की 25 वर्षीय पत्नी पूजा, लीलापुर हंडौर के मो. सलीम की 55 वर्षीय पत्नी अनीमुलनिशा और रेखादेवी को भर्ती कर लिया। हादसे में चार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।



# जौनपुर : पुलिस ने वांछित चल रहे बदमाश को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** पुलिस ने एक वांछित बदमाश को रविवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया, जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस सम्बन्ध में जानकारी

**तमंचा, कारतूस और बाइक हुई बरामद**

देते हुए क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा ने बताया कि बक्शा थाना और तेजीबाजार की पुलिस टीम संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बक्शा हाइवे से चुरावनपुर की तरफ जा रहे हैं। रात करीब 1:20 बजे पुलिस टीम नहर की पुलिया के पास तैनात थी। एक मोटरसाइकिल तेजी से आती दिखी। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों थानाध्यक्षों ने फायर किया। फायरिंग में एक बदमाश राजू यादव (21) के बाएं पैर में गोली लगी। दूसरा बदमाश काजू अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। राजू यादव जौनपुर के मथुरापुर कोठवां का रहने वाला है। फरार बदमाश काजू वाराणसी के चोलापुर का निवासी है। घायल बदमाश से एक तमंचा 315 बोर, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। घायल को पहले सीएचसी नौपेड़वा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया गया। राजू थाना जलालपुर और थाना चंदवक का वांछित बदमाश है। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि वह जलालपुर में हुए पुलिस पर हमले में शामिल था। साथ ही चंदवक में सिपाही हत्याकांड में भी शामिल था।



# भारतीय सेना के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

यशोभूमि / एजेंसी

**अयोध्या।** ऑपरेशन सिंदूर एवं भारतीय सेना के सम्मान में शिवदयाल

**विद्यार्थियों ने किया वन्दे मातरम का जय घोष**

जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसी नगर के विद्यार्थियों ने सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। ऑपरेशन सिंदूर की गौरवशाली उपलब्धि पर देश की आन, बान और शान के प्रतीक सैनिकों के सम्मान में विद्यालय के भैया-बहनों ने तिरंगा यात्रा निकाली और वन्दे मातरम का जय घोष किया। यह यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर तुलसी उद्यान, श्री राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय, पोस्ट ऑफिस तिराहा होते हुए अशर्फी भवन, ऋणमोचन चौराहा, गोलाघाट होकर विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व हनुमत निवास मंदिर के महन्त मिथिलेशनंदिनी शरण, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा एवं प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा के तुलसी उद्यान पहुंचने पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सहयोगियों के साथ पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय हिंद जैसे जयघोष से उत्साहित किया। यात्रा के दौरान जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। पोस्ट ऑफिस तिराहा होते हुए तिरंगा यात्रा के अशर्फी भवन पहुंचने पर भारतीय दूर विभाग एवं शिवम मेडिकल स्टोर पर जयशंकर प्रसाद दुबे सहित सभी ने पुष्पवर्षा कर यात्रा को आगे रवाना किया। यह यात्रा ऋणमोचन चौराहा, गोलाबाजार चौराहा होते हुए विद्यालय परिसर पर संपन्न हुई। विद्यालय में भैया-बहनों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति गीत एवं रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर लल्ला सिंह, परमात्मादीन, रामजी मिश्र, उर्मिला, कृष्णानंद तिवारी, विनीत कुमार पाण्डेय, विभा, अरविंद, उत्तम, राम उजागर, ज्योति तिवारी, मुकेश तिवारी सहित सभी आचार्य परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**महापौर ने पुष्पवर्षा व स्वागत कर किया उत्साहित**

**तिरंगा यात्रा का नेतृत्व हनुमत निवास मंदिर के महन्त मिथिलेशनंदिनी शरण, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा एवं प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा के तुलसी उद्यान पहुंचने पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सहयोगियों के साथ पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय हिंद जैसे जयघोष से उत्साहित किया। यात्रा के दौरान जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। पोस्ट ऑफिस तिराहा होते हुए तिरंगा यात्रा के अशर्फी भवन पहुंचने पर भारतीय दूर विभाग एवं शिवम मेडिकल स्टोर पर जयशंकर प्रसाद दुबे सहित सभी ने पुष्पवर्षा कर यात्रा को आगे रवाना किया।**

संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात बदमाशों ने की युवक की हत्या

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के करैलाबाग में ससुर खदेरी नदी के समीप एक युवक की हत्या कर दी गई। सोमवार को सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि आम्बेडकर नगर के रहने वाले पुनीत प्रजापति (25) की अज्ञात बदमाशों ने करेली के करेलाबाग ससुर खदेरी नदी के पास हत्या कर दी। सोमवार को सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर हत्या से संबंधित साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम पहुंची थी। इस संबंध में परिवार से तहरीर लेकर तत्काल मुकदमा दर्ज कर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** जिगना रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर पूरब, चौकठा गांव के सामने सोमवार सुबह रेलवे लाइन पर युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जीआरपी ने मृतक की पहचान भंवरपुर-अजगना गांव निवासी लवकुश बिंद (22) पुत्र श्यामसुंदर के रूप में की। वह रविवार की शाम सात बजे से लापता था। सुबह करीब आठ बजे परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। मां सीमा देवी ने हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगाया है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी ने फोन कर लवकुश को गांव के बाहर एक बगीचे में बुलाया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। पड़ोसी ने अपने बेटों और पत्नी के साथ मिलकर लवकुश की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

यशोभूमि / एजेंसी

**देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के दोगारी राजमल में ससुरालियों ने एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता अपनी गोद में छोटी बच्ची को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने ससुरालियों पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता चन्दा देवी पत्नी सतेन्द्र गोड़ निवासी दोगारी राजमल ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पहले हुई थी। विदा होकर ससुराल गयी, तभी से सास-ससुर दहेज कम मिलने का उलाहना देकर काफी प्रताड़ित करने लगे। हमारी एक छोटी बच्ची है। उसको भी खर्च देना बन्द कर दिये व हमको मारपीट कर ससुराल वाले घर से निकाल दिये।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा इनामी बदमाश

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रयागराज।** एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई की टीम ने पचास हजार के इनामी बदमाश को प्रतापगढ़ के रानीगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार इनामी प्रतापगढ़ जनपद के थाना लीलापुर क्षेत्र में पूरे हन्डीर नाहर गांव निवासी गुफरान खान पुत्र मोहम्मद मुस्तफा खान है। उसके खिलाफ प्रतापगढ़ के फतनपुर थाने सहित कुल 6 लूट की वारदात के मुकदमें दर्ज हैं। इसकी गिरफ्तारी के लिए पचास हजार का इनाम घोषित किया गया था। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई के निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में इसकी तलाश की जा रही थी।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**गाजीपुर।** गहमर थाना क्षेत्र के गदाईपुर गांव में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से बाइक सहित फरार हो गया। गहमर थाना के गदाईपुर गांव निवासी 85 वर्षीय यमुना राम जैसे ही सड़क पार करने लगे, वैसे ही सामने से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग वहीं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का है ध्येय

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। इस दौरान 60 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सभी से मुलाकात की, फिर कुशलक्षेम पूछा। हर पीड़ित की शिकायत सुनी और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को

**जनता दर्शन में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ**

**60 से अधिक फरियादियों की सुनीं समस्याएं**

सर्वाधिक शिकायतें प्रयागराज से आईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सरकार हर जरूरतमंदों की जरूरत पर खड़ी है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए समय से निस्तारण के निर्देश दिए। प्रयागराज से कई शिकायतें आईं, जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से



सुना और कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देशित किया। पुलिस, खेत की पैमाइश, आवास, चकरोड, खेतों में कब्जा, बिजली कनेक्शन समेत अन्य फरियाद लेकर पीड़ित पहुंचे, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। जनता दर्शन में कई पीड़ित परिवार के साथ आए थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बच्चों को दुलारा, उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य का भी आशीर्वाद दिया। सोमवार को जनता दर्शन में 8 फरियादी प्रयागराज से आए। देवरिया जनपद से 4, सहारनपुर, बस्ती-फतेहपुर से 3-3 फरियादी जनता दर्शन में आये। मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी व भदोही से दो-दो फरियादी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिले। सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, जनता की सेवा, सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए डबल इंजन की सरकार पूर्णतः दृढ़ संकल्पित है।

**बच्चों को खूब पढ़ने व उज्ज्वल भविष्य का दिया आशीर्वाद**

**जनता दर्शन में कई पीड़ित परिवार के साथ आए थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बच्चों को दुलारा, उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य का भी आशीर्वाद दिया। सोमवार को जनता दर्शन में 8 फरियादी प्रयागराज से आए। देवरिया जनपद से 4, सहारनपुर, बस्ती-फतेहपुर से 3-3 फरियादी जनता दर्शन में आये। मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी व भदोही से दो-दो फरियादी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिले।**

# मंडुवाडीह पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश को दबोचा

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी।** मंडुवाडीह पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में दबोच लिया। रविवार देर रात हुई मुठभेड़ की जानकारी पाते ही मौके पर डीसीपी वरूणाजोन व अन्य अफसर भी पहुंच गए। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कौशांबी जिले

**गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में चल रहा था वांछित**

**पुलिस ने इलाज के लिए भिजवाया अस्पताल**

के करारी थाने के नयागंज निवासी मोहम्मद इरफान के रूप में हुई है। वह रोहनिया थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित था। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि मंडुवाडीह थानाध्यक्ष भरत उपाध्याय को रविवार आधी रात जानकारी मिली कि रोहनिया थाने में गैंगस्टर एक्ट में वांछित पशु तस्कर मोहम्मद इरफान अपने एक साथी प्रयागराज लोहगरा निवासी मोहम्मद लईक के साथ बनारस रेलवे स्टेशन पर आने वाला है। इसके बाद मंडुवाडीह थानाध्यक्ष ने अपने सहयोगियों के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। देर



रात एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को आते देख पुलिस टीम ने उन्हें रूकने का संकेत दिया। इस पर दोनों मुड़कर भागने के चक्कर में बाइक से फिसलकर सड़क पर गिर पड़े। सड़क पर गिरते ही इरफान ने पुलिस टीम पर फायरिंग झोंक दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोलिया चलाई, जिसमें एक गोली इरफान के बाएं पैर में लगी। इस दौरान अफरा-तफरी का लाभ उठाकर मोहम्मद लईक पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकला। देर रात तक लईक की तलाश में पुलिस की कांबिंग जारी रही। पुलिस ने जख्मी इरफान को गिरफ्तार कर लिया।

**लंबे समय से गौतस्करी में था संलिप्त**

**अस्पताल में पूछताछ में बदमाश ने पुलिस टीम को बताया कि वह लंबे समय से गौतस्करी में संलिप्त था। इसके चलते पुलिस को उसकी तलाश थी और पिछले दिनों ही उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित हुआ था। अफसरों ने बताया कि पकड़े गए तस्कर पर गैंगस्टर एक्ट, गौवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत वाराणसी, चंदौली, कानपुर नगर और प्रयागराज में नौ मुकदमे दर्ज हैं। इस दौरान अफरा-तफरी का लाभ उठाकर मोहम्मद लईक पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकला। देर रात तक लईक की तलाश में पुलिस की कांबिंग जारी रही।**

## छत ढहने से पूर्व प्रधान सहित तीन घायल

यशोभूमि / एजेंसी

**बस्ती।** दुबौलिया थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बैसौरा में छत का एक हिस्सा अचानक भरभरा कर ढह गया। कमरे में बैठे पूर्व प्रधान सहित तीन लोग हादसे में घायल हो गए। घायलों को कुसौरा बाजार स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुबौलिया थानाक्षेत्र के बैसौरा निवासी पूर्व प्रधान लालचंद्र का मकान गांव में स्थित है। वह अपने परिवार संग पुराने मकान में रहते हैं। बताया जा रहा है कि सुबह वह परिजनों संग अपने मकान के जिस हिस्से में मौजूद थे, उसकी छत भरभरा कर ढह गई। अचानक हुए हादसे में छत के मलबे की चपेट में आकर पूर्व प्रधान लालचंद्र, उनकी पत्नी कलावती देवी व रवि घायल हो गए।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**देवरिया।** बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार पश्चिम टोला में सोमवार की सुबह विद्युत पोल पर एलटी लाइन का तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

**सूचना घर पहुंचने पर परिजनों में मचा कोहराम**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार में महेन फीडर से विद्युत आपूर्ति होती है। एक उपभोक्ता की लाईन पोल से कई दिनों से खराब थी। बिनोवापुरी टोला निवासी अखिलेश प्रसाद (35) पुत्र स्व. रामकृत गांव में बिजली मरम्मत का कार्य करता था। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे कपरवार पश्चिम टोला में मंटू के घर सामने लगे विद्युत पोल पर सीढ़ी के सहारे चढ़कर एलटी लाइन का तार जोड़ने लगा। उस समय बिजली



कटी थी। तार जोड़ते समय विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई। करंट लगने से वह बुरी तरह से झुलसकर नीचे सड़क पर गिर गया। आसपास के लोग उसे एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाते, तब तक उसकी मौत हो गई। अखिलेश की मौत की सूचना घर पहुंची, तो घर में चीख-पुकार मच गई। बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे। पत्नी संजू शव से लिपटकर दहाड़े मारने लगी। भाइयों का भी वही हाल था। अखिलेश 6 भाइयों में चौथे नंबर का था। उसकी कोई संतान नहीं है।

## गंगा में डूबने से अधेड़ की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** शिवपुर स्थित राम गया घाट पर गंगा किनारे मछली पकड़ने गए एक अधेड़ की जिंदगी का सोमवार का दिन आखिरी दिन बन गया। 45 वर्षीय बाबूलाल निषाद की गंगा में डूबने से मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे बाबूलाल निषाद पुत्र दुर्गा प्रसाद निषाद, जो राम गया घाट निषाद बस्ती के रहने वाले थे, मछली पकड़ने के लिए अपने घर से एक जाल लेकर निकले। मछली पकड़ते वक्त जैसे ही स्नान के लिए, गंगा में डुबकी लगाई, पहले से डाले गए जाल (मछली पकड़ने का तार) में गला फंस गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, वह गंगा की लहरों में समा चुके थे। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की।

## जिलाधिकारी व अपर पुलिस आयुक्त ने जेल का किया निरीक्षण




यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चिनप्पा ने सोमवार को चौकाघाट मकबूल आलम रोड स्थित जिला कारागार में कैदियों का हाल जाना। पूरे जेल और बैरकों का औचक निरीक्षण करने के बाद अफसरों ने कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में बंद कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गये। इसके बाद अफसर जेल

**कारागार में बंद कैदियों की जानीं समस्याएं**

के अस्पताल में गए और वहां मौजूद चिकित्साकर्मियों से उपलब्ध दवाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला और अल्पवयस्क बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। जेल के नियंत्रण कक्ष में जाकर संचालित सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की व्यवस्था को देखा। इसके अलावा कार्यालय में भी गए। इस दौरान जिलाधिकारी और अपर पुलिस कमिश्नर ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई की जायेगी।

## जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

यशोभूमि / भाषा

**बलिया।** जिले में सिकंदरपुर क्षेत्र के महथापार गांव में एक महिला ने कथित रूप से पति द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से मना किए जाने पर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात रूनी वर्मा (28) ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गये। सूत्रों के अनुसार चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों का कहना है कि रूनी अक्सर मोबाइल फोन पर किसी से बात करती रहती थी।

**मोबाइल चलाने से मना करने पर थी क्षुब्ध**

इसे लेकर उसका अपने पति धर्मेंद्र से हमेशा विवाद होता रहता था। रविवार को भी धर्मेंद्र ने रूनी को मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोका था, जिससे क्षुब्ध होकर उसने खुदकुशी कर ली। सूत्रों ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पिकअप पर सवार युवक का सिर पोल से टकराया

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** भक्ति की राह पर निकले दर्शनार्थी के लिए नियमों की अनदेखी और लापरवाही जानलेवा साबित हुई। गड़बड़ा धाम दर्शन के लिए पिकअप वाहन की छत पर सवार होकर जा रहे युवक का सिर लोहे के पोल से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना सोमवार की है। सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र के पुना फुलवारी गांव निवासी जितेंद्र (35) अपने परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ गड़बड़ा धाम दर्शन के लिए निकला था। सभी लोग पिकअप वाहन में सवार थे,

**गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर**

जबकि जितेंद्र छत पर बैठा था। जैसे ही वाहन हलिया ददरी मार्ग स्थित मेजा बांध के पास पहुंचा, वहां बड़े वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के प्रतिबंधक पोल से उसका सिर टकरा गया। हादसे के बाद वाहन में सवार अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने तत्काल घायल को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. विवेक रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। यह हादसा न केवल प्रशासनिक लापरवाही, बल्कि दर्शनार्थियों की खुद की असावधानी का भी नतीजा है। न तो पिकअप की छत पर बैठना सुरक्षित है, न ही ऐसे प्रतिबंधक पोलों पर कोई चेतावनी चिन्ह या संकेत लगाए गए थे।

## गायब बच्ची का कब्रिस्तान के पास मिला शव

यशोभूमि / एजेंसी

**बस्ती।** रविवार दोपहर से गायब एक बच्ची का शव आधी रात कब्रिस्तान के पास से मिला। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर

**एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। साथ ही घटनास्थल का मुआयना किया। ये घटना लालगंज थानाक्षेत्र स्थित सिद्धनाथ गांव की है, जहां उस समय सनसनी फैल गई जब रविवार आधी रात कब्रिस्तान के बगल में पांच वर्षीय परी का शव मिला। दरअसल राजू ने रविवार रात आठ बजे पुलिस



को सूचना दी कि उनकी पांच साल की बेटी परी रविवार दोपहर करीब 12 से गायब है। मासूम के गायब होने की सूचना पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर तीन पुलिस टीम को मौके पर लगाया गया। रात करीब 9 बजे से पुलिस की टीमों ने खोजबीन शुरू की। मासूम का शव राजू के घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित कब्रिस्तान के पास एक चरागाह में मिला। आधी रात 12 बजे शव मिलने की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे एसपी अभिनंदन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट को साक्ष्य संकलन का निर्देश दिया। इसके बाद फील्ड यूनिट ने भी मौके पर कार्य किया।

## वीडियो कॉलिंग करते हुए प्रेमी युगल ने खाया विषाक्त पदार्थ

यशोभूमि / भाषा

**बलिया।** जिले में रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वीडियो कॉलिंग पर बात करते हुए

**युवती की मौत, युवक अस्पताल में भर्ती**

एक विजातीय प्रेमी युगल ने कथित रूप से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस मामले में प्रेमी युवक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के बड़की बल्ली गांव में रविवार देर रात लगभग दो बजे प्रिया पाठक (20) और चितामन चौहान (24) ने आपस में वीडियो कॉलिंग पर बात करते हुए विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर खाने से प्रिया



पाठक की मौत हो गई तथा चौहान को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रिया पाठक और चितामन चौहान पड़ोसी थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अवधेश कुमार अवस्थी ने सोमवार को बताया कि प्रेमी युगल का पिछले कई वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था, लेकिन परिजन उनकी शादी के लिए तैयार नहीं थे और इस बीच प्रिया पाठक की सगाई भी 22 मई को दूसरे के साथ होने वाली थी। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में प्रिया की मां रीना पाठक की तहरीर पर चितामन चौहान के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि तहरीर में आरोप है कि चितामन चौहान ने प्रिया को अपने जाल में फंसाकर वीडियो काल पर बात करते हुए जहर खिला दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बलरामपुर में 73 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

यशोभूमि / एजेंसी

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बलरामपुर नगर को स्मार्ट सिटी के रूप में घोषित किए जाने के बाद आज सोमवार को नगर पालिका बलरामपुर की 465 लाख रुपये की लागत से 73 विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**465 लाख की लागत से पूरी होंगी परियोजनाएं**

गया। ये परियोजनाएं 15वें वित्त आयोग एवं 2 प्रतिशत अतिरिक्त निधि से क्रियान्वित की जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ योगी एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ योगी ने कहा कि जनपद बलरामपुर मुख्यमंत्री योगी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हाल ही में मुख्यमंत्री



द्वारा बलरामपुर को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है, जिसे लेकर अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ योगी ने कहा कि इसी क्रम में 73 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। शीघ्र ही बलरामपुर स्मार्ट सिटी के रूप में नजर आएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में बलरामपुर में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रमेश पाड़वा, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, रामकृपाल शुक्ल एवं डॉ. देवेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**स्मार्ट सिटी के रूप में आएगा नजर**

**इस अवसर पर देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ योगी ने कहा कि जनपद बलरामपुर मुख्यमंत्री योगी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा बलरामपुर को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है, जिसे लेकर अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ योगी ने कहा कि इसी क्रम में 73 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। शीघ्र ही बलरामपुर स्मार्ट सिटी के रूप में नजर आएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में बलरामपुर में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं।**

## ट्रक से टकराकर कार सवार अधेड़ की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर पहले जिला अस्पताल सोनभद्र, फिर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक, रामपुर 38 गांव निवासी ओमप्रकाश मिश्रा (48) अपने पुत्र मयंक, प्रशांत और राजू के साथ गांव के एक व्यक्ति की बारात में शामिल होने के लिए सोनभद्र के बसवा गांव गए थे। बताया जाता है कि रविवार की देर रात सभी वापस कार से लौट रहे थे। रात 12 बजे कर्मा थाना क्षेत्र के भरकवाह गांव के पास मिर्जापुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर एक ट्रक से उनकी कार पीछे से टकरा गई।

## घायलावस्था में मिले तेंदुए की मौत

यशोभूमि / भाषा

**बहराइच।** जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के तहत एक नहर के किनारे रविवार शाम जख्मी हालत में मिले करीब डेढ़ वर्ष के एक नर तेंदुए की बाद में मौत हो गयी। वन विभाग ने यह जानकारी दी। वन विभाग के सूत्रों ने तेंदुए के किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने की आशंका

**वाहन की चपेट में आने से मौत की आशंका**

जतायी है। कतर्नियाघाट के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने सोमवार को बताया कि रविवार को प्रभाग के धर्मापुर रेंज में हरखापुर गांव के निकट नहर के किनारे एक तेंदुआ घायलावस्था में मिला था। डीएफओ का कहना है कि आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से वह तेंदुआ घायल हुआ होगा। शिवशंकर के मुताबिक सूचना मिलने पर वनकर्मियों और पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहले मन बनाया कि घायल तेंदुए को ट्रंकुलाइज कर उसका इलाज किया जाए, लेकिन उम्र कम होने के चलते बेहोश करने में उसकी मृत्यु होने का अंदेशा था, इसलिए उसे पिंजरे में बंद करके इलाज करने का फैसला किया गया। हालांकि जब तक घायल वन्यजीव को पिंजरे में लाया जाता, तब तक उसकी मृत्यु हो गई। डीएफओ ने बताया कि मृत तेंदुए को रेंज कार्यालय लाकर तीन पशु चिकित्सकों द्वारा उसका पोस्टमॉर्टम कराया गया तथा उसके शव को जला दिया गया। मृत तेंदुए का विसरा संरक्षित कर उसे विस्तृत जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर तहसीलदार का पेशकार गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**हरिद्वार।** रुड़की तहसील कार्यालय में विजिलेंस विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अपर तहसीलदार के पेशकार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहित, निवासी अंबर तालाब, रुड़की के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रोहित रुड़की तहसील में अपर तहसीलदार के पेशकार के पद पर कार्यरत है। उस पर एक अधिवक्ता से एक कार्य के बदले रिश्वत की मांग करने का आरोप है। अधिवक्ता ने इस संबंध में विजिलेंस विभाग को शिकायत दी थी। विजिलेंस ने पीड़ित के साथ आरोपित को पकड़ने की पूरी रूपरेखा तैयार की और केमिकल लगे नोटों को पीड़ित के द्वारा पेशकार के पास भिजवाया। जैसे ही पेशकार ने पैसे लिए तो पहले से तैनात विजिलेंस की टीम ने उसे धर दबोचा।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**राजगढ़।** नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुदाली में आकशीय बिजली की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम कुदाली निवासी रमेश (45) पुत्र धुरीलाल धाकड़ खेत पर नवनिर्मित कुएं पर काम कर रहा था, अचानक मौसम में आए बदलाव से वह पेड़ के नीचे जाकर बैठ गया। तभी आकाशीय बिजली गिरी और चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की।

### नैनीताल: खाई में गिरी सैलानियों की कार

यशोभूमि/एजेंसी

**नैनीताल।** रविवार को नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आमपड़ाव-दोगांव के बीच एक कार चालक की लापरवाही से सड़क के दूसरी ओर गलत दिशा में जाकर खाई की ओर गिर गयी। दैवयोग से कार जिस स्थान पर गिरी वहां गहरी झाड़ियां व पेड़ थे, जिस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। किंतु यदि कार घटनास्थल से मात्र 20-30 मीटर आगे गिरी होती तो अत्यधिक गहरी खाई में गिरने से कार के परखच्चे उड़ गये होते। ऐसे में बाहर से आने वाले पर्यटकों को पहाड़ों पर अधिक गंभीरता से व ध्यान से गाड़ी चलाने की सलाह दी जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो कार अलीगढ़ के सैलानियों की थी। कार में चार लोग सवार थे।

### खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**देहरादून।** पिथौरागढ़ जिले के पड़ावेतोली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 39 वर्षीय व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरीश सिंह भंडारी पुत्र बसंत सिंह भंडारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम देर रात मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक आनंद सिंह मेहता ने बताया कि घटनास्थल अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में स्थित था, जहां टीम को लगभग 4-5 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर खाई तक पहुंचना पड़ा। करीब 600 मीटर गहरी खाई में गिरे हरीश सिंह का शव पुलिस और राहत दल द्वारा भारी मशक्कत के बाद सोमवार सुबह बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है।

### गाड़िया पहाड़ में मिला लापता नाबालिग का शव

यशोभूमि/एजेंसी

**कांकेर।** जिले के लखनपुरी गाड़ियापारा निवासी हरेश कुमार विश्वकर्मा पिता अशोक कुमार विश्वकर्मा शनिवार शाम करीब 4:30 बजे से लापता था। परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि हरेश को आखिरी बार गांव के ही एक नाबालिग लड़के के साथ देखा गया था। शक के आधार पर पुलिस ने सोमवार सुबह नाबालिग से पूछताछ की, पूछताछ में नाबालिग ने कबूल किया कि उसने हरेश की हत्या कर दी है और शव को गाड़िया पहाड़ में फेंक दिया। इसके बाद पुलिस, ग्राम सरपंच और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची, जहां हरेश का शव बरामद हुआ।

# संग्रहालयों के तकनीकी उन्नयन से मप्र की बनी विशेष पहचान

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के प्रति युवाओं की रूचि विकसित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए जानकारियों का आकर्षक

### इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का सीएम ने किया लोकार्पण

रूप से प्रस्तुतिकरण आवश्यक है। धरोहरों के संरक्षण के लिए भी अद्यतन तकनीक का उपयोग जरूरी है। इस दृष्टि से राज्य संग्रहालय ने इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर आरंभ करने का नवाचार समयानुकूल है। प्रदेश में स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संग्रहालयों की समृद्ध परंपरा में मध्य प्रदेश जिस प्रकार से कार्य कर रहा है, उससे देश-दुनिया में प्रदेश की विशेष पहचान बनी है। मुख्यमंत्री विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का लोकार्पण किया तथा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों का भी वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम बदलते दौर के भारत में रह रहे हैं। यह बदलाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। संग्रहालय अब इतिहासकारों और शोधार्थियों के साथ-साथ जनसामान्य के लिए भी रूचि-आकर्षण और ज्ञानार्जन के केंद्र का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय की सराहना करते हुए कि पर्यटकों के लिए अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा-उच्च शिक्षा और पर्यटन विकास निगम संयुक्त रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के संग्रहालय भ्रमण का संभागवार क्रम बनाएं, इससे विद्यार्थी, प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ेंगे और राज्य संग्रहालय की खुबियों से अधिक से अधिक लोग परिचित हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक केंद्रो को जन सामान्य से जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधयां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के प्रमुख नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरुषों को समर्पित द्वार विकसित किए जा रहे हैं। हमारे देवस्थान अभी तक केवल पूजा-पाठ के लिए जाने जाते थे।



### कर्मयोगी हैं मध्य प्रदेश के कर्मचारी : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्मयोगी हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है। कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के रवींद्र भवन में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित कर रहे थे।**

# काम करो या सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो : मुख्यमंत्री साय

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर/जीपीएम।** सरकार कैसा काम कर रही है, सब ठीक है ना। यही जानने आपके घर आया हूं। आप लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है ना, कुछ दिक्कत

### गुलमोहर की माला पहनाकर सीएम का किया गया स्वागत

परेशानी हो तो बताइए। ये कहना है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जो सुशासन तिहार के दौरान सोमवार को अचानक ही गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के चुकतीपानी गांव में हेलीकॉप्टर से पहुंचे। हेलीकॉप्टर देखते है बैगा बाहुल्य गांव में लोगों की भीड़ लग गई और अपने बीच में मुख्यमंत्री को देखकर ग्रामीण हैरान रह गए। बैगा समुदाय के ग्राम प्रमुख ने मुख्यमंत्री को गुलमोहर की माला पहनाकर उनका स्वागत किया और बैगा ग्रामीण रैता बैगा ने तेंदू फल से भरी टोकरी देकर मुख्यमंत्री का गांव में आने के लिए आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां उपस्थित ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के बारे में पूछा। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई विभाग के सब इंजीनियर को मुख्यमंत्री ने जमकर फटकार भी लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि या तो काम करो या फिर सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। साय ने इस दौरान पानी टंकी से ओवरफ्लो हो रहे पानी को देखकर पानी की बरबादी करने पर भी नाराजगी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब को आवास देने का सरकार अपना सबसे बड़ा वायदा पूरा कर रही है और इसी क्रम में चुकतीपानी में भी 179 पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के बारे में महिलाओं से पूछने पर उन्होंने बताया कि वो योजना के पैसों से स्व सहायता समूह बनाकर काम कर रही है और घरेलू खाद से सब्जियां उगाकर उसे नजदीक के सभी मंडी में बेचकर आय अर्जित कर रही है। स्थानीय महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट में उगाई गई लाल भाजी को मुख्यमंत्री को भेंट भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर चुकतीपानी गांव के मिडिल स्कूल का मरम्मत करने की घोषणा की और साथ ही स्कूल के मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में उन्नयन करने की भी घोषणा की।



# देहरादून : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने किए आदि कैलाश के दर्शन

यशोभूमि/एजेंसी

**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आदि कैलाश और पार्वती कुंड के दर्शन के बाद कैलाशवासी भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि

### उत्तराखंड में अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता है विद्यमान

की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने आदि कैलाश की आध्यात्मिक महत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया है। अपने दो दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड पहुंचे नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश के पवित्र क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात, इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि हुई है। इस बढ़ी हुई गतिविधि ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं, जिससे इस क्षेत्र की पहचान को भी मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप, पिछले कुछ वर्षों में आदि कैलाश



क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने न केवल आदि कैलाश की आध्यात्मिक महत्ता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया है, बल्कि इसने साहसिक और आध्यात्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में और इसके आसपास के क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों और भक्तों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। शिव दर्शन के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित ज्योलिंगकांग स्थित त्रिशूल के समीप मंदिर के दर्शन किए और यहां सेना के जवानों के साथ वार्ता कर उनका हौसला बढ़ाया।

### वीडियो साझा करने पर शिक्षिका निलंबित

यशोभूमि/भाषा

**सीहोर।** सीहोर में एक सरकारी स्कूल की उस शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों के लिए दुआ करने वाली पड़ोसी देश की महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीहोर के जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर मेहतवाड़ा के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका शहनाज परवीन को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल की शिकायत और आष्टा के अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि शिक्षिका ने अपने फेसबुक खाते पर 'अल्लाह, पाकिस्तानी सैनिकों को सुरक्षित रखें' लिखे एक वीडियो को साझा किया था। तोमर ने बताया कि परवीन को एक सरकारी पत्र (निर्देश) के तहत निलंबित कर दिया गया।

# कांग्रेस के नेताओं को चाहिए पार्टी बचाओ यात्रा निकालें: अरुण साव

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संविधान यात्रा निकाल रही है। इस पर वहां के डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को चाहिए कि वह कांग्रेस बचाओ यात्रा निकालें, क्योंकि यह पार्टी तो समाप्त होने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के



### पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ संविधान और मजबूत

संविधान का उल्लंघन किया, वह संविधान बचाओ यात्रा निकाल रही है। उन्होंने कहा कि वास्तव में संविधान सर्वोपर्र है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद संविधान और मजबूत एवं ताकतवर हुआ है। सरकार संविधान के अनुरुप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता और अपने स्वार्थों के लिए कांग्रेस ने संविधान में तोड़-मरोड़ किया है। प्रदेश में रह रहे संदिग्ध अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई पर डिप्टी सीएम अरुण साव कहा कि देश में अवैध रूप से बिना वैध दस्तावेज के लोग रह रहे हैं, उन सब की जांच करके आवश्यक कार्रवाई का काम होना ही चाहिए और इस दिशा में काम हो भी रहा है। बता दें कि गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले संदिग्ध अवैध प्रवासियों के भारतीय नागरिक होने के दावों की सत्यता जांचने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 दिनों का समय दिया है। यदि किसी व्यक्ति के अवैध होने की पुष्टि होती है, तो उन्हें हिरासत में लिया जाए और उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**शहडोल।** शहडोल जिले में उत्तर वन मंडल के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र परिक्षेत्र के सनौसी और डोडा जंगल में सोमवार सुबह जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। दो ग्रामीण जंगल में पत्ती तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें जंगली हाथियों ने कुचलकर मार डाला। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है। हादसे के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। वहीं, गांव में इस घटना को लेकर गुस्से का माहौल है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इन दिनों जंगली हाथियों का एक दल ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। सनौसी गांव के उमेश कोल अपनी पत्नी के साथ जंगल में पत्तियां तोड़ने गया था। उसी समय बांधवगढ़ की तरफ से दो जंगली हाथी वहां पहुंच गए। उमेश अचानक हाथियों के सामने आ गया। हाथियों ने उसे कुचलकर मार डाला।

### पुल के समीप मृत अवस्था में मिला युवक

यशोभूमि/एजेंसी

**राजगढ़।** देहात ब्यावरा थाना क्षेत्र में अजनार नदी पर स्थित रेल्वे पुल के समीप सोमवार सुबह 40 वर्षीय युवक मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम बखतपुरा निवासी महेश (40) पुत्र लक्ष्मीचंद कुशवाह का शव अज़नार नदी स्थित रेल्वे पुल के समीप मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदी था, अधिक शराब पीने से वह पुल के नीचे बैठा रह गया और पानी की कमी के चलते उसकी मौत हो गई। युवक की मौत किन हालातों में हुई, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका।

# नक्सलियों के मंसूबों को सुरक्षा बलों ने किया नाकाम

यशोभूमि/एजेंसी

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले के गौरमुंड के जंगलों में दो अलग-अलग जगहों पर नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय कर दिया है। गरियाबंद पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से नक्सलियों के

### पांच किलो के दो आईईडी को किया नष्ट

द्वारा मैनपुर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम गौरमुंड के जंगलों में दो अलग-अलग जगहों पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) प्लांट कर रखे थे, जिसे सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय कर दिया है। बताया गया कि रविवार को नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार के नेतृत्व में जिला बल एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ कंपनी की संयुक्त टीम गौरमुंड के जंगल में अभियान पर रवाना हुए थे। माओवादियों द्वारा दो जगहों पर कुकर बम सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए हुए थे। नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करते हुए सुरक्षा बल के बीडीएस टीम के द्वारा पांच किलो के दो आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को नष्ट किया है। नक्सलियों द्वारा जंगल में लगाये गये इस आईईडी से ग्रामीणों एवं पशुओं को भी नुकसान हो सकता था। इसके अलावा सुरक्षाबलों को सर्चिंग के दौरान जंगल में सोलर प्लेट, वायर, बर्तन जैसे अन्य नक्सल सामग्री बरामद किए हैं। उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।



# सेंट्रल जेल में बंद युवक की संदिग्ध मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**बिलासपुर।** बिलासपुर सेंट्रल जेल में बंद आरोपित 22 वर्षीय युवक की रविवार देर रात संदिग्ध रूप से मौत हो गई, जिससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। उसकी मौत के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन पर

### परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही वे जेल में कन्हैया से मिलने गए थे और उस समय वह पूरी तरह स्वस्थ था। वहीं, जेल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कन्हैया को रविवार देर रात सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि मस्तूरी निवासी कन्हैया दो महीने पहले मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार होकर जेल भेजा गया था। मृतक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2)(बी) के तहत मारपीट का मामला दर्ज था और वह बीते दो माह से जेल में बंद था। घटना के बाद कन्हैया का शव पोस्टमार्टम के लिए सिम्स अस्पताल भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। वहीं, परिजनों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।



# प्रतियोगी परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

यशोभूमि/भाषा

**देहरादून।** सीबीएसई द्वारा आयोजित नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) की प्रतियोगी परीक्षा के दौरान यहां के दो अलग-अलग केंद्रों से संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए और 17 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दो अलग-अलग शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई है। उसने बताया कि सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं केंद्र अधीक्षक पंकज नौटियाल ने पटेलनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि प्रथम पाली में आयोजित एनवीएस/जेएसए की प्रतियोगी परीक्षा के दौरान एक अभ्यार्थी के पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद हुआ जिसे अभ्यर्थी ने अपने जूते में छिपाई हुआ था। इसमें यह भी कहा गया कि द्वितीय पाली में आयोजित एनवीएस/लैब अटेंडेंट की परीक्षा में सात अभ्यर्थियों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि नौटियाल की शिकायत पर प्रासंगिक धाराओं में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर आठ अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने कहा कि आरोपियों की पहचान सौरभ यादव, रोबिन, अक्षय मान, नीरज मान, मनीष मलिक, अमन, अंकुश तथा मोहित कुमार के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के रहने वाले हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### 17 अभ्यर्थी गिरफ्तार

# मध्य प्रदेश में अगले दो दिन तेज गर्मी और लू का अलर्ट

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के आधे हिस्सों में तेज गर्मी

### कई जिलों में आंधी-बारिश के भी आसार

और आधे में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 25 मई से 2 जून तक नौतपा में भी बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में अगले 2 दिन तेज गर्मी रहेगी। यहां के 8 जिलों में लू का अलर्ट है। वहीं, चार सिस्टम की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग में आंधी और बारिश का दौर रहेगा। 21 और 22 मई को पूरे प्रदेश में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में चार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में हीट वेव यानी, लू का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, बैतूल, नर्मदापुरम, सीहोर, हरदा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, आगर-मालवा, खरगोन, बड़वानी, धार, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में आंधी, बारिश का दौर रहेगा।



# किसानों के खातों से 78 लाख की हेराफेरी, दो आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि/भाषा

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की भिलाई-3 शाखा में किसानों के खातों से 78 लाख 74 हजार 263 रुपए की हेराफेरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह घोटाला तब उजागर हुआ, जब शाखा प्रबंधक सुरेंद्र भुवाल ने बैंक मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी को जमानत मिल चुकी है। मामले की गहन जांच जारी है। जांच में पता चला है कि सोमनी, गनियारी, चरोदा और उमदा गांवों के किसानों के खातों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गई हैं। तत्कालीन सहकारी समिति प्रभारी गजानंद शिर्के ने 29 मई 2020 से 3 मार्च 2021 के बीच 35 लाख 53 हजार 870 रुपए की वित्तीय हेराफेरी की। इसके बाद समिति प्रबंधक नीति दीवान ने 1 जून 2022 से 5 अक्टूबर 2023 तक 40 लाख 16 हजार 775 रुपए की गड़बड़ी की।सहायक लिपिक गोपाल वर्मा ने भी पांच किसानों के खातों से तीन लाख तीन हजार 618 रुपए का गबन किया।

# विवि. बनें सामाजिक न्याय और अधिकारिता का प्रतीक

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और अधिकारिता की विरासत का प्रतीक बनें। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां बाबा साहेब

### राज्यपाल ने ली विवि.के शासी निकाय की पांचवीं बैठक

के विचारों और जीवनी से प्रेरित हो। परिसर सामाजिक समरसता का जीवंत आदर्श प्रस्तुत करें। राज्यपाल पटेल सोमवार को राजभवन में डॉ. बी. आर. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू की शासी निकाय की पांचवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. रामदास गोमाजी आत्रम उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य छात्र-छात्राओं को केवल उपाधि प्रदान करना नहीं है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर के जीवन मूल्यों, उनके सामाजिक न्याय और समानता के संघर्ष और वंचितों के उत्थान के कार्यों के प्रति भावी पीढ़ी की अभिरुचि को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वित्तीय संसाधनों के लिए सरकार पर आश्रित नहीं रहें। वित्तीय स्वावलंबन के लिए प्रयास किए जाए। विश्वविद्यालय विकास योजनाओं को सरकार के साथ समन्वय कर क्रियान्वित करें। विश्वविद्यालय कार्य परिषद द्वारा कुलगुरु चयन समिति में कार्य परिषद द्वारा निर्वाचित सदस्य के प्रावधान को संशोधित कर, राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य के निर्णय का शासी निकाय की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।




### बैठक में प्रमुख सचिव सहित अन्य अधिकारी थे उपस्थित

**पांचवीं शासी निकाय की बैठक में जनजाति कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, विधि विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव एन.पी. सिंह, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार, राजभवन के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, शासी निकाय के सदस्य, निदेशक, सामाजिक विज्ञान, शोध एवं प्रशिक्षण दीपक कुमार वर्मा, संकाय अध्यक्ष मनीषा सक्सेना, शासी निकाय के सचिव कौशलेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**

# अक्षय ने पूरी की 'भूत बंगला' की शूटिंग

अक्षय कुमार की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अक्षय ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ नजर आए। उन्होंने टीम के लिए प्यारा नोट भी लिखा। इंस्टाग्राम पर पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, भूत बंगला की शूटिंग खत्म हो चुकी है! हमेशा नई-नई चीजों को खोजकर प्रोजेक्ट में शामिल करने वाले प्रियदर्शन सर के साथ मेरा सातवां और रोमांच से भरा दूसरा प्रोजेक्ट, शूटिंग पूरी हो चुकी है। अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। उन्होंने अपनी कोस्टार के लिए आगे लिखा, शानदार अभिनय करने वाली वामिका के साथ मेरा पहला, लेकिन उम्मीद है कि यह आखिरी जादुई सफर नहीं होगा। पागलपन, जादू और यादों के लिए आभारी हूं। अक्षय कुमार ने हॉरर-कॉमेडी की शूटिंग पिछले साल दिसंबर में शुरू की थी। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर किया था, जिसमें वह लालटेन थामे दिख रहे थे। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा था, आज हम हॉरर कॉमेडी भूत बंगला की शूटिंग शुरू कर रहे हैं, इसलिए मैं अपने पसंदीदा प्रियदर्शन के साथ सेट पर आकर बेहद उत्साहित हूं। आपके लिए ये डर और हंसी का डबल डोज 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगा। आप सभी से शुभकामनाएं चाहिए। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही भूत बंगला की कहानी को आकाश कौशिक ने लिखा है। भूत बंगला 2 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। फिल्म की जानकारी प्रियदर्शन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर दी थी। अक्षय कुमार प्रियदर्शन के साथ हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया में काम कर चुके हैं। भूल भुलैया साल 2007 में रिलीज हुई थी, जिसमें उनके साथ शाइनी आहूजा, विद्या बालन और अमीषा पटेल समेत अन्य मंझे हुए कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।



# ताहिरा ने बताया सफलता का अर्थ

सात साल बाद फिर से ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में आईं अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी और फिल्म निर्माता-लेखिका ताहिरा कश्यप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उनके लिए सफलता का क्या अर्थ है। बच्चों के साथ छुट्टियां मना रही ताहिरा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए प्यारा सा कैप्शन भी दिया। उन्होंने पहली लाइन में सवाल पूछते हुए लिखा, सफलता क्या है? वहीं, दूसरी लाइन में जवाब देते हुए लिखा, मेरे लिए यह वह क्षण है, जब आप अपने आप में पूर्ण, विनम्र और कृतज्ञता के साथ स्वीकृति से भरे हुए महसूस करते हैं। मैं सफलता के अपने पलों को साझा कर रही हूं। ताहिरा ने हाल ही में इस खबर की पुष्टि की कि उन्हें दोबारा से कैंसर हो गया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर शेयर किए गए पोस्ट में उन्होंने इसे अपना सेकंड राउंड बताया था। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए ताहिरा ने लिखा था कि सात साल की पीड़ा से गुजरने के बाद अब रेगुलर चेकअप में पता चला कि कैंसर फिर से सामने आ चुका है।



# नाश्ते में बनाकर खाएं चटपटी सत्तू टिक्की

गर्मियों के मौसम में तेज धूप और हीट वेव के असर को बेअसर करने के लिए लोग अपनी डाईट में कई तरह के छोटे-छोटे बदलाव करते हैं। इस मौसम में खासतौर पर डाईट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाता है,जो टेस्टी होने के साथ ठंडी तासीर वाली भी होती हैं। गर्मियों की ऐसी ही पसंदीदा एक चीज का नाम सत्तू है। गर्मियों में सत्तू का सेवन सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। लोग इसका सेवन पराठा,नमकीन-मीठा शरबत और कई तरह की डिश बनाकर करते हैं। सत्तू की ठंडी तासीर शरीर को गर्मी में हाइड्रेट रखने के साथ ठंडक देती है। अगर आप सत्तू से बनने वाली नॉर्मल डिशेज ट्राई करके बोर हो चुके हैं तो शाम के नाश्ते को चटपटा और टेस्टी बनाने के लिए ट्राई सत्तू टिक्की रेसिपी। बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है सत्तू टिक्की रेसिपी।

### सत्तू टिक्की बनाने की सामग्री

- 1 कप सत्तू का आटा
- 2 उबले आलू (मैश किए हुए)
- 1 प्याज (बारीक कटी हुई)
- 1-2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
- 2 बड़े चम्मच हरा धनिया (बारीक कटा हुआ)
- 1 चम्मच अदरक (कद्दूकस किया हुआ)
- 1 चम्मच जीरा पाउडर
- 1 चम्मच अमचूर पाउडर
- 1/2 चम्मच गरम मसाला
- नमक स्वादानुसार
- तेल तलने के लिए



### सत्तू टिक्की बनाने का तरीका

सत्तू टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में सत्तू का आटा,मैश किए हुए आलू, कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, हरा धनिया और अदरक डालें। इसके बाद कटोरे में जीरा पाउडर,अमचूर पाउडर,गरम मसाला और नमक डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें। अब थोड़े से पानी की मदद से मिश्रण से नरम आटा गूंथ लें। इस बात का खास ख्याल रखें कि आटे का मिश्रण ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। अब आटे के मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बनाकर हल्का दबाते हुए चपटा कर लें। अब एक नॉन-स्टिक तावे को मीडियम आंच पर गर्म करके उसमें 2-3 बड़े चम्मच तेल गरम करें। इसके बाद टिक्कियों को तावे पर रखकर दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक फ्राई करें। आपकी टेस्टी सत्तू टिक्की बनकर तैयार है। आप इन्हें गरमा-गरम हरी चटनी या दही के साथ शाम के नाश्ते में परोसें।

# करीना ने घर में लिया संगीत का लुत्फ

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान भले ही मुंबई में हुए मशहूर गन्स एन रोजेज के कॉन्सर्ट में नहीं जा पाईं, लेकिन फिर भी उन्होंने रॉक म्यूजिक का आनंद लिया। दरअसल, करीना कपूर ने गन्स एन रोजेज का कॉन्सर्ट मिस कर दिया था, लेकिन उन्होंने उसकी कमी अपने ही खास अंदाज में पूरी कर ली। उन्होंने अपने घर में ही एक छोटा सा म्यूजिक सेशन रखा, जिसमें उनके पति सैफ अली खान और बेटे तैमूर गिटार बजाते दिखे। इसकी फोटो उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कीं। फोटो में सैफ और तैमूर गिटार पकड़े नजर आ रहे हैं। सैफ गिटार लिए स्टाइल में खड़े हैं, जबकि तैमूर उनके पास बैठे हैं। उनके कानों में हेडफोन हैं और हाथ में एक छोटा गिटार भी है। इस प्यारी और मजेदार फोटो के साथ करीना ने मजाकिया अंदाज में लिखा, गन्स एन रोजेज मिस कर दिया, लेकिन मेरे पास मेरा अपना बैंड है। 17 मई को मशहूर अमेरिकन रॉक बैंड गन्स एन रोजेज ने मुंबई में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। यह शो महालक्ष्मी रेसकोर्स में हुआ। यह परफॉर्मेंस उनके एशिया टूर का हिस्सा था। इस शो के साथ, 13 साल बाद बैंड भारत लौटा और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान को दीपावली पर रिलीज हुई रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। यह एक पुलिस पर आधारित एक्शन फिल्म थी। खबरों के मुताबिक, करीना कपूर जल्द ही डायरेक्टर मेघना गुलजार की अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं, जिसका फिलहाल नाम दायरा रखा गया है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस फिल्म में साउथ के मशहूर एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम रोल में नजर आ सकते हैं।



# आलिया ने दिखाया पूल बूट कैंप का जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने बताया कि उनका सोमवार थोड़ा सुस्त चल रहा था, लेकिन जब उन्होंने पूल बूट कैंप किया, तो उनका मूड बेहतर हो गया और एनर्जी बढ़ गई। आलिया भट्ट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की। इस फोटो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर ईशान मेहरा के साथ स्विमिंग पूल में नजर आ रही हैं। दोनों पूल के किनारे कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए पोज दे रहे हैं। आलिया भट्ट ने अपनी पोस्ट में कैप्शन लिखा, ग्लूमी मंडे प्लस अ पूल बूट कैंप पावर्ड बाय ईशान मेहरा। यानी सोमवार थोड़ा सुस्त था, लेकिन उनके ट्रेनर ईशान मेहरा के साथ किए गए पूल बूट कैंप ने उनके दिन को बेहतर बना दिया। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही एक नई फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। यह महिलाओं पर आधारित जासूसी फिल्म है। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी दोनों ही जासूस के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावल कर रहे हैं। अल्फा फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इस स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत एक था टाइगर फिल्म से हुई थी, जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ थे। इसके बाद टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 जैसी फिल्में आईं। अल्फा फिल्म इसी साल क्रिसमस के दिन, यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आलिया के पास एक और बड़ी फिल्म संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है। इस फिल्म में आलिया के साथ उनके पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल भी नजर आएंगे।



# बनाएं ड्राई फ्रूट लस्सी

गर्मी के मौसम में कुछ ठंडा मिल जाए तो क्या बात है। कोल्डड्रिंक सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। ऐसे में घर पर कुछ ऐसा बनाया जाए जो हेल्दी के साथ टेस्टी भी हो। गर्मियों में घर में लस्सी बनना बहुत कॉमन है। अपनी नॉर्मल लस्सी को अगर थोड़ा हेल्दी बनाना चाहते हैं तो यहां बताए गए तरीके से बनाकर देखें। इसे बच्चे से लेकर बड़े तक पी सकते हैं और बार-बार पीने का मन करेगा।

### ड्राई फ्रूट लस्सी बनाने की सामग्री

- दही (फ्रेश)
- काजू
- बादाम
- काली किशमिश
- खरबूज, तरबूज, कद्दू और सूरजमुखी के बीज
- अखरोट
- मखाने
- सूखा नारियल
- केसर
- सौंफ (थोड़ा सा महक के लिए)
- चीनी या खांड़



### बनाने का तरीका

सबसे पहले काजू, बादाम और किशमिश को 2-3 घंटे पानी में भिगाकर रख दें। दही को ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। अब लस्सी बनाने से पहले बादाम को छील लें। दही में थोड़ा बर्फ का पानी और चीनी मिलाकर मिक्सर ग्राइंडर में डालें इसमें भीगे हुए काजू,बादाम, सारे बीज और किशमिश और सौंफ डालें। अब मिक्सर को चला लें। लस्सी को ग्लास में डालें। ऊपर से अखरोट के छोटे टुकड़े,बारीक कटे मखाने और छोटी कटी गरी डालें। अब केसर के लच्छे डालें और सर्व करें। आपकी हेल्दी ड्राई फ्रूट्स वाली लस्सी तैयार है जिससे आपको प्रोटीन के साथ कई सारे विटामिन्स और मिनरल्स भी मिल जाएंगे।

# पसीने के साथ कभी नहीं बहेगा मेकअप
## जान लें गर्मी में रेडी होने की ये टिप्स

**गर्मी चरम पर है। पसीने की चिपचिपाहट हाल-बेहाल कर रही है। वॉर्डरोब तो आपने कॉटन और लिनन के कूल-कूल रंगों वाले कपड़ों से तैयार कर लिया होगा, लेकिन कुछ तरकीब मेकअप करने के लिए भी निकाली है या नहीं? असल में भारी उमस और बेतहाशा बहता पसीना मेकअप को चेहरे पर टिकने ही नहीं देता है, इसलिए ठंड के मौसम को सजने-संवरने के लिहाज से ज्यादा बेहतर माना जाता है, लेकिन ऐसा नहीं कि गर्मियों में पसीने के डर से मेकअप ही न किया जाए। बस मेकअप बेस से लेकर फाइनल टच तक मेकअप की सही तकनीक और सही प्रोडक्ट का चुनाव करके गर्मी में भी आपका मेकअप पिक्चर परफेक्ट बना रहेगा।**



### सनस्क्रीन का बेस

मेकअप करने का सबसे पहला चरण त्वचा पर बेस बनाना होता है। इसके लिए टिंटेड सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से तो सुरक्षित रहेगी ही, साथ ही त्वचा को आवश्यक नमी भी मिलती रहेगी। बाजार में अलग-अलग प्रकार की त्वचा के लिए भिन्न-भिन्न सनस्क्रीन उपलब्ध हैं, जिन्हें आप तैलीय, शुष्क और सामान्य त्वचा के आधार पर चुन सकती हैं। इस बात का भी ध्यान रखें कि सनस्क्रीन आपकी त्वचा की रंगत से मेल खाती हो। इससे बहुत सारे मेकअप प्रोडक्ट्स लगाए बिना ही आपको एक अच्छा मेकअप बेस मिल जाएगा।

### प्राइमर को न भूलें

बहुत-सी महिलाओं को लगता है कि प्राइमर लगाने या न लगाने से कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। जबकि सच यह है कि अच्छी कंपनी का प्राइमर मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में बहुत मदद करता है और गर्मियों के मौसम में तो विशेष रूप से इसका इस्तेमाल करना चाहिए। चिपचिपी गर्मी के मौसम में ऑयल फ्री या मैट फिनिश वाले प्राइमर का इस्तेमाल करें। इससे फाउंडेशन अच्छी तरह सेट हो जाएगा और मेकअप पिघलेगा भी नहीं।

### सही टोन का कंसीलर

सामान्य मौसम में सिर्फ फाउंडेशन लगाने से बात बन जाती है क्योंकि मेकअप का असली बेस यही होता है, लेकिन गर्मियों में फाउंडेशन की जगह कंसीलर का इस्तेमाल करना ज्यादा अच्छा रहता है। असल में फाउंडेशन की गाढ़ी परत जब चेहरे पर लगाई जाती है तो रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और त्वचा सांस नहीं ले पाती है और पसीना ज्यादा आता है, लेकिन कंसीलर पतला होने के कारण ज्यादा बेहतर तरीके से त्वचा को कवरेज देता है। कंसीलर भी अपनी स्किन टोन के अनुरूप ही लें, ताकि समान स्किन टोन के साथ नेचुरल ग्लो वाला लुक मिल सके।

### फेस पाउडर है जरूरी

जो महिलाएं किसी भी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल नहीं करती हैं, वे भी शादी-ब्याह जैसे अवसरों पर थोड़ा-सा फेस पाउडर तो लगा ही लेती हैं। वैसे भी लंबे समय तक मेकअप लगे रहने से चेहरे पर थोड़ी-बहुत चिपचिपाहट या हल्का-फुल्का पसीना महसूस हो सकता है। ऐसे में पाउडर पफ की मदद से मेकअप को आसानी से दोबारा सेट किया जा सकता है। इसलिए गर्मियों में लूज पाउडर या कॉम्पैक्ट पाउडर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।

### काम का है ब्लोटिंग पेपर

उमस भरा मौसम त्वचा पर चिपचिपाहट के अहसास को बढ़ा देता है। तैलीय त्वचा वाली महिलाओं को यह समस्या ज्यादा परेशान करती है क्योंकि मेकअप करने के कुछ समय बाद ही उनके चेहरे पर तेल दिखने लगता है और मेकअप खराब हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि फेस पाउडर भी चेहरे पर आई अतिरिक्त नमी और तेल को सोखने का ही काम करता है। पर, बार-बार फेस पाउडर लगाने से मेकअप हल्का पड़ने लगता है जबकि ब्लोटिंग पेपर मेकअप को खराब किए बिना सिर्फ पसीने और अतिरिक्त तेल को सोखता है। इसलिए किसी पार्टी में जाते समय अपने पर्स में कुछ ब्लोटिंग पेपर हमेशा रखें।

### ये भी आजमाएं

ज्यादा गर्मी में नो मेकअप लुक आजमाएं। इसमें बेहद कम प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से चेहरे के फीचर्स को उभारा जाता है।

- गर्मियों में फ्रॉस्टेड लिपस्टिक की बजाय मैट फिनिश वाली वॉटर प्रूफ लिपस्टिक का चुनाव करें।
- आंखों पर सिर्फ वॉटर प्रूफ आइलाइनर और मस्कारा लगाएं।
- लिक्विड मस्कारा या आई लाइनर की जगह काजल पेंसिल का इस्तेमाल करें।
- हेवी मेकअप की बजाय पेस्टल शेड्स वाले मिनिमल मेकअप का चुनाव करें।
- कंटूरिंग करने के लिए ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करने और हाईलाइटर लगाने से परहेज करें।
- मेकअप शुरू करने से पहले चेहरे पर बर्फ रगड़ने से मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है।
- लिपस्टिक यदि वॉटरप्रूफ न हो तो उस पर लूज पाउडर लगाकर होठों के बीच टिश्यु पेपर दबाकर अतिरिक्त लिपस्टिक हटाई जा सकती है।

# फैशन के चक्कर में पड़ न जाएं बीमार, जानें गर्मियों में जींस पहनने के नुकसान

**गर्मियों में जींस पहनना सेहत के लिए हार्मफुल हो सकता है। आजकल फैशन के चक्कर में सेहत के साथ खिलवाड़ करना आम हो गया है। जींस भले ही स्टाइलिश और फैशनेबल लुक देती हो,लेकिन गर्मियों में इसे रोजाना पहन कर रेडी हो जाते हैं तो कई सारी बीमारियों को न्योता है। जानें कैसे जींस आपकी सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।**

### प्राइवेट पार्ट को नुकसान

जींस की रगड़ से हीट प्रोड्यूस होती है और गर्मियों में ये हीट प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचा सकती है। जिसकी वजह से न केवल लो स्पर्म की दिक्कत हो सकती है बल्कि वजाइना का पीएच लेवल भी बिगड़ जाता है।



### वजाइनल इंफेक्शन का खतरा

महिलाओं को टाइट जींस पहनने की वजह से वजाइनल इंफेक्शन का खतरा रहता है। टाइट जींस की वजह से वजाइनल एरिया में हवा का फ्लो नहीं होता और मॉइस्चर इकट्ठा हो जाता है। जिसकी वजह से बैक्टीरिया और फंगस पनपने लगते हैं। जिससे खुजली की समस्या हो जाती है।

### इंफेक्शन की समस्या

जींस की वजह से हवा का फ्लो स्किन पर नहीं हो पाता और पसीने की वजह से बैक्टीरिया और फंगस पनपते हैं। जो फोड़े-फुंसी, दाद जैसी प्रॉब्लम पैदा कर देते हैं।

### जींस में हाइजीन की कमी

ज्यादातर लोग जींस को रोजाना नहीं धोते। जिसकी वजह से जींस में हाइजीन की कमी होती है। पहनी गई जींस में पसीने की वजह से बैक्टीरिया और फंगस पनप रहे होते हैं जिसे दोबारा पहनने से स्किन पर ये फंगस पहुंच जाते हैं।

### टाइट जींस और कई घंटे तक न पहनें

गर्मियों के महीने में टाइट जींस पहनने से बचना सही है वहीं जींस को कई घंटों तक नहीं पहनना चाहिए। नहीं तो जांघ और प्राइवेट पार्ट में इंफेक्शन का खतरा ज्यादा हो जाता है।

# गोंद कतीरा इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए, जान लें कैसे कर सकता है नुकसान?

**गोंद कतीरा का इस्तेमाल गर्मियों में धड़ल्ले से किया जाता है। इसके काफी सारे फायदों के बारे में सोशल मीडिया पर सब बता रहे हैं। ये शरीर को ठंडक देने के साथ ही कई सारी हेल्थ प्रॉब्लम से भी छुटकारा दिलाएगा। लेकिन गोंद कतीरा को खाने से पहले जानना जरूरी है कि आखिर किन लोगों को गोंद कतीरा नहीं खाना चाहिए और पहली बार खा रहे तो कितनी मात्रा में खाना हेल्थ के लिए फायदेमंद होगा।**

### कतीरा के नुकसान से बचने के लिए क्या करें?

गोंद कतीरा का पानी फायदे की जगह नुकसान ना पहुंचा दे। इसलिए इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पहली बार अगर गोंद कतीरा का पानी पीना शुरू करने वाले हैं तो मात्र गोंद कतीरा का एक टुकड़ा यानी लगभग एक ग्राम गोंद कतीरा को 200 मिली पानी में भिगोकर इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं ज्यादा से ज्यादा दो टुकड़ा यानी दो ग्राम गोंद कतीरा को पानी में भिगोकर इस्तेमाल करना चाहिए। इतनी मात्रा आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है। क्योंकि ज्यादा मात्रा में गोंद कतीरा खाने से डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। ये डाइजेस्टिव ट्रैक को ब्लॉक कर देता है।



### कितनी मात्रा में गोंद कतीरा लेना चाहिए

गोंद कतीरा की मात्रा के साथ ही इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए कि इसे दिनभर में केवल एक बार ही लें। गोंद कतीरा का पानी दिनभर में केवल एक बार पिएं। जिससे कि ये फायदे की जगह नुकसान न पहुंचाएं।

### किन लोगों को भूलकर भी नहीं पीना चाहिए गोंद कतीरा का पानी

- जिन लोगों को किसी भी तरह की किडनी से जुड़ी समस्याएं हैं। उन्हें गोंद कतीरा का पानी या गोंद कतीरा भूलकर भी नहीं लेना चाहिए।
- वहीं जो लोग ब्लड थिनर मेडिकेशन पर हैं यानी जिन लोगों को खून पतला करने की दवाएं दी जाती हैं। ऐसे लोगों को भूलकर भी गोंद कतीरा या गोंद कतीरा का पानी नहीं पीना चाहिए।
- शरीर में बार-बार एलर्जी हो जाती है या एलर्जी की प्रॉब्लम बनी रहती है। एलर्जी की कंडीशन में गोंद कतीरा का पानी पीने से पूरी तरह बचना चाहिए।
- जो महिलाएं प्रेग्नेंसी प्लान कर रही हैं और कंसीव करने की कोशिश में हैं। उन्हें गोंद कतीरा या इसका पानी लेने से पहले अपनी डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लेना चाहिए। क्योंकि कई बार गोंद कतीरा कंसीव की कोशिश करने वाली महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या बना सकता है।

### यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 112

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | ■ |
| | ■ | 5 | 6 | | | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 11 | ■ | 12 | ■ |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | | 17 |
| 18 | | | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ |

**बाएं से दाएं :** 1. लोभ, ललचाने का भाव 3. चितकबरा 5. मदमस्त, नशे में चूर 8. तनख्वाह, वेतन 9. गुफा 10. कीचड़, पंक 13. उर्वरक 15. समसामयिक 18. अनभिज्ञ, अनजान 19. मुंह तक भरा हुआ

**ऊपर से नीचे :** 1. कायस्थ 2. एक स्तनधारी पक्षी 3. खोवा 4. एक प्रकार की मिठाई 6. द्रव 7. समझौता, अनुबंध 8. क्षण, समय का छोटा भाग 10. औषधालय 11. धूप 12. बागबान 14. मसिपात्र 15. कामयाब 16. लायक, योग्य 17. सरिता, तटिनी

### मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | | | 4 |
| | 2 | | 6 | | |
| 3 | | | | 4 | 6 |
| 1 | 4 | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | |
| 4 | | | 2 | 6 | |

### छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 |
| 4 | | | |
| | | 4 | |
| 2 | | | 1 |

### सूडोकु नवताल- 112

★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 4 | | | 9 | | 2 | 8 |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | 9 | | 7 | | | 3 | | 5 |
| 1 | | 2 | | | 2 | | 9 | 4 |
| | 3 | | 9 | 6 | | | 7 | |
| 5 | 6 | | 4 | | | 8 | | 2 |
| 2 | | 7 | | | 3 | | 5 | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | 4 | 5 | 6 | | | 2 | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 1 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |

### वर्ग पहेली क्र. 111 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | र | क्ष | ण | ■ | का | बि | ल |
| सा | ■ | म | ■ | ह | या | ■ | ला |
| र | ज | ता | च | ल | ■ | न | ट |
| ■ | वा | ■ | ना | वा | कि | फ | ■ |
| ग | ब | न | ■ | हा | ■ | र | ब |
| ज | ■ | दी | दा | ■ | क | त | रा |
| रा | जा | ■ | य | की | न | ■ | ब |
| ज | ल | च | र | ■ | क | गा | र |

### सूडोकु नवताल- 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ के बाद वांछित गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**गया जी।** बिहार के गया जी जिले में दोहरे हत्याकांड के एक मामले में वांछित एक व्यक्ति को सोमवार को पुलिस के साथ एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आनंद कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस तेलबिगहा इलाके में पहुंची जहां आरोपी नीतीश छिपा हुआ था। उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर आरोपी ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई और आरोपी को काबू कर लिया। कुमार ने कहा कि आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### नेपाल सीमा के पास से कोरियाई गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**मोतिहारी।** नेपाल सीमा के पास बिहार के रक्सौल में एक दक्षिण कोरियाई व्यक्ति को भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कोरिया के क्योंग की डो प्रांत के निवासी किम योंग डे को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पूर्वी चंपारण जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने कहा कि वह वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। वह 2017 में भारत आया था और उसका वीजा जनवरी 2021 में समाप्त हो गया था। तब से वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह चेन्नई में काम कर रहा था।

### होमगार्ड के कमरे से दो राइफल चोरी

यशोभूमि/एजेंसी

**मधुबनी।** मधुबनी जिले में चोरों ने एक सरकारी कार्यालय में होमगार्ड के कमरे में घुसकर दो राइफल चुरा लीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोरी की यह घटना 17 मई को शाम करीब साढ़े सात बजे खुटौना ब्लॉक कार्यालय में हुई। जिला पुलिस ने एक बयान में कहा कि ...खुटौना ब्लॉक कार्यालय में तैनात एक राज्य होमगार्ड ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया कि ब्लॉक परिसर के अंदर उसके बंद कमरे से दो सर्विस राइफल चोरी हो गई हैं। उसने अधिकारियों को बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके कमरे की खिड़की तोड़कर सर्विस राइफल चुरा लीं। उसने बताया कि हथियारों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

### नक्सलियों के गुप्त गोदाम से विस्फोटक बरामद

यशोभूमि/भाषा

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक वन क्षेत्र से रविवार को बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए, जिनमें पांच आईईडी भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को टोंटो थाना क्षेत्र के रुतागुट्टू गांव के पास नक्सलियों का गुप्त गोदाम मिला। एसपी ने बताया कि पांच आईईडी, दो डेटोनेटर, जिलेटिन की 18छड़ें, चार-पांच किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट ईंधन तेल, दो प्रेशर कुकर, एक टिफिन बॉक्स और पांच स्टील कंटेनर जब्त किए गए।

# मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त बीएचओ को दिया नियुक्ति पत्र

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों (ब्लॉक हॉर्टिकल्चरस ऑफिसर) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और शुभारंभ किया। दरअसल, चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत कृषि को लाभकारी बनाने के लिए राज्य में बागवानी योजनाएं संचालित की

**कृषि विभाग की कई योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है। कृषि भवन परिसर से मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2025 का शुभारंभ भी किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ महाभियान-2025 से संबंधित 20 प्रचार वाहन तथा बीज वाहन को हरी झंडी दिखाकर राज्य के विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के



दौरान मुख्यमंत्री ने 144.72 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर शुभारंभ किया। तृतीय कृषि रोड मैप (2017-22) के तहत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिए आरा (भोजपुर) में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की गयी है। वर्ष 2021-22 से इसका संचालन कृषि महाविद्यालय, बक्सर के परिसर में किया जा रहा है। इसके लिए भोजपुर जिला में 16 एकड़ जमीन चिन्हित कर भवन निर्माण विभाग द्वारा भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें प्रशासनिक भवन, क्लास रूम, पुस्तकालय, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, कृषि यंत्रों के लिए कार्यशाला और आवासीय परिसर का प्रावधान किया गया है। इस महाविद्यालय में बीटेक (एग्री इजीनियरिंग) में प्रत्येक वर्ष 60 छात्रों का नामांकन किया जायेगा। भोजपुर के हसनपुर में स्थापित हो रहे कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि अभियंत्रण की उच्च शिक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने 55.26 करोड़ रुपये लागत की 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का शिलान्यास भी किया। इसके निर्माण से अनुमंडल स्तर पर कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएगी।

### हमारा उद्देश्य है किसानों की तरक्की और समृद्धि: सीएम

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि हम लोगों का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तरक्की करना और किसानों को समृद्ध बनाना है। कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छत पर सोलर प्लेट लगाएं, जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा और कृषि भवन की जरूरतें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि हम लोग शुरू से किसानों के हित में काम कर रहे हैं। चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं, जिससे फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।**

# आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर गूंगी-बहरी हो जाती है झारखंड सरकार : चंपाई सोरेन

यशोभूमि/एजेंसी

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कानून-व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार को पूरी तरह से विफल बताते हुए उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाये है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर गूंगी-बहरी हो जाती है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व की लड़ाई में स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या की पहचान कर उन्हें

**आदिवासियों-मूलवासियों का मार रहे है हक**

होल्डिंग सेंटर भेजने का निर्देश राज्य सरकार को देने के लिए प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या की पहचान के लिए राज्य सरकार को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसके तहत हर जिले में इन अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाएगी। इस से घुसपैठियों को पहचानना तथा उन्हें डिपोर्ट करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब हाई कोर्ट ने इन घुसपैठियों की पहचान के लिए कमिटी बनाने का आदेश दिया था,



तो झारखंड सरकार उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। इस बार उनके पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है, तो उम्मीद है कि इस राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों का हक मार रहे, इन लाखों घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी। सोरेन रांची में अपने आवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए उन्होंने पूछा कि क्या वोट बैंक के लिए सरकार रेपिस्ट को इनाम देगी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का अधिकार हर किसी को है और ऐसे अपराधियों से किसी को भी सहानुभूति नहीं होनी चाहिए, लेकिन झारखंड के एक मंत्री ने जिस प्रकार उस रेपिस्ट को विक्टिम साबित करने की कोशिश करते हुए उसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक लाख, मुख्यमंत्री की ओर से एक लाख तथा सरकार की सहायता राशि एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने की घोषणा की, वह शर्मनाक है। उन्होंने पूछा कि क्या इससे रेपिस्टों को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा। क्या हमारी बेटियां अब ज्यादा असुरक्षित नहीं हो जायेंगी। क्या यही दिन देखने के लिए अलग झारखंड राज्य बनाया गया था। आदिवासियों की पहचान उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं, भाषा और जीवनशैली में निहित है। हम पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा करने वाले लोग हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक, हमारे जीवन के सभी संस्कारों को पाहन, पड़हा राजा, मानकी मुंडा एवं मांझी परगना पूरा करवाते हैं, जबकि धर्म परिवर्तन के बाद वे लोग इसके लिए चर्च में जाते हैं।

## दुर्घटना में दो की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। पहली घटना में शीतलपुर गांव निवासी विशाल दास का 38 वर्षीय व दूसरी घटना में कोइलाबेलवा के बागरा निवासी हरेश महतो का 19 वर्षीय की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पहली घटना शीतलपुर मवेशी मेला के समीप की, जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उमेश दास की मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना भी अज्ञात वाहन से ही हुई जिसमे रामनाथ महतो की मौत हो गई। उक्त जानकारी देते इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों घटना को लेकर अग्रतर कारवाई की जा रही है। वही घटना के बाद दोनों मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

यशोभूमि/भाषा

**कटिहार।** कटिहार में रविवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला और उसकी दो साल की बेटी की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि एक तेज गति से गुजर रहे ट्रक ने एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ऑटोरिक्शा में सवार एक महिला शिक्षिका और उसकी दो साल की बेटी की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान सिपल कुमारी (महिला शिक्षिका) और उनकी बेटी के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में सिपल कुमारी की मां, दो पुरुष शिक्षक और ऑटोरिक्शा चालक शामिल है। कटिहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वैभव शर्मा ने कहा कि यह घटना रविवार दोपहर प्राणपुर पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत कुसियारी मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुई। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार, एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने ऑटोरिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला शिक्षिका और उसकी बेटी को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक महिला शिक्षिका की मां और ऑटोरिक्शा चालक समेत चार घायलों का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से भाग गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और एक मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की जांच की जा रही है।

**चार अन्य हुए घायल**

## हादसे में तीन युवकों की मौत

यशोभूमि/भाषा

**सिमडेगा।** जिले में रविवार शाम मोटरसाइकिल के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना कोलेबिरा-बरवाडीह मार्ग पर उस समय हुई, जब चार युवक मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि भारी बारिश की आशंका को देखते हुए वे जल्दबाजी में बाइक चला रहे थे और इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

## दुर्घटना में एक बच्ची की मौत, सात घायल

यशोभूमि/एजेंसी

**लोहरदगा।** शादी समारोह से लौट रही बाराती गाड़ी सेन्हा कब्रिस्तान के समीप सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गयी। इसमें एक बच्ची की इलाज के क्रम में मौत हो गयी, जबकि सात लोग घायल हो गये। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा कब्रिस्तान के समीप मध्यरात्रि की है।



स्कार्पियो बारात से लौट रही थी। चालक की आंख लगने के कारण सड़क दुर्घटना हुई। बताया जाता है कि पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो से शादी समारोह से बराती लौट रहे थे। इसी क्रम में सेन्हा कब्रिस्तान के समीप एन एच 143 ए पथ के किनारे स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर विशाल बरगद पेड़ में जा टकरायी, जिससे गाड़ी में सवार महिला पुरुष और बच्चे घायल हो गये। सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल को रिम्स रांची रेफर किया गया, जबकि इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। वही घायल और मृतक का पहचान निगनी निवासी शंकर साहू उर्फ मास्टर का पुत्र एवं बहु सहित परिवार का अन्य सात लोग के रूप में किया गया, जबकि एक बच्ची की मौत इलाज के दौरान हो गई जिसका पहचान दूल्हे के फुफेरी बहन पालकोट डहु डांड निवासी के रूप में किया गया।

## पत्नी ने पति की मौत का लिया खौफनाक बदला

यशोभूमि/एजेंसी

**बोकारो।** बोकारो के बारीडीह जंगल में एक युवक की कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित महिला ने पति की रहस्यमय मौत का बदला लेने के लिए तीन लाख रुपये की सुपारी देकर इस वारदात को अंजाम दिलवाया। पुलिस की एसआईटी ने 72 घंटे में केस सुलझाकर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया और हथियार, कारतूस, मोबाइल एवं स्कूटी बरामद की। यह साजिश छह महीने से रची जा रही थी। मामला अपराध, अंधविश्वास और बदले की कहानी को उजागर करता है।



बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह जंगल में 14/15 मई की रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हेमलाल पंडित के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक बोकारो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम का गठन किया और स्वयं उसकी निगरानी की। तकनीकी साक्ष्य, एफएसएल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर महज 72 घंटे में इस हत्या का खुलासा कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपित चंपा देवी को शक था कि उसके पति खगेश्वर पंडित की मौत में हेमलाल पंडित का हाथ था। बदला लेने के लिए उसने अपने मित्र प्रकाश सिंह के जरिए धनबाद के शूटरों से संपर्क किया और हत्या का साजिश रची।

**चार गिरफ्तार**

## प्रेम-प्रसंग में पत्नी ने की पति की हत्या, दो गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**दुमका।** अज्ञात युवक के शव बरामद मामले का उद्भेदन करते हुए जामा पुलिस हत्या के आरोप में कथित प्रेमी और पत्नी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस बावत थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि बीते 16 मई को विलिवर्स ईस्टर्न चर्च कुरमन के परिसर में एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। पोस्टमार्टम के बाद दूसरे दिन थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव के मृतक का भाई रसिलाल मुर्मू ने शव की पहचान 25 वर्षीय रविंद्र मुर्मू के रूप में की थी। अनुसंधान के दौरान मृतक का भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक भाई की पत्नी रासमुनि हेम्ब्रम का प्रेम प्रसंग जामा थाना क्षेत्र के फाड़ासिमल गांव के राजीव मुर्मू के साथ चल रहा है। उसने आशंका जाहिर किया कि दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या कर दिया है। साथ ही उसकी भाभी बीते छह मई को ही अपने दोनों बच्चा को छोड़कर घर से फरार है। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराकर एसपी ने एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए रविवार को फाड़ासिमल गांव से दोनों प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के कड़ाई से पूछने पर दोनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का अपराध स्वीकार किया है।



# पाकिस्तान विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आतंकवादी देश

यशोभूमि/भाषा

**बेगूसराय।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में बिहार के बेगूसराय में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। इसका नेतृत्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया।

तिरंगा यात्रा हर-हर महादेव चौक से निकलकर टेढ़ीनाथ मंदिर स्थित शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, महिला संगठन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे, 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए और देशभक्ति के नारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक इरादों को कुचलकर उसकी सैन्य ताकत को ध्वस्त किया और आतंकवादियों का सफाया किया। यह न केवल सैन्य सफलता, बल्कि देश की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का प्रतीक है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों का जवाब देश की सेना ने शौर्य के बल पर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने पाकिस्तान को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आतंकवादी देश करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान आज पूरी दुनिया द्वारा मान्यता प्राप्त आतंकवादी देश बन चुका है। भारतीय सेना के साहस ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि इस आतंकवादी देश की तबाही और विनाश को कोई नहीं रोक सकता। हालांकि, पाकिस्तान का समर्थन करने वाले किसी भी देश के प्रति लोगों में स्वाभाविक रूप से गुस्सा है। कोई भी देश, चाहे वह दुश्मन हो या दुश्मन का समर्थक, कभी भी भारत के हित में नहीं हो सकता, चाहे वह तुर्की हो या कोई और। भारतीय सेना का साहस दुनिया को दिखा चुका है कि पाकिस्तान की तबाही अब अपरिहार्य है। भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को साफ संदेश दिया है कि आज का भारत 1962 का भारत नहीं है। यह 2025 का भारत है, 140 करोड़ लोगों और नरेंद्र मोदी का भारत है, जो आतंकवादियों को उनके ठिकानों पर जाकर सबक सिखा सकता है। कांग्रेस हर मुद्दे पर राजनीति करती है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई अब और मजबूत हो चुकी है। पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि अगर उसने फिर से निहत्थे लोगों पर हमला किया, तो इसे युद्ध माना जाएगा। उसका अंत अब नजदीक है। भारत अब आतंकवाद के खिलाफ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

**भारतीय सेना ने किया आतंकवादियों का सफाया**




यशोभूमि CLASSIFIED
क्लासीफाइड के लिए संपर्क – 8108110772 / 77208 98111
क्लासीफाइड के लिए ई-मेल आयडी adambika@gmail.com

विज्ञापन छोटा प्रतिफल बड़ा

**चाहिए**

कांदिवली (ई) हाईवे के पास, औरबोरीवली के लिए , गार्ड सुपरवाइझर भर्ती, वेतन 15000/ - 12 घंटा. संपर्क - 9324254338/8169833371 MUM2025D.4602606198

बँक के रिकव्हरी के लिए लड़के और टेलिकॉलर चाहिए विजय : 9930443090 MUM2025S.5502604877

G 21 GROUP में भर्ती शुरू है
अंधेरी पश्चिम, गोरेगांव पूर्व, चेंबूर पश्चिम पद के लिए आवश्यकताएँ:
सिक्युरिटी गार्ड : सिक्युरिटी सुपरवायझर
पगार: 20,000/- समय 12 घंटे
हाऊसकीपिंग स्टाफ
पगार: Rs.22,000/- समय 12 घंटे
- संपर्क करे -
9320644023 / 7977524556 / 7258029683
MUM2025S.5502606723

बर्तन और होम अप्लायन्सेस के दुकान में सेल्समेन और हेल्पर चाहिए. किचन पॅलेस, कबुतरखाना, दादर (पश्चिम) मो : 9819860004 MUM2025S.5502604844

वायरमन, हेल्पर चाहिए। घाटकोपर से आसनगाव 9172807896/8369100448 MUM2025D.4602606573

टुरिस्ट ड्राईवर चाहिए 25 से 30 हजार महिने PF, ESIC बोनस, छुट्टी है थाने पुने मे 77 56058872 MUM2025D.4602606591

चाहिए सिक्योरिटी गार्ड (विरार - सफाले) रहने खाने की सुविधा पगार - 14000 - 16000, 7977729903 MUM2025D.4602606230

पेन पेंसिल कंपनी-शिक्षित, बेरोजगार, मुले-मुली, महिलाएँ, पुरुष घरबैठे पेंसिल पेकिंग करके 23500-64500 महिना कमाये-9034410425 NAG2025R.702606644

वसई (पूर्व) में सिक्युरीटी गार्डस सिक्युरीटी राऊंडर ड्रायव्हर चाहिए रहने और खाने की सुविधा 9867655027 MUM2025S.5502605148

अंधेरी पूर्व के लिए हेल्पर्स चाहिए नाईट डयुटी 8 घंटे पगार रोज 450/ - संपर्क: 9326401643/ 9892258636 MUM2025D.4602606569

ROTO GRAVURE ASSISTANT ऑपरेटर चाहिए। कलर पॅक्स प्रा. लि. घोडबंदर बस डेपो के सामने, घोडबंदर गाव रोड, काशिमीरा 9321598918 MUM2025D.4602604701

मालाड (वेस्ट) मे ऑफिस काम के लिए प्युन कि आवश्यकता है SSC/ HSC पास. उम्र 18 से 30 संपर्क : 8828535353/022 - 48010868 MUM2025D.4602606582

सेफ सेक्युरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए। रहने - खाने की सुविधा। 9967766651 MUM2025B.2102598422

एयरपोर्ट Jobs अनपढ - ग्रॅज्युएट सुपरवाईजर, ड्राईवर, लोडर, गार्ड, क्लर्क 23500 - 75500 रहना + खाना फ्री 7428070109 OT02025D.4602605480

बिस्लेरी बॉटल डिलिव्हरी के लिए टेम्पो ड्रायव्हर चाहिए, प्रभादेवी। संपर्क के लिए मोबाईल नंबर - 9892307267/7666255660 MUM2025D.4602605769

**शिक्षासंबंधी**

हमखास पास की हमी खर्डीकर क्लासेस. ७ वी नापास? डायरेक्ट १० वी. ११वी नापास? डायरेक्ट १२ वी. डोंबिवली: 9152110338/ 9820904646 MUM2025S.5502604273

**व्यवसाय**

घरबेठे द्रोण पेपरडीश बनाए। महिना 30 ते 35 हजार दो साल का अग्रीमेंट - 9028160157 MUM2025D.4602603862

पुण्यनगरी | मुंबई चौफेर | यशोभूमि | ಕರ್ನಾಟಕ
विज्ञापन अब, बड़े आकार में बड़ा अवसर
संपर्क- 8108110772
MUM2025D.4602605444

**कर्ज**

**पाठकों हेतु नियम सूचना**

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
AUR2025SA002592704

**ज्योतिष**

मुफ्त सलाह, वशीकरण स्पेशालिस्ट, शत्रुनाश, पती - पत्नी मतभेद, प्यार में धोका, प्रेमविवाह, किसी भी समस्या का हल घरतक मिलेगा। 8655092655, 8655095105 MUM2025B.2102595817

मुफ्त सलाह, वशीकरण स्पेशालिस्ट, शत्रुनाश, पती - पत्नी मतभेद, प्यार में धोका, प्रेमविवाह, किसी भी समस्या का हल घरतक मिलेगा। 8655092655, 8655095105 MUM2025D.4602606279

!! ज्योतिष कार्यालय !! प्रेम समस्या तज्ञ, वशीकरण यंत्र, संपर्क : 8355891146 MUM2025B.2102600796

माया ज्योतिष प्यारमें धोखा, मनचाहा प्यार, तलाक, स्ट्राँग मोहिनी वशीकरण स्पेशलिस्ट, अंधेरी : 7728887743 MUM2025B.2102599189

**पाठकों को सूचना**

**विशेष सूचना**

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
– प्रबंधक
AUR2025SA002592718

पुण्यनगरी | मुंबई चौफेर | यशोभूमि | ಕರ್ನಾಟಕ
Classified Agencies
दै. पुण्यनगरी, दै. मुंबई चौफेर (मराठी), दै. यशोभूमी (हिंदी) एवं दै. कर्नाटक मल्ला (कन्नड) में क्लासिफाईड विज्ञापन करने के लिए अपने पास के क्लासिफाईड विज्ञापन एजेंसी से संपर्क करें या हमारे कार्यालय से निम्न क्रमांकों पर संपर्क करें – 8108110772

ठाणे, नवी मुंबई विभाग

| एजन्सी नाव | ठिकाण | संपर्क क्र. |
|---|---|---|
| मिलेनियम ॲडव्हर्टायजिंग एजन्सी | ठाणे | 7506284829 |
| युनिक पब्लिसिटी | ठाणे (प.) | 022- 2539 3894/ 6674 3004/ |
| शिरीन ॲडव्हर्टायजिंग | ठाणे | 8898037137 |
| रुद्रया ॲड्स | ठाणे (प.) | 7738352227 |
| स्वाती ॲडव्हर्टायझर्स | ठाणे (प.) | 9820786203 |
| मंगल ॲडव्हर्टायजिंग | ठाणे | 8828449321 |
| तृप्ती ॲडव्हर्टायजिंग | डोंबिवली (पू.) | 9618719504 |
| डायमेंशन ॲडव्हर्टायजिंग | डोंबिवली | 8828336437/ 9322597885 |
| समर्थ ॲडव्हर्टायजिंग | कल्याण (प.) | 9870043678 |
| बुधकर पब्लिसिटी प्रा. लि. | कल्याण (प.) | 9833632523 / 9833678298 |
| वेदांत ॲडव्हर्टायजिंग | कल्याण | 9820861978 |
| मुक्ती ॲड्स ॲंड प्रिंटींग | कल्याण (पू.) | 9820281705, 9820704155 |
| शाईन ॲडव्हर्टायजिंग | बदलापूर | 9370576910/91 72498 88992 |
| पुर्णय कम्युनिकेशन | वाशी | 9820 722 856/9223 345 999 |
| राहुल ॲडव्हर्टायजिंग | वाशी | 8655989998 |
| प्लाझ्मा ॲड्स | पनवेल | 9920963834 |
| सिबा ॲड्स ॲंड कम्युनिकेशन | वाशी | 022- 27892555 / 61372555. |
| एमएस ॲडव्हर्टायजिंग मिडिया | भाईंदर (पू.) | 9821175576 |
| व्ही. के. ॲडव्हर्टायजिंग | वसई रोड (प.) | 8793574703 / 8766561293 |
| समर्थ व्हिजन ॲडव्हर्टायजिंग | वसई रोड (पू.) | 9819981077 |
| सुगो ॲडव्हर्टायजिंग | वसई रोड (प.) | 7756982329 |
| आकार पब्लिसिटी | विरार | 8768110020 |
| मयुरेश पब्लिसिटी | विरार (प.) | 7558774879/ 9665811105 |

दैनिक यशोभूमि

नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई | मंगलवार, 20 मई 2025 | पेज 12

2nd Front Page

## तनाव के बाद खुले स्कूल

**यशोभूमि/एजेंसी (राजौरी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों हुए जबरदस्त तनाव ने जम्मू-कश्मीर की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया था। छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया था। स्थिति अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है और इस वजह से स्कूल भी खुलने लगे हैं। राजौरी सहित पूरे क्षेत्र के स्कूल खुल गए हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे राजौरी जिले के स्कूल 12 दिन बाद खुले। स्कूल खुलने की खुशी छात्रों के चेहरे पर साफ दिखायी दे रही थी।

## पाक के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर

**यशोभूमि/एजेंसी (नई दिल्ली)।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों सहित नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने की आशंकाएं थीं, जिनमें अमृतसर का स्वर्ण मंदिर सबसे प्रमुख था। भारतीय सेना ने सोमवार को पंजाब के अमृतसर में एक डेमो दिखाया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित अन्य हथियारों के जरिए सेना के हवाई रक्षा गनर्स ने पाकिस्तान की सेना के नापाक इरादों को विफल करके स्वर्ण मंदिर पर लक्षित सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया।

# किसानों को सस्ती दर पर सरलता से मिले ऋण : योगी



**यशोभूमि/एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना' प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने

- मुख्यमंत्री ने मांगी विस्तृत कार्ययोजना
- सीएम ने बताया किसान हितैषी पहल

के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने दूरदर्शी और किसान-हितैषी पहल बताया। उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ-साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध हो। इसके लिए सहकारी बैंकों की ऋण वितरण क्षमता को बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और किसानों तक ऋण की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र की समग्र समीक्षा करते हुए सहकारी संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि, पारदर्शिता और दक्षता को सहकारिता क्षेत्र की प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए।

### योगी आदित्यनाथ ने शमी से की मुलाकात



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने आवास पर भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज मोहम्मद शमी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर शमी के साथ तस्वीर भी साझा की।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए तकनीक, ऋण और विपणन तक किसानों की पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से प्रदेश के किसानों को समृद्ध और सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिसके लिए नीतिगत सुधारों के क्रम सतत जारी रखा जाए। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### किया जा रहा है कंप्यूटरीकरण

एम-पैक्स समितियों की व्यावसायिक गतिविधियों में भागीदारी पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इन्हें पीडीएस, जन औषधि, सीएससी, पीएम किसान सम्मान केंद्र और एमएसपी जैसी गतिविधियों से जोड़ा गया है। कंप्यूटरीकरण की प्रगति के तहत प्रथम चरण में 1,539, द्वितीय चरण में 1,523 और तृतीय चरण में 2,624 एम-पैक्स समितियों का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है।

## बाइडेन के स्वास्थ्य पर मोदी ने जताई चिंता

**यशोभूमि/एजेंसी**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त की है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर हुआ है, इसकी जानकारी खुद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने दी। डॉक्टरों के मुताबिक यह तेजी से फैलने वाली बीमारी है।

**जल्द ठीक होने की कामना की**

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जो बाइडेन के स्वास्थ्य के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हूं। वह शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ हों, इसके लिए



हमारी शुभकामनाएं। हमारी संवेदनाएं डॉ. जिल बाइडेन और उनके परिवार के साथ हैं।' जो बाइडेन के कार्यालय ने एक बयान में बताया, पिछले हफ्ते पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन को यूरीन से जुड़ी कुछ समस्याएं बढ़ गई थीं। जांच में उनके प्रोस्टेट में एक गांठ पाई गई। शुक्रवार को उनके प्रोस्टेट कैंसर की पुष्टि हुई। यह कैंसर हड्डियों तक फैल चुका है और इसे काफी गंभीर माना जा रहा है। हालांकि यह बीमारी तेजी से फैलने वाली है, लेकिन अच्छी बात यह है कि यह हार्मोन पर असर करने वाली किस्म की है, जिससे इसका इलाज संभव है।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकटों से हराया

**यशोभूमि/एजेंसी**

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराया। इसके साथ ही लखनऊ की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। सनराइजर्स हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी

- लखनऊ आईपीएल प्लेऑफ रेस से बाहर

की बदौलत 6 विकेट से मैच अपने नाम किया। इसके साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पांचवीं टीम बन गई है। गुजरात, पंजाब और बेंगलुरु की टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

इससे पहले मिशेल मार्श और एडेन मारक्रम की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को सात विकेट पर 205 रन तक पहुंचा दिया। मार्श ने 39 गेंद की पारी में छह चौके और चार छक्के की मदद से 65 जबकि मारक्रम ने 38 गेंद में 61 रन की पारी में चार छक्के और इतने ही चौके जड़े। दोनों की आक्रामक पारी से एलएसजी ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 69 रन बना लिये। मार्श ने अपने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर शुरुआत की, जबकि मारक्रम ने पारी के दूसरे ओवर में पदार्पण कर रहे वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे के खिलाफ स्ट्रेट में बाउंड्री लगाई। कमिंस ने रणजी ट्रॉफी में रिकॉर्ड विकेट लेने वाले दुबे को जल्द ही गेंद थमा दी और एलएसजी के सलामी बल्लेबाजों ने इस नये खिलाड़ी को निशाना बनाने की पूरी कोशिश की। मार्श ने उनके पहले ओवर की दूसरी गेंद पर लांग ऑन की तरफ छक्का जड़ा जबकि मारक्रम ने इस गेंदबाज के दूसरे ओवर में अपनी पारी का पहला छक्का लगाया। पारी के इस चौथे ओवर में मारक्रम को स्टंप करने का मुश्किल मौका इशान किशन ने गंवा दिया। उन्हें नौवें ओवर में पारी का दूसरा जीवनदान मिला जब अनिकेत वर्मा ने जीशान अंसारी की गेंद पर उनका कैच टपका दिया। उन्होंने इसका जश्न दुबे के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन इस 22 साल के गेंदबाज ने मार्श को आउट कर इस लीग की पहली सफलता हासिल की। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए कप्तान ऋषभ पंत का खराब लय जारी रहा। वह सात रन बनाकर मलिंगा की गेंद पर रिटर्न कैच दे एलएसजी की टीम इसके बाद 11वें से 15वें ओवर तक दो विकेट के नुकसान पर 38 रन ही बना सकी। निकोलन पूरन ने 26 गेंद में 45 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया लेकिन वह सहजता से छक्के लगाने में संघर्ष करते दिखे। मौजूदा सत्र में पहली बार गेंदबाजी कर रहे नीतिश रेड्डी ने आखिरी ओवर में 20 रन खर्च किये। आकाश दीप ने अपनी पहली और पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर एलएसजी के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा दिया।



# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हिसार।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर 1.31 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। हिसार पुलिस ने 17 मई को ज्योति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

**महिला को भेजा गया पांच दिन की रिमांड पर**

हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को मीडिया को बताया था कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंट सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भर्ती कर अपने प्रचार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर ज्योति को न्यू अग्रसेन कॉलोनी, हिसार से गिरफ्तार किया गया। ज्योति कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन की यात्रा कर चुकी है। वह पाकिस्तानी ऑपरेटिव के संपर्क में थी। पुलिस के अनुसार, ज्योति का यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो 3.77 लाख सब्सक्राइबर्स के साथ लोकप्रिय है और इंस्टाग्राम पर उसके 1.31 लाख फॉलोअर्स हैं। जांच में पता चला कि उसने 2023 में कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त कर पाकिस्तान की यात्रा की थी।



# बलूचिस्तान में लोगों को बलपूर्वक गायब कर रहा पाकिस्तान

**यशोभूमि/एजेंसी**

**क्वेटा।** पाकिस्तान सरकार द्वारा बलूचिस्तान क्षेत्र से लोगों को जबरन गायब करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। एक मानवाधिकार संस्था ने पाकिस्तान के इस कृत्य को मानवता के विरुद्ध अपराध बताया है।

बलूच नेशनल मूवमेंट के मानवाधिकार विभाग, पांक ने सोमवार को खुलासा किया कि, पाकिस्तानी सेना ने सात और बलूचों को जबरन गायब कर दिया है। रविवार को, मस्तुंग के किल्ली शेखान इलाके के निवासी वजीर खान के बेटे वकास बलूच को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने जबरन हिरासत में लिया और उसके घर से ले गए। मई महीने में ऐसी घटना कई बार हो चुकी है। अन्य पीड़ितों का खुलासा करते हुए पांक ने कहा, 18 मई, 2025 को, पाकिस्तानी सेना ने ग्वादर जिले के पसनी तहसील के जिमुरी इलाके के निवासी इज्जत बलूच के बेटे नवीद बलूच को, मस्तुंग के किल्ली शादी खान इलाके के निवासी सालेह मुहम्मद शाद के बेटे एडवोकेट चीफ अत्ताउल्लाह बलूच को जबरन उसके घर से हिरासत में लिया और फिर गायब कर दिया। 16 मई को पाकिस्तानी अधिकारियों ने बरपी के बेटे शाह नवाज बलूच को उसके पिता के साथ मिलिटरी कैंप नाली बुलाया था, जो अवारन जिले के मश्कई तहसील के लकी इलाके में रहता था।

**'पांक' ने की आलोचना**



### कानून के तहत ठहराया जाना चाहिए जवाबदेह

जबरन गायब करने की प्रथा को मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, और अपराधियों को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पांक ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, जिनमें जबरन या अनैच्छिक गायब किए जाने पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह और व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय शामिल है, से आग्रह किया था कि वे पाकिस्तान पर दबाव डालें और जबरन गायब किए गए सभी व्यक्तियों को तुरंत रिहा करे और बलूचिस्तान में अपनी दमनकारी नीतियों को समाप्त करे।

## जयशंकर की चुप्पी है निंदनीय : राहुल

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पूछा कि पाकिस्तान को हमले से पहले सूचना क्यों दी गई? उन्होंने इसे 'अपराध' बताया और सवाल किया कि इस कारण कितने भारतीय विमान नष्ट हुए? राहुल गांधी ने दो दिन पहले यानी शनिवार को भी एक्स पोस्ट के माध्यम से सवाल खड़े किए किए थे और विदेश मंत्री के बयान को आधार बनाते हुए सवाल पूछे थे। राहुल ने सोमवार को कहा, जयशंकर की चुप्पी निंदनीय है।

### संक्षिप्त समाचार

#### मोटरसाइकिलें आपस में टकराईं, दो की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**बांदा।** नरैनी थाना क्षेत्र के करतल रोड पर सोमवार सुबह सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। गिरवां थाना क्षेत्र के ग्राम शेखन पुरवा निवासी रोहित (20) अपने साथियों के साथ बाइक से नरैनी की ओर आ रहा था। उसी दौरान, नरैनी कस्बा निवासी अमर सिंह (25) बाइक से करतल की ओर जा रहा था। दोनों मोटरसाइकिलें अत्यधिक तेज रफ्तार में थीं और करतल रोड पर आमने-सामने से टकरा गईं।

#### नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**लखनऊ।** लखनऊ में ठाकुरगंज के रहने वाले हमजा, एजाज और शमी एक साथ गोमती नदी में नहाने गये थे। घैला पुल के नीचे नहाते वक्त तीनों डूबने लगे। स्थानीय लोगों और मड़ियांव पुलिस ने तीनों युवकों को बाहर निकाला और ट्रामा सेंटर भेजा। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को मड़ियांव के उपनिरीक्षक अमित साहु ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

## हाई कोर्ट से रिटायर्ड जजों को मिलेगा 'वन रैंक, वन पेंशन'

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाई कोर्ट के रिटायर्ड जजों की पेंशन को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से रिटायर्ड जजों के लिए 'वन रैंक, वन पेंशन' के आदेश दिए हैं। सीजेआई जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। सीजेआई जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने अपने फैसले में कहा, चाहे उनकी प्रारंभिक नियुक्ति का स्रोत कोई भी हो, चाहे वह जिला न्यायपालिका से हो या वकीलों में से हो, उन्हें प्रति वर्ष न्यूनतम 13.65 लाख रुपए पेंशन दी जानी चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हम मानते हैं कि एडिशनल जजों के परिवार के सदस्यों को भी वे सभी लाभ मिलेंगे, जो हाई कोर्ट के जजों के परिवारों को मिलते हैं।

# बारिश से पानी-पानी हुआ बेंगलुरु, कई जगहों पर जलभराव

**यशोभूमि/एजेंसी**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष ने बारिश के बाद बेंगलुरु शहर में कई जगहों पर जलभराव होने से दिक्कतों को लेकर सोमवार को

- लगातार बारिश से हूं चिंतित : शिवकुमार

राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि बुनियादी अवसंरचना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद भी नतीजा शून्य है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं बेंगलुरु के प्रभारी डी. के. शिवकुमार ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं और स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं मल्लेश्वरम से विधायक सी. एन. अश्वथ नारायण ने शिवकुमार की आलोचना करते हुए कहा, करोड़ों रुपये खर्च और परिणाम शून्य। अश्वथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, कल रात की बारिश ने बेंगलुरु की बुनियादी अवसंरचना को उजागर नहीं किया बल्कि बारिश ने डी. के. शिवकुमार के पिछले दो वर्षों के कुछ भी नहीं करने के रिकॉर्ड को उजागर किया है। शिवकुमार ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि वह बेंगलुरु में लगातार बारिश के कारण हुई दिक्कतों से बेहद चिंतित हैं। उन्होंने कहा, मैं संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हूं और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा हूं। हमेशा की तरह मैं बेंगलुरु के लिए प्रतिबद्ध हूं - चुनौतियों का समाधान करने और राहत सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहा हूं। मैं जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से वृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) 'वार रूम' और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करूंगा।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने इस पर सहमति जतायी कि बेंगलुरू के सामने जो समस्याएं हैं, वे नयी नहीं हैं। उन्होंने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, हमें स्पष्ट होना चाहिए: आज हम जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, वे नए नहीं हैं। सरकारों और प्रशासनों द्वारा वर्षों से उन्हें नजरअंदाज किया गया है।



### श्वेतपत्र जारी करे राज्य सरकार

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के महासचिव और करकला विधायक सुनील कुमार करकला ने 'एक्स' पर सरकार को चुनौती दी थी कि वह एक श्वेतपत्र जारी करे कि पिछले दो वर्षों में बेंगलुरु की बुनियादी अवसंरचना पर वास्तव में कितना खर्च किया गया है। उन्होंने कहा, एक बार सिल्क बोर्ड आइए - आपको अपना वास्तविक योगदान पता चल जाएगा।